* ओड़िशा संस्करण


www.epaper.azadsipahi.com

05 सितंबर, 2022
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 07, अंक 316

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




**सियासत : विस में आज बड़ा दांव खेलेंगे हेमंत**

# विपक्ष अपनी षड्यंत्रकारी नीतियों में खुद फंस जायेगा : मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सियासी उठापटक के बीच रायपुर से छह दिन बाद रविवार को महागठबंधन के सभी विधायक रांची पहुंच गये। विधायकों की एयरपोर्ट में आगवानी के लिए राज्य सरकार के दो मंत्री सत्यानंद भोक्ता और मिथिलेश ठाकुर पहुंचे थे। विधायकों को एयरपोर्ट से लाने के लिए तीन बसें भी पहुंची थीं। इन विधायकों को स्टेट गेस्ट हाउस और स्टेट सर्किट हाउस में रखा गया है। यहां से सभी विधायक विधानसभा के विशेष सत्र में शामिल होने के लिए निकलेंगे।



## भाजपा अपने ही ट्रैप में फंस गयी

हेमंत सोरेन ने एक बार फिर से विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी षड्यंत्रकारी नीतियों में खुद ही फंस जायेगा। उन्होंने कहा कि सत्र शुरू होने में कुछ घंटे बाकी हैं। सत्र के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा। सीएम ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खनन लीज मामले में चुनाव आयोग की चिट्ठी मिलने के 10 दिन बाद भी राज्यपाल का कोई आदेश नहीं आया है, लेकिन राज्य की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। सोमवार को विधानसभा का एक दिन का सत्र बुलाया गया है। इसमें सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। सभी की नजरें विशेष सत्र और राजभवन पर टिकी हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और झामुमो के मुख्य सचेतक नलिन सोरेन ने कहा कि सभी विधायक सत्र में शामिल होंगे। साथ ही यह भी जोड़ा कि कोलकाता कैश कांड में फंसे तीनों विधायकों को पार्टी की ओर से सूचना नहीं दी गयी है।

## दिल्ली से नहीं लौटे गवर्नर, असमंजस बरकरार

राज्यपाल रमेश बैस रविवार को भी दिल्ली से नहीं लौटे। वे शुक्रवार को दिल्ली गये थे। राजभवन ने बताया था कि वे स्वास्थ्य जांच के लिए गये है। उनके शनिवार को ही लौटने की संभावना जतायी गयी थी। इससे राज्य में ऊहापोह की स्थिति बढ़ गयी है। राज्यपाल का कोई फैसला नहीं आने के कारण भाजपा में भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पहले बार-बार बयान जारी करनेवाले नेता भी अब इस मामले में चुप्पी साध गये हैं।

**दुर्घटना : मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर डिवाइडर से टकरायी मर्सिडीज**

# टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर मुंबई से सटे पालघर में यह हादसा हुआ। वे गुजरात के उदवाड़ा में बने पारसी मंदिर से लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, 54 साल के मिस्त्री की मर्सिडीज कार कासा के पास चरोटी गांव में सूर्या नदी के पुल पर रोड डिवाइडर से टकरायी थी। टक्कर के बाद मर्सिडीज के एयरबैग भी खुले, लेकिन मिस्त्री समेत दो लोगों की मौत हो गयी। कार में कुल चार लोग सवार थे। मर्सिडीज के ड्राइवर ने कार से कंट्रोल खो दिया था। इसके बाद वह रोड डिवाइडर से टकरा गयी। पुलिस ने मर्सिडीज कार में सवार लोगों की डीटेल जारी की है। एक्सीडेंट में साइरस मिस्त्री के साथ जहांगीर दिनशा पंडोले की भी जान चली गयी है। वहीं, अनायता पंडोले (महिला) और उनके पति दरीयस पंडोले घायल हुए हैं। अनायता मुंबई में डॉक्टर हैं और कार वही ड्राइव कर रही थीं। उनके पति दरीयस मंडोल जेएम फाइनेंशियल के सीइओ हैं।

**मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर दोपहर साढ़े तीन बजे हुआ हादसा :** पालघर के एसपी बालासाहेब पाटिल ने बताया- मिस्त्री जिस कार में सवार थे, उसका नंबर एमएच-47-एबी-6705 है। एक्सीडेंट अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे अहमदाबाद से मुंबई के रास्ते में सूर्या नदी के पुल पर हुआ। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिये हैं।




## एन चंद्रशेखरन ने जताया शोक

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सायरस मिस्त्री को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि उन्हें जीवन के लिए एक जुनून था और यह वास्तव में दुखद है कि इतनी कम उम्र में उनका निधन हो गया। इस कठिन समय में उनके परिवार के लिए मेरी गहरी संवेदना और प्रार्थना है।

## मोदी ने जताया दुख



टाटा संस के पूर्व चेयरमैन सायरस मिस्त्री की मौत के बाद लोग उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताते हुए कहा कि साइरस मिस्त्री का असामयिक निधन स्तब्ध करने वाला है। वह एक होनहार व्यवसायी थे जो भारत की आर्थिक शक्ति में विश्वास करते थे। उनका निधन वाणिज्य और उद्योग जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। उसके परिवार तथा मित्रों के लिए संवेदनाएं। उनकी आत्मा को शांति मिले। इसके अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कारोबारी ननीन जिंदल, उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने भी शोक जताया है

# सहायक पुलिसकर्मियों ने सीएम हेमंत सोरेन का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को राज्यभर के सहायक पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री आवास पहुंच कर हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया। एक साल की सेवा अवधि विस्तार को लेकर हेमंत सोरेन का आभार जताते हुए पुलिसकर्मियों ने कहा कि वे लोग आभार जताने आये हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहायक पुलिसकर्मियों को भरोसा दिलाया है कि सरकार उन उपायों को तलाश रही है, जिससे भविष्य में इनकी सेवा अवधि बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पूरी तरह से आशान्वित है कि आनेवाले समय में सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा अवधि बेहतर होगी। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूर्व की सरकार ने राज्य के युवक-युवतियों को सहायक पुलिसकर्मियों से जोड़ा। लेकिन इनकी सेवा के लिए कोई नियम-कोई कानून नहीं बनाया। इससे कर्मियों के समक्ष भविष्य की चिंता बनी रही। भरोसा रखें, हमारी सरकार इनकी सेवा अवधि को बेहतर करेगी। इस दौरान पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर उपस्थित थे। बता दें कि बीते दिनों हुई कैबिनेट की बैठक में सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा अवधि विस्तार का निर्णय लिया गया था। अभिनंदन स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, सेवा अवधि समाप्त होते देख हमारी सरकार ने अभी विकल्प के रूप में एक साल तक समय अवधि को बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसा रास्ता निकालें, ताकि सहायक पुलिसकर्मियों की समय सीमा को बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़े। मुख्यमंत्री ने सहायक पुलिसकर्मियों से भी सेवा अवधि को लेकर सरकार को सुझाव देने का अनुरोध किया है।






# महंगाई के खिलाफ रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी की हल्ला बोल रैली

- रैली में झारखंड कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महंगाई के खिलाफ रविवार को राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी ने हल्ला बोल रैली की। रैली में झारखंड कांग्रेस के नेता और कार्यकताओं नें भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। झारखंड प्रदेश से कांग्रेस का नेतृत्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर और विधायक दल के नेता आलमगीर आलम संभाले। इससे पहले प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, राजेश ठाकुर और आलमगीर आलम सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शनिवार को ही झारखंड से दिल्ली पहुंच गये थे।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने चुप्पी साध ली है। आज हम लोग इस मुद्दे पर आंदोलन के जरिए केंद्र सरकार को जगाने का काम कर रहे है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा बंधु टिर्की जलेश्वर महतो शहजादा अनवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश, के एन त्रिपाठी, जिला संयोजक कालीचरण मुंडा, सदस्यता प्रभारी रामाश्रय प्रसाद, जवाहरलाल सिन्हा, मणिशंकर, जयशंकर पाठक, परमिंदर सिंह, कुमार राजा, आलोक दुबे, अजय दुबे, मोर्चा संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, डॉ राकेश किरण, सतीश पॉल मूंजनी, इश्वर आनंद, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, मानस सिन्हा, संजय लाल पासवान, कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, सुंदरी तिर्की, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शकील अख्तर, ओ बी सी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहू, सहकारिता विभाग के बबलू शुक्ला, खेल प्रकोष्ठ के अमरेंद्र सिंह, एनएसयूआइ के आमिर हाशमी, सोशल मीडिया के राज्य समन्वयक गजेंद्र सिंह, सेवादल मुख्य संगठक नेली नाथन, जिला अध्यक्ष बीपी सिंह सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।



आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,900 रु./10 ग्राम
चांदी 56,000 रु./प्रति किलो



हद है : कभी पेट्रोल से जला रहे हैं, तो कभी मारकर पेड़ से लटका दे रहे हैं

# आखिर झारखंड में नाबालिग बच्चियों को ही क्यों निशाना बना रहे

आजाद सिपाही विशेष

पिछले छह महीने में झारखंड और खासकर संथाल परगना में हैवानियत की जो भयावह तसवीरें सामने आयी हैं, वे रोंगटे खड़े कर देती हैं। एक सोची-समझी साजिश के तहत झारखंड में गरीब और नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाया जा रहा है। पहले उन्हें अपने प्रेम जाल में फांसने की साजिश रची जाती है और फिर उनके साथ जावनर से भी बदतर व्यवहार किया जा रहा है। इन घटनाओं को देखते हुए राह चलते लोग यह कहने लगे हैं कि झारखंड में नाबालिग लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं। पहले दुमका की अंकिता का खौफनाक मामला सामने आया, उसके बाद दुमका की ही एक नाबालिग आदिवासी बच्ची को पहले प्रेम जाल में फंसाया गया। उसे भगा कर ले जाया गया। पांच माह तक उसके साथ दुष्कर्म किया गया और जब वह गर्भवती हो गयी, तो रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या कर दी गयी और उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया गया। इन दोनों मामलों में मुस्लिम युवकों की हैवानियत सामने आयी हैं। ये दोनों घटनाएं सुनियोजित लगती हैं। इन नाबालिगों को टारगेट करनेवाले सामान्य युवक नहीं, बल्कि जिहादी हैं। जो एक साजिश के तहत सीधे-सादे और गरीब नाबालिग लड़कियों को निशाना बना रहे हैं। कहीं न कहीं इनके पीछे पीएफआइ कनेक्शन जुड़ा है। क्योंकि हाल में बिहार के फुलवारी शरीफ में पीएफआइ का जो दस्तावेज बिहार पुलिस के हाथ लगा था, उसमें लव जिहाद का भी जिक्र था। इस छापेमारी में झारखंड का सेवानिवृत्त दारोगा मो जलालुद्दीन खान संदिग्ध पाया गया था। आरोपी दारोगा पीएफआइ और एसडीपीआइ का सक्रिय सदस्य बताया जाता है। वह पीएफआइ एसडीपीआइ की बैठकों में भाग लेता था। पटना पुलिस ने आरोपी के घर से पीएफआइ का झंडा, पंपलेट, बुकलेट और कुछ गुप्त दस्तावेज बरामद किये थे। साफ है कि झारखंड भी आतंकी संगठनों के निशाने पर है और उसका एजेंडा लव जिहाद यहां बड़ी मात्रा में फल-फूल रहा है। उसके इस एजेंडे को अंजाम दे रहे हैं लव जिहाद के स्लीपर सेल्स। दो नाबालिग लड़कियों की हत्या के बाद अब लोहरदगा में भी एक लव जिहाद का मामला सामने आया है। यहां भी एक मुस्लिम युवक ने धर्म छुपा कर पहले लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाया, इसके बाद शादी का झांसा देकर लड़की का यौन शोषण किया। विरोध करने पर इस लड़की को मारने की भी कोशिश की गयी थी। शाहरुख हुसैन नाम के युवक ने अंकिता सिंह को अपने प्यार के जाल में फंसाना चाहा। जब अंकिता ने इसका विरोध किया, तो उसने परिवार को धमकी देनी शुरू कर दी। आखिरकार अंकिता लव जिहाद की बलि चढ़ गयी। शाहरुख हुसैन ने खिड़की से पेट्रोल फेंक कर खुद के घर में सोयी हुई अंकिता को जिंदा जला दिया। सही समय पर उचित इलाज नहीं मिलने से अंकिता की मौत हो गयी। चूंकि अंकिता किसी विशेष धर्म से नहीं आती थी, सो इलाज में भी उसे उच्च कोटि की सुविधा नहीं मिली। झारखंड को दंगे की आग में झोंकनेवाले को तो प्रशासन एयर एंबुलेंस से दिल्ली में बेहतर इलाज के लिए भेज देता है, वह भी सरकारी खर्चे पर, लेकिन वहीं दर्द से तड़पती हुई अंकिता को यह लाभ नहीं मिलता। झारखंड में आदिवासी हितों की रक्षा करने की बार-बार दुहाई दी जाती रही है, लेकिन यहां पर आदिवासी लड़कियां भी सुरक्षित नहीं हैं। मतलब साफ है इन हैवानों को कानून का खौफ नहीं है। कहीं झारखंड पर बांग्लादेशियों का साया तो नहीं मंडरा रहा है। कहीं झारखंड में बदलती डेमोग्राफी महिलाओं पर हो रहे अपराध में वृद्धि को जन्म तो नहीं दे रही है। कहीं लव जिहाद को बढ़ावा तो नहीं दिया जा रहा है। आखिर झारखंड में बार-बार नाबालिग बच्चियों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है, क्यों हैवानों का हौसला बुलंद है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह





**सावधान! बदल रही है झारखंड की डेमोग्राफी, लव जिहाद भी चरम पर**

झारखंड में महिलाओं पर बढ़ता अपराध आतंकी संगठनों के मंसूबों को सफल बना रहा है। समझा जा सकता है कि जब झारखंड का एक सेवानिवृत्त दारोगा आतंकी संगठन का हिस्सा हो और देश को दहशत की आग में झोंकने का प्लान बना रहा हो, तो यहां की जनता कितनी सुरक्षित होगी। यहां के प्रशासन का काम करने का तरीका क्या होगा, जब उनके ही बीच आतंक की स्क्रिप्ट तैयार हो रही होती है और उन्हें भनक तक नहीं लगती। दुमका में नाबालिग अंकिता और नाबालिग आदिवासी बच्ची की हत्या ने देश को झकझोर कर रख दिया है। अगर इन मामलों को मात्र हत्या के एंगल से प्रशासन देखने की कोशिश करता है, तो वह अंधेरे में ही रहेगा। वह इस कड़ी को सुलझा नहीं पायेगा। इन हत्याओं के पैटर्न से प्रशासन अभी भी सबक नहीं लेता है, तो वह झारखंड की कई बच्चियों की जिंदगी को खतरे में डाल देगा। झारखंड में बदलती हुई डेमोग्राफी भी ऐसे क्राइम को जन्म दे रही है। यह बदलती हुई डेमोग्राफी का ही नतीजा था, जब गढ़वा जिले के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रार्थना के दौरान बच्चे हाथ जोड़ कर नहीं, बल्कि हाथ बांध कर प्रार्थना करते पाये गये थे। वहीं झारखंड के कई स्कूलों में स्वतः शुक्रवार को अवकाश घोषित कर दिया गया था। यहां तक कि इन स्कूलों के सामने उर्दू शब्द भी जोड़ दिया गया था। यह तो बदलती हुई डेमोग्राफी का शुरुआती दौर है। देश ने पहले भी इसके भयानक अंजाम देखे हैं। कश्मीरी पंडितों के साथ क्या हुआ, इससे पूरा देश परिचित है और मोपला नरसंहार तो उससे भी भयानक था, जिसे दबा दिया गया। शाहरुख हुसैन जब अंकिता के घर जाकर उसे पेट्रोल से जला सकता है, पकड़ाने पर पुलिस के समक्ष हंसता है, तो समझा जा सकता है कि इन जिहादियों का मन कितना बढ़ा हुआ है। इनके अंदर प्रशासन का लेश मात्र भी खौफ नहीं रह गया है। गिरफ्तारी के बाद वह पुलिस के साथ अपना सिर ऊंचा किये और चेहरे पर मुसकान लिये ऐसे चल रहा था, मानो उसने बहुत बड़ा मकसद हासिल कर लिया हो। इतनी जघन्य हत्या के बाद भी अगर शाहरुख हुसैन हंस रहा था, तो उसे पूरी तरह विश्वास था कि झारखंड पुलिस उसको कुछ नहीं करेगी। कल को अगर शाहरुख हुसैन छूट भी गया, तो इसमें आश्चर्य नहीं होगा। क्योंकि पुलिस ने तो अंकिता की उम्र बढ़ा कर उसे बचाने की पहली सीढ़ी तैयार ही कर ली है।

## उजागर हो रहे लव जिहाद के मामले

दुमका के अंकिता हत्याकांड के बाद ऐसे कई मामले उजागर हो रहे हैं। मसलन, दुमका की सानी डंगाल मोहल्ला की रहनेवाली एक युवती के मुताबिक उससे एक लड़के ने अपना धर्म छिपा कर दोस्ती की, प्यार का वास्ता दिया और फिर शादी के बाद धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर कर दिया। उसके सामने फिर कोई चारा ही नहीं बचा। इसी तरह दुमका गांधी मैदान के पास रहनेवाली एक युवती के पिता ने कहा कि आठ साल पहले उनकी बेटी परिवार को छोड़ कर एक युवक के साथ चली गयी। बाद में पता चला कि उसने धर्म छिपा कर उसे झांसा दिया था। घर-परिवार के लोग लोक-लाज की वजह से चुप रह गये। हाल ही में लोहरदगा जिले में एक मुस्लिम युवक ने अपना धर्म छुपा कर पहले लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाया, इसके बाद शादी का झांसा देकर लड़की का यौन शोषण किया। इस दौरान आरोपी ने उसके अश्लील वीडियो भी बना लिये थे। वहीं आरोपी युवक की जब पोल खुली गयी, तो उसने लड़की को कुएं में धकेल कर उसकी हत्या करनी चाही। आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद पीड़ित लड़की ने घर पहुंच कर परिजनों को सारी बात बता दी। इसके बाद परिजनों ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस में की है। पहले उस मुस्लिम युवक ने अपना नाम साजन उरांव बताया था, बाद में वह रब्बानी अंसारी निकला। दुमका और लोहरदगा के बाद राजधानी रांची से भी एक दिल दहला देनेवाला मामला सामने आया। यहां 15 वर्षीय एक आदिवासी बच्ची के साथ उसके घर में घुस कर रेप की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़िता आदिवासी समाज की है, जबकि रेप का आरोपी मुस्लिम समुदाय का है। आरोपी का नाम मोहम्मद सहरुउद्दीन है, जिसे गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है। नाबालिग से रेप की यह घटना 28 अगस्त की है। वहीं दुमका में एक और दर्दनाक मामला सामने आया, जहां एक मुस्लिम युवक अरमान अंसारी ने पहले एक आदिवासी नाबालिग युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया। उसे घर से भगाया। उसके साथ पांच माह तक दुष्कर्म करता रहा और जब वह गर्भवती हो गयी, तो उसकी हत्या कर उसका शव पेड़े से लटका दिया। लड़की मजदूरी करती थी और अरमान अंसारी पेशे से राजमिस्त्री है। पुलिस को 2 सितंबर के दिन उस बच्ची का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला था। पोस्टमार्टम में यह बात भी सामने निकल कर आयी कि नाबालिग गर्भवती थी। उसकी उम्र 14 साल थी।

## 5 जिलों की डेमोग्राफी तेजी से बदली है

बांग्लादेश के बॉर्डर के पास स्थित झारखंड के पांच जिलों की डेमोग्राफी तेजी से बदली है। पिछले तीन दशकों में बांग्लादेश से लाखों की तादाद में घुसपैठिये साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा और जामताड़ा जिलों के अलग-अलग इलाकों में आकर बस गये हैं। इन इलाकों में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव को लेकर सरकारी विभागों ने केंद्र और राज्य सरकारों को समय-समय पर कई बार रिपोर्ट दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर 1994 में साहिबगंज जिले में 17 हजार से अधिक बांग्लादेशियों की पहचान हुई थी। इन बांग्लादेशियों के नाम मतदाता सूची से हटाये गये थे, मगर इन्हें वापस नहीं भेजा जा सका। 2018 में झारखंड की पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार के कार्यकाल में गृह विभाग ने बांग्लादेशी घुसपैठियों की वजह से इलाके की बदली हुई डेमोग्राफी के मद्देनजर पूरे राज्य में एनआरसी (नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजनशिप) लागू कराने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा था। इस पर केंद्र की ओर से कोई निर्णय नहीं हो पाया था। विधानसभा के बीते बजट सत्र के दौरान राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कार्यस्थगन सूचना के जरिये संथाल परगना के जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला उठाया था। उन्होंने अपनी सूचना में कहा था कि साहिबगंज जिले में पिछले कुछ वर्षों से बांग्लादेशी घुसपैठ से जनसंख्या संतुलन बिगड़ गया है। घुसपैठिये फर्जी नाम और प्रमाण पत्र बना कर भारत के नागरिक बन बैठे हैं। सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर रहे हैं। यहां के सरकारी संसाधनों का फायदा ले रहे है। बांग्लादेशियों के बढ़ते प्रभाव पर गृह विभाग को भी झारखंड से रिपोर्ट भेजी गयी थी। रिपोर्ट में जिक्र था कि बांग्लादेशी बिहार और बंगाल के रास्ते झारखंड आ रहे हैं। इसमें अवैध प्रवासियों को चिह्नित करने के लिए टास्क फोर्स गठित करने की सिफारिश की गयी थी। आंकड़े भी इस बात की तस्दीक करते हैं कि बांग्लादेश के करीब स्थित झारखंड के जिलों में मुस्लिम आबादी अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। मसलन, पाकुड़ में 2001 में मुस्लिम आबादी 33.11 प्रतिशत थी, जो 2011 में 35.87 प्रतिशत हो गयी।

## कई बांग्लादेशियों ने स्थानीय महिलाओं से की शादी

गृह विभाग को भेजी ऐसी ही एक रिपोर्ट में बताया गया है कि संथाल परगना के साहिबगंज और पाकुड़ में चिह्नित अवैध प्रवासियों ने वोटर आइडी, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तक बनवाये हैं। इन इलाकों में जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश और पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया और अंसार-उल-बांग्ला जैसे प्रतिबंधित संगठनों की पकड़ बढ़ रही है। ऐसे कई उदाहरण हैं कि बांग्लादेश से आये लोगों ने स्थानीय महिलाओं से शादी कर ली और यहीं बस गये। बदलती हुई डेमोग्राफी के चलते झारखंड में लव जिहाद का मामला भी बढ़ रहा है। पहले वे यहां की महिलाओं को फंसाते हैं, फिर शादी करते हैं उसके बाद उनकी संपत्ति को हासिल कर लेते हैं।

## सोची-समझी साजिश का नतीजा

दुमका के डंगालपाड़ा, सानीडंगाल, जरुवाडीह और बंदरजोड़ी के अलावा साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा में भी ऐसे कई उदाहरण हैं। बीजेपी और हिंदुत्ववादी संगठनों का आरोप है कि ऐसे मामले लव जिहाद की सोची-समझी साजिश का परिणाम हैं। बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का कहना है कि अंकिता की नृशंस हत्या करनेवाले शाहरुख और उसका दोस्त मो. नइम बांग्लादेश के आतंकी संगठन अंसार-उल-बांग्ला से प्रेरित थे। नइम का मोबाइल रिकॉर्ड इस बात की गवाही देता है। बाबूलाल के मुताबिक अंसार-उल-बांग्ला भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा का एक फ्रंट ग्रुप है, जिसका मकसद गैर मुस्लिम महिलाओं को निशाना बनाना और उनका धर्म परिवर्तन कराना है।

## पकड़े जाते रहे हैं बांग्लादेशी नागरिक

झारखंड में बांग्लादेशी नागरिकों के पकड़े जाने, गलत तरीके से यहां की मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लेने, बांग्लादेशी नागरिक को भारतीय पासपोर्ट जारी कर दिये जाने जैसे छिटपुट मामले हर महीने-दो महीने पर आते रहते हैं। करीब एक महीने पहले गिरिडीह जिले के गांवा थाना क्षेत्र की पुलिस ने पिहरा-चटनियादाह गांव से मोहम्मद नौशाद नामक एक शख्स को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि उसने बांग्लादेश और भारत दोनों देशों की नागरिकता हासिल कर रखी थी। खुफिया एजेंसियों ने भी समय-समय पर सरकारों को ऐसी रिपोर्ट भेजी है, जिनमें बांग्लादेशियों की घुसपैठ के तौर-तरीकों के बारे में विस्तृत ब्योरा दर्ज है।

---

किसी ने मधुशाला को बना दी पाठशाला, किसी ने शिक्षा की अद्भुत अलख जगायी

# हजारीबाग के 10 शिक्षक बढ़ा चुके हैं मान, मिल चुका है राष्ट्रपति सम्मान

**बद्री प्रसाद और ज्ञानेश्वर नाथ श्रीवास्तव को राष्ट्रपति पुरस्कार मिला था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** शिक्षा के प्रति जज्बा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से हजारीबाग के 10 शिक्षकों ने राज्य का मान बढ़ाया है। इन शिक्षकों को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। झारखंड बनने के पहले हिंदू हाइ स्कूल के शिक्षक बद्री प्रसाद और ज्ञानेश्वर नाथ श्रीवास्तव को राष्ट्रपति पुरस्कार मिला था। वहीं बिहार से पृथक होने के बाद झारखंड के आठ शिक्षकों ने जिले को गौरवान्वित किया है।



फाइल फोटो।

इनमें चुरचू स्थित मिडिल स्कूल के शिक्षक विजय कुमार को वर्ष 2004 में राष्ट्रपति पुरस्कार मिला था। उन्होंने मधुशाला को पाठशाला में तब्दील कर दिया था। जहां मिडिल स्कूल बासाडीह है, वहां पहले असामाजिक तत्वों का अड्डा लगा रहता था। लोग शराब, गांजा आदि का सेवन किया करते थे। शिक्षक विजय कुमार की पोस्टिंग जब वहां हुई, तो उन्होंने गांधीवादी कदमों का अनुशरण करते हुए असामाजिक तत्वों के लोगों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और फिर पूरा माहौल स्वच्छ हो गया।

वर्ष 2008 में बरही स्थित मिडिल स्कूल बेंदगी के शिक्षक इशो सिंह ने भी वहां शिक्षा की ऐसी अनोखी लौ फैलायी कि वह दूसरे शिक्षकों के लिए प्रेरणा बन गयी। इसके लिए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया। सेवानिवृत्ति के बाद आज वह बरही अनुमंडल के बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। खासकर वे बालिकाओं की शिक्षा को लेकर हमेशा प्रयासरत रहते हैं। वे पेंशनरों की समस्याओं को निबटाने, पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और ओल्ड एज होम और अनाथाश्रम के बच्चों की सेवा में भी लगे रहते हैं। बरही हजारीधमना के कृषक परिवार के शिक्षक इशो सिंह 21वें झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी विधानसभा सभागार में सम्मानित हो चुके हैं।

वहीं वर्ष 2010 में हाइस्कूल चौपारण के शिक्षक डॉ बालेश्वर राम, वर्ष 2014 में इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिका सीमा कुमारी, वर्ष 2015 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुगुरा इचाक और वर्ष 2016 में इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिका डॉ माया साहू (अब दिवंगत) को भी राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। हजारीबाग में प्राइवेट स्कूलों की श्रेणी में एकमात्र डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अशोक कुमार को भी राष्ट्रपति पुरस्कार हासिल करने का गौरव प्राप्त है।

**संदेश :** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक इशो सिंह कहते हैं कि बच्चों को स्नेह और प्यार से पढ़ाने की जरूरत है। कभी भी नौनिहालों पर पढ़ाई का दबाव नहीं बनायें। उनकी अभिरुचि के अनुसार ही उन्हें आगे पढ़ने दें। शिक्षकों को अपनी भूमिका ईमानदारी और समर्पित भाव से निभाने की जरूरत है।

---

## बंगाल के कांग्रेस नेता का हत्यारा बोकारो से गिरफ्तार

**बोकारो।** अपराधी कितना ही चालाक क्यों ना हो, वह पुलिस की गिरफ्त में जरूर ही आ जाता है। झारखंड से कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। बंगाल के पुरूलिया जिला अंतर्गत झालदा नगरपालिका के कांग्रेस पार्षद तपन कांदू हत्याकांड में सीबीआइ की तीन सदस्यीय टीम ने पेंक थाना पुलिस के सहयोग से शनिवार को बोकारो जिले से सुपारी किलर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। बेरमो अनुमंडल के अति उग्रवाद प्रभावित ऊपरघाट क्षेत्र के पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र के काच्छो से जाबीर अंसारी को दबोचा गया। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल बाइक को भी बोकारो थर्मल स्थित केंद्रीय बाजार से बरामद किया गया। बाइक पर जेएच 09एआर 3442 नंबर लिखा हुआ था। सीबीआइ ने जाबीर और उसके भाई के घर की तलाशी भी ली। सीबीआइ की टीम पिछले छह महीने से सुपारी किलर की तलाश में पेंक नारायणपुर पुलिस के संपर्क में थी। पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी सुमन कुमार ने सुपारी किलर और उसके परिजनों को भरोसा दिलाया कि उसे कुछ नहीं होगा, उसके बाद वह आकर इस क्षेत्र में रहने लगा। इसके बाद सीआरपीएफ के सहयोग से सीबीआइ ने उसे धर दबोचा।

---

गाजियाबाद में एक करोड़ की अफीम जब्त

# पांच तस्कर गिरफ्तार एक झारखंड का

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने झारखंड से तस्करी कर लायी गयी पांच किलो अफीम बरामद की है। इस मामले में एक महिला सहित पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि अंतरराष्ट्रीय मार्केट में इस अफीम की कीमत एक करोड़ रुपये है। पकड़े गये आरोपी श्याम बिहारी निवासी अलीगंज बरेली, विनोद गुप्ता निवासी लातेहार झारखंड, गवेंद्र निवासी आंवला बरेली, देवेंद्र निवासी अलापुर बदायूं और एक महिला हैं। इनसे पांच किलो अफीम और तस्करी में इस्तेमाल ईको कार मिली है। गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने कविनगर थाना क्षेत्र में डायमंड फ्लाईओवर से सभी को गिरफ्तार किया है।

**ग्रेजुएट रिक्शेवाला विनोद है गैंग सरगना**

एसपी सिटी निपुण अग्रवाल ने बताया, मुख्य अभियुक्त विनोद है। ग्रेजुएट पासआउट विनोद पूर्व में ईरिक्शा चलाता था। ज्यादा आमदनी नहीं होने की वजह से इसने मादक पदार्थों की तस्करी शुरू कर दी। झारखंड स्थित रांची से ये गैंग पूरे उत्तर भारत में अफीम की तस्करी करता है। किसी को शक न हो, इसलिए गैंग में कुछ महिलाएं भी साथ रहती हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अफीम की सप्लाई गाजियाबाद, बरेली, अलीगढ़, दिल्ली आदि शहरों में करने की बात कुबूली है। **छह राज्यों में सप्लाई की बात कुबूली :** एसपी सिटी ने बताया कि यह गैंग ऑन डिमांड सप्लाई करता है। माल लोड होते ही उसके डिलीवर होने तक पूरे गैंग के मोबाइल बंद रहते हैं, ताकि किसी की लोकेशन ट्रेस न होने पाये। ये गिरोह दिल्ली, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान तक अफीम की सप्लाई करता है।

**ट्रेन से झारखंड से दिल्ली लाकर छह राज्यों में सप्लाई करते थे**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.4 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.30 बजे |



**दुखद :** करोड़ों अनुयायियों में शोक की लहर, सीएम हेमंत सोरेन ने जताया शोक

# नहीं रहे शिव शिष्य परिवार के जनक हरिंद्रानंद

SURJABASHA




### अंतिम दर्शन के हजारों शिव शिष्य का लगा रहा तांता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शिव शिष्य परिवार के संस्थापक हरिंद्रानंद ने रविवार को तीन बजे सुबह रांची के पल्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। हरिंद्रानंद पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था।

दो दिन पूर्व उन्हें पारस आस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान हार्ट में ब्लॉकेज बताया था। उसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पल्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। एंजियोग्राफी के लिए उन्हें बाहर ले जाने की तैयारी चल रही थी, लेकिन इसके पूर्व ही उन्होंने नश्वर संसार का त्याग कर दिया। मूलतः बिहार के सिवान जिले के अमलोरी गांव के रहनेवाले हरिंद्रानंद का जन्म 31 अक्टूबर 1948 को हुआ था। बचपन से अज्ञात को ज्ञात करने की चाहत ने उन्हें आध्यात्मिक अन्वेषण की ओर प्रवृत्त किया। लिहाजा नवंबर 1974 की एक रात आरा के गांगी श्मशान में उनके भीतर आत्मदीप्त चेतना जागृत हुई कि गुरु अगर परब्रह्म हैं, तो परब्रह्म स्वयं गुरु क्यों नहीं? उन्होंने तत्क्षण भगवान शिव को गुरु मान लिया और यहीं से चल पड़ी उनकी आध्यात्मिक यात्रा। आज उनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर करोड़ों लोगों ने शिव की शिष्यता ग्रहण की और पाया कि सचमुच शिव नाम के ही नहीं काम के भी गुरु हैं। बिहार प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव के पद से अवकाश ग्रहण करने के बाद पूरी तरह से शिव शिष्यता का अलख जगाने के लिए समर्पित हो गये थे।


अंतिम दर्शन के लिए आवास के सामने रखा गया हरिंद्रानंद का पार्थिव शरीर।

### आज भी कर सकते हैं अंतिम दर्शन

उनके बड़े बेटे अर्चित आनंद ने बयान जारी कर बताया कि हरिंद्रानंद का पार्थिव शरीर उनके निवास स्थल ए -17,सेक्टर -2, एचइसी, धुर्वा, (पुरानी विधानसभा के पीछे, गेट नंबर -1) रांची में सुबह 11 बजे से संध्या 5 बजे तक लोगों के दर्शनार्थ रखा गया है। वहीं सोमवार को भी सुबह 6 बजे से 11 बजे तक लोग अंतिम दर्शन कर सकेंगे।

### सीएम हेमंत सोरेन ने शोक जताया



सीएम हेमंत सोरेन ने हरिंद्रानंद के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि शिव शिष्य परिवार के संस्थापक साहब हरिंद्रानंद के निधन की दुखद खबर मिली, परमात्मा उनकी आत्मा को शाांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों और अनुयायियों को दुख की विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति दें।

**समाजसेवी भानुप्रताप ने भी शोक जताया :** एचइसी सेक्टर टू निवासी और समाजसेवी भानु प्रताप सिंह ने शिव शिष्य परिवार के संस्थापक हरिंद्रानंद के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि हरिंद्रानंद ने शिव शिष्य परिवार को जो ऊंचाई दी है, उसकी अनुभूति आज समाज के लोगों को हो रही है। उन्होंने कहा कि देखते ही देखते उनके सेवा कार्य से उनके अनुयायियों की संख्या करोड़ों में हो गयी। उन्होंने सेवा काल के बाद अपना पूरा समय शिव शिष्य परिवार को आगे बढ़ाने में लगा दिया। इनके सेवा भाव से समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन आया और समाज में समरसता का भाव जागा। भानु प्रताप ने ईश्वर से प्रार्थन की हैकि हरिंद्रानंद के निधन पर उनके अयुयायियों को संबल प्रदान करें और इस दुख को सहने की शक्ति दें।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास,आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी।

**वृष** दिमागी समाधान निकलाने में समर्थ बनेंगे, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**मिथुन** गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल रहेगा, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण।

**कर्क** परिस्थितियों में उत्तरोत्तर सुधार, बिगड़ा काम बनेगा। महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति।

**सिंह** नयी आशाओं का उदय, धैर्य-साहस से रूका हुआ काम पूरा होगा, भौतिक सुख की वृद्धि।

**कन्या** बहुमुखी प्रतिभा का विकास, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**तुला** सोच-समझकर ही कोई व्यापारिक निर्णय लें, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन।

**वृश्चिक** परीक्षा, प्रतियोगिता में सफलता का योग है, आयु-आरोग्य की रक्षा होगी।

**धनु** इच्छित कार्य का संपादन कर सकेंगे, नौकरी-व्यवसाय में सफलता मिलेगी।

**मकर** कर्त्तव्यनिष्ठ जीवन का विकास होगा.पारिवारिक उलझनें दूर होंगी, आर्थिक लाभ होगा।

**कुंभ** अनावश्यक विपदायें कम हो जायेंगी,सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**मीन** सहयोगियों के साथ विकास का मार्ग मिलेगा, आमदनी के नये स्रोत तैयार होंगे।

# आंसू पोंछने दुमका पहुंचे बाबूलाल, कहा मामले की एनआइए से जांच हो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

### नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ करता रहा दुष्कर्म, गर्भवती होने के बाद हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया

### आरोपित अरमान अंसारी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा


**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को दुमका में दुष्कर्म के बाद मारी गयी नाबालिग आदिवासी लड़की के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली।


उन्हें बताया गया कि राजमिस्त्री का काम करनेवाला मुसलिम युवक अरमान कैसे नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ दुष्कर्म करता रहा और जब वह गभर्वती हो गयी तो उसे रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या कर शव को पेड़ से टांग दिया, ताकि यह स्थापित हो जाये कि लड़की ने आत्महत्या की है। माता-पिता की जुबां से दर्द भरी कहानी सुन उस पर दुख और नाराजगी जाहिर करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में आदिवासी बेटियां भी सुरक्षित नहीं हैं। यहां लगातार आदिवासी बेटियों की हत्या हो रही है। जिस नाबालिग बेटी को अपनी जान गंवानी पड़ी है, उसके परिजनों के दर्द भरे खामोश चेहरे को देख कर सब कुछ समझा जा सकता है। अपनी संतान को असमय खोने का दर्द क्या होता है, यह मुझे भी पता है। उन्होंने कहा कि ऐसी हैवानियत करनेवालों को कठोर सजा दिलाने के लिए मामले की एनआइए से जांच करायी जानी चाहिए। इस दौरान दुमका सांसद सुनील सोरेन और पूर्व मंत्री लुईस मरांडी भी उनके साथ थे।



बता दें कि दुमका के रानीश्वर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक नाबालिग आदिवासी लड़की की लाश पेड़ से लटकी मिली थी। हत्यारे ने मामले को आत्महत्या का केस दिखाने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया था। पुलिस की ओर से कराये गये पोस्टमार्टम में यह भी पता चला कि नाबालिग लड़की गर्भवती थी। उसकी हत्या की गयी है। लड़की मजदूरी करके घर की आर्थिक मदद करती थी। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने आरोपित राजमिस्त्री अरमान अंसारी को गिरफ्तार उसे जेल भेज दिया है। घरवालों के अनुसार अरमान अंसारी ने उनकी लड़की को पहले अपने जाल में फंसाया, फिर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब लड़की गर्भवती हो गयी, तो इस क्रूर घटना को अंजाम दिया। अंकिता हत्याकांड के बाद इस घटना ने दुमका के लोगों को भयभीत कर दिया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com




# दुमका में नाबालिग बच्चियों पर ढाये गये जुल्म पर एनसीपीसीआर गंभीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**


### सोमवार को टीम मिलेगी पीड़ित परिवार से

**रांची।** दुमका में टाउन थाना क्षेत्र स्थित 11वीं की छात्रा को जिंदा जलाये जाने की घटना में अब (एनसीपीसीआर) राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम 5 सितंबर को दुमका पहुंच मामले की पड़ताल करेगी। इसके अलावे रानीश्वर थाना क्षेत्र स्थित आदिवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म और हत्या के बाद शव पेड़ से लटकाये जाने के मामले की भी जानकारी लेगी। दुमका में लगातार दिल दहला देनेवाली दोनों घटनाओं को आयोग ने गंभीरता से लिया है। सोमवार को बाल संरक्षण आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो दुमका स्थित पीड़िता के परिजनों से मिलेंगे, साथ ही डीसी, एसपी, जांच पदाधिकारी, डीसीपीओ, चैयरपर्सन, सीडब्ल्यूसी से भी मामले की जानकारी लेंगे। रविवार को आयोग के अध्यक्ष दिल्ली से रांची पहुंचे। शाम को दुमका इंटरसिटी से दुमका दुमका के लिए रवाना हुए। पीड़िता के परिजनों से मिलने के बाद वह देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली लौट जायेंगे। गौरतलब हो कि 23 अगस्त को 11वीं कक्षा में पढ़नेवाली अंकिता अपने घर में सो रही थी। तड़के सुबह मोहल्ले में रहनेवाला शाहरुख हुसैन उसके घर पहुंचा, उसने खिड़की से अंकिता पर पेट्रोल डाला और माचिस जला कर उसे आग के हवाले कर दिया। आनन-फानन में दुमका जिले के फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अंकिता को भर्ती कराया गया। वहां से प्राथमिक इलाज के बाद रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया था। 27 अगस्त को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामले में आरोपी शाहरुख और मो नईम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं बीते शुक्रवार को रानीश्वर थाना क्षेत्र के श्रीअमड़ा से आदिवासी किशोरी का शव पेड़ से लटकता हुआ बरामद किया गया। पोस्टमार्टम के बाद यह स्पष्ट हुआ कि नाबालिग आदिवासी लड़की गर्भीवती थी। उसकी हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया था। किशोरी दुमका के जामा में मौसी के घर काम करती थी। इसी दौरान अरमान अंसारी नामक युवक ने प्रेम जाल में फंसा कर उसे पांच महीने की गर्भवती बना डाला और साजिश के तहत हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने अरमान अंसारी नामक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# दोषियों को फांसी के अंजाम तक पहुंचायें सीएम : भाजमो




रांची(आजाद सिपाही )। भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मांग की है कि दुमका में पेड़ से लटका कर मारी गयी नाबालिग आदिवासी बेटी की हत्या के दोषियों को फांसी के अंजाम तक पहुंचाया जाये। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि दुमका में अराजकता की स्थिति बन गयी है। अंकिता के बाद अब नाबालिग आदिवासी बेटी की हत्या। गला घोट कर मार कर शव को पेड़ पर लटकाया। 4 माह की गर्भवती थी किशोर, ऐसी जानकारी मिल रही है। 10 दिनों के अंदर दूसरी घटना। पूर्व में यह क्षेत्र आदरणीय गुरु जी का रहा है। अब यहां पर मुख्यमंत्री के भाई बसंत सोरेन विधायक हैं, फिर भी आदिवासी बेटियों के ऊपर अत्याचार हो रहा है। वे लव जिहाद का शिकार हो रही हैं। अभी पिछले दिनों दुमका में ही अंकिता की पेट्रोल से जला कर हत्या कर दी गयी थी। फिर भी स्थानीय विधायक, मुख्यमंत्री इस पर मौन साधे रहे। दोनों ही हत्याओं का आरोपी मुसलिम समुदाय से संबंध रखते हैं। फिर भी सरकार तुष्टीकरण की नीति नहीं छोड़ रही है।









आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
04

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले बच्चे हुए सम्मानित



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, शिक्षक एवं अभिभावकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था के निदेशक संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय निर्माण के समय से ही हमारा उद्देश्य रहा है, कि बच्चे का जिस क्षेत्र में रुचि हो जैसे खेलकूद, नृत्य, भाषण, पेंटिंग एवं अन्य क्षेत्र में हम उसी के अनुरूप शिक्षा प्रदान कर प्रोत्साहित करते हैं ताकि बच्चे अपनी रूचि के अनुसार समय पर अपना मुकाम हासिल कर विद्यालय के साथ देश का नाम रोशन करें। अभिभावक संघ की ओर से कैलाश गोस्वामी ने कहा कि जितना ध्यान स्कूल में दिया जा रहा है। उससे अधिक ध्यान हम अभिभावकों को घर पर भी देना होगा साथ ही बच्चों को खानपान पर भी विशेष ध्यान रखना होगा। अर्धवार्षिक परीक्षा, खेलकूद, पेंटिंग प्रतियोगिता, हस्त लेखन प्रतियोगिता आदि में प्रथम स्थान द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल ब्रोंज मेडल ,पुरस्कार एवं मेरिट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओ मे रोशन कुमार पार्वती कुमारी, सुप्रिया कुमारी, सोनू कुमार, शाहनवाज अंसारी, दीपिका कुमारी, सत्यम कुमार राज, शिवम कुमार राज, आनंद कुमार, सूरज कुमार, सूरज राणा, चंदन कुमार, परमानंद प्रसाद, होरिल दास, आशीष कुमार, सोनू मंडल, रामजी कुमार, अनुज कुमार, वंशिका राणा, अंजली कुमारी एवं सैकड़ों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अभिभावक अंजू देवी, रेखा देवी, रिंकी देवी, कांति देवी, दुलारी देवी, सुनीता देवी, मनोज कुमार ,वीरेंद्र यादव, नबी अंसारी, ब्रह्मदेव मंडल, जब्बार अंसारी, एनुल अंसारी, भागीरथ मंडल, नारायण महतो, रंजीत कुमार आदि सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक बबलू कुमार, दीपक सोनी, अरनिका सिन्हा, मनीता कुमारी, राजेंद्र कुमार, बैजनाथ मंडल आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## पेटो मुखिया ने पीडीएस डीलरों के साथ की बैठक

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेटो पंचायत की मुखिया कौशल्या देवी ने पंचायत भवन में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ एक आवश्यक बैठक रविवार को किया। इस बैठक में मुखिया ने पंचायत के पीडीएस दुकानदारों को जरुरी दिशा निर्देश दिया एवं कार्ड धारियों को सरकार के द्वारा तय मानक के अनुसार राशन वितरण करने को कहो विदित हो की बीते दिनों कई लाभुकों ने पीडीएस दुकानदारों के प्रति कम राशन देने की शिकायत स्थानीय मुखिया से की थी। मौके पर पूर्व मुखिया रेशमा परवीन वार्ड सदस्य विनोद राम, कंचन यादव, सकुंती देवी, पूजा देवी, बाल देवी, बसंती देवी, झालो देवी, पिंकी देवी एवं पंचायत के डीलर संतोष गुप्ता, रामचरण साव, राजकिशोर साव, बाबूलाल रजक समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## 20 सूत्री विष्णुगढ़ कमिटी के अध्यक्ष बने गिरिजा साव

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ बीस सूत्री कमिटी के अध्यक्ष गिरिजा साव, उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा के अलावा सदस्य कपिलदेव चौधरी, संजय प्रजापति, राजू श्रीवास्तव, राणा इकबाल, अब्बास अंसारी, बिशेस्वर स्वर्णकार, लक्ष्मी देवी बनाये गये। झामुमो कार्यकर्ताओ ने पूरी कमिटी को बधाई दी है। बधाई देने वालो में केंद्रीय समिति सदस्य रामप्रकाश भाई पटेल, झामुमो जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव, मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल, जिला सचिव निलकंठ महतो, केंद्रीय समिति सदस्य टेकोचंद महतो, कोलेश्वर पांडेय, राज कुमार पांडेय, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनन्या मुखर्जी, विजय कुमार, अजय प्रसाद साव, संजय कुमार, युमना प्रसाद, छोटेलाल प्रसाद (अधिवक्ता), संजय राय, सुनील अकेला, आनंद राम, केदार प्रसाद कसेरा, संजय पटेल, संतोष पटेल, रामधन साव, मुखिया रामचंद्र यादव, उपमुखिया राहुल कुमार, मुखिया लक्ष्मी कुमारी, कुशुंभा मुखिया दुलारचंद पटेल, पूरण महतो, देवी राम हेंब्रम, बालगोविंद वरनवाल, डॉ दीप चंद महतो आदि शामिल है।

## बीस सूत्री के अध्यक्ष अर्जुन राम और रविंद्र गुप्ता बने उपाध्यक्ष




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेसी नेता कराली गांव के निवासी अर्जुन राम को प्रखण्ड बीस सूत्री कार्यक्रम समिति का अध्यक्ष एवं चट्टी पेटो निवासी रविंद्र कुमार गुप्ता को प्रखंड बीस सूत्री का उपाध्यक्ष बनाया गया है। रविवार को इनके मनोनयन से संबंधित पत्र जारी किया गया है। वहीं सुरेश साव, रविंद्र कुमार पांडेय, अनीता देवी, मो अताउल्लाह, विनेश पासवान,चंद्रिका रजक एवं वकील राणा का नाम समिति सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। प्रखंड के कई लोगों ने इनके मनोनयन पर बधाई दिया है।

## बैठक में 7 अक्टूबर को लगने वाले पर्यावरण मेला को लेकर हुई चर्चा



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** 7 अक्टूबर को दूधमटिया पर्यावरण मेले में झांकी, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न विद्यालयों से संपर्क कर प्रेरित करने का विचार किया गया। विभागीय अधिकारी, प्रशासन, स्कूल, कॉलेज को सूचना एवं आमंत्रण देने के लिए प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया सुरेश यादव एवं अन्य सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गई। कार्यक्रम में शामिल होने वाले संस्थानों को पुरस्कार व प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया। अगली बैठक 11 सितंबर को रखा गया है। बैठक में सुरेंद्र प्रसाद सिंह, परमेश्वर प्रसाद यादव, मुकेश साव, अर्जुन राणा, विनय कुमार वर्णवाल, कौलेश्वर यादव, सुनिल साव, होपन सिंह, कैलाशपति सिंह, अजय महतो, सुमन साव, तिलकराज सिंह, सुरेश कुशवाहा, कन्हाय राम, असलम अंसारी, संजीत रविदास, विजय ठाकुर, संदीप चौधरी, रवि राणा, नारायण यादव, अशोक राम, एस सिंह, दिनेश खंडेलवाल, मूलचंद ठाकुर एवं अन्य शामिल थे।

## अलग-अलग सड़क हादसे में पांच लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत बीती रात बजरंगबली के समीप दो बाइक की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल की पहचान प्रमोद यादव (उम्र 20 वर्ष, पिता विनोद यादव), संदीप कुमार राम (उम्र 28 वर्ष, पिता भिखन राम) दोनों विद्यापुरी झुमरीतिलैया के निवासी हैं। वहीं एक की पहचान नहीं हो पायी है। जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 1:30 बजे बजरंगबली मंदिर के समीप दो बाइक की टक्कर हो जाने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं रविवार को सुबह 10 बजे सलइडीह इंदरवा के पास टेंपो और बाइक की टक्कर में दो लोग घायल हो गये। घायलों की पहचान पिंटू यादव (उम्र 18 वर्ष पिता स्वर्गीय चंद्र यादव ग्राम ढेबुआडीह इंदरवा), मुंशी दास (उम्र 73 वर्ष, पिता स्वर्गीय खूब लाल दास, ग्राम नवादा डोमचांच) के रूप में हुई है। घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### महिला की मौत के बाद थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग

# आशा किरण अस्पताल पर इलाज के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप



### हार्ट ब्लॉक होन की कही बात

**गत शनिवार शाम मरीज को आपरेशन के लिए ले जाया गया जिसमे डॉ डीके राज के साथ तीन चार अन्य डॉक्टर भी थे। लगभग 45 मिनट बाद डॉक्टर रूम से निकल कर बोले की मरीज का हार्ट ब्लॉक कर गया है ओपन सर्जरी करना पड़ेगा। फिर डॉक्टर अंदर चले गए और फिर 10 मिनट बाद बाहर आकर बोले की मरीज की स्थिति गंभीर है। हमलोग इसे रांची रिम्स रेफर कर रहे हैं। जब मरीज को लेकर रांची पहुंचे तो वहां जांच के दौरान बताया गया की मरीज की मौत हो गई है। जबकि मरीज की मौत आशा किरण अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान ही हो चुकी थी। रविवार को मृतक के पुत्र के आवेदन पर दोषियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया की उक्त आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया जिसका केस नंबर 192/22 है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के लक्ष्मी पेट्रोल पंप के पीछे स्थित आशा किरण अस्पताल पर इलाज के दौरान लापरवाही बरतने और मरीज की जान लेने का आरोप लगा है। मृतक मरीज के पुत्र पदमा निवासी बिक्की कुमार ने लोहसिंघना थाना को आवेदन देकर करवाई की मांग की है। थाने को दिये गये आवेदन में कहा मैं अपनी मां शीशम देवी उम्र 36 वर्ष पति वीरेंद्र भगत को 2 सितंबर को बेहतर इलाज के लिए आशा किरण अस्पताल में भर्ती कराया। जहां भर्ती के दौरान डाक्टरों ने ऑपरेशन की बात कही और हमसे 51 हजार रुपये खर्च देने की बात कही गई। जिसमें 35 हजार पहले जमा करवाया गया और बोला गया की ऑपरेशन के दौरान मरीज को कुछ नहीं होगा क्योंकि मरीज की सभी रिपोर्ट नॉर्मल है।

### बीस सूत्री कमेटी में राजद को नहीं मिला सम्मान, कार्यकर्ता नाराज

# प्रदेश नेतृत्व गंठबंधन पर विचार करे: रामधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** बीस सूत्री कमेटी में राजद को दरकिनार करने को लेकर राजद कार्यकर्ता खासे नाराज है। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार है। ऐसे में बीस सूत्री कमेटी में जनाधार वाले इलाकों में राजद को उचित जगह मिलनी चाहिए। लेकिन जिला और प्रखंड बीस सूत्री में जेएमएम-कांग्रेस ने राजद को किनारे कर दिया। राजद के जिलाध्यक्ष और जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि गठबंधन में राजद है, लेकिन बीस सूत्री कमेटी में राजद को दूर रखा गया है। श्री यादव ने कहा कि कोडरमा राजद का गढ़ है, कोडरमा में पार्टी का जनाधार है। लेकिन यहां बीस सूत्री कमेटी में जिला और प्रखण्ड में राजद को दरकिनार कर दिया गया है। कोडरमा में जेएमएम और कांग्रेस ने राजद को दरकिनार किया है। श्री यादव ने कहा कि गठबंधन धर्म का पालन किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस ने बीस सूत्री में राजद की उपेक्षा की है। गठबंधन में राजद कार्यकर्ताओ को सम्मान नही मिलेगा तो, फिर प्रदेश नेतृत्व गंठबंधन पर विचार करें। उन्होंने कहा कि राजद झारखंड के कई इलाकों में अपना जनाधार रखती है, इन इलाकों में कार्यकर्ताओं का सम्मान नही मिलेगा तो, गठबंधन से बाहर आ जाना चाहिए। श्री रामधन यादव ने बीस सूत्री कमेटी में जेएमएम-कांग्रेस की मनमानी के खिलाफ प्रदेश नेतृत्व से मुलाकात करने की बात कही है।

## राज्य की सरकार हो रही है विफल: गौतम वर्मा

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** वर्तमान समय में झारखंड में लगातार हो रही घटनाओं बेटियों पर अत्याचार और झारखंड यों का शोषण और उत्पीड़न दिन प्रतिदिन चरम सीमा से भी पार कर गया है जैसा की आप सभी को ज्ञात है। दुमका में पेट्रोल कांड, दुमका में नाबालिग के साथ 10 लोगों द्वारा सामूहिक बलात्कार, दुमका में बलत्कार के बाद गर्भवती होने के दौरान पेड़ से लटका ना, बोकारो में जबरन लड़की को अगवा करने का प्रयास, चतरा तेजाब कांड, रांची नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ बलात्कार, लातेहार जिला में यौन शोषण के बाद हत्या, खूंटी में मुखिया एवं उनके परिवार के दो सदस्यों की हत्या, रांची में स्मार्ट सिटी के नाम पर गरीबों बे घर करना, पलामू में गरीब लोगों के जमीन पर जबरन कब्जा करना, रांची में नाबालिक लड़की के साथ रेप होना 5 महीने के अंदर झारखंड में 716 बलात्कार का मामला होना इससे साफ प्रतीत होता है कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बिल्कुल विफल है। उक्त बातें आजसू पार्टी के बड़गांव प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। आगे उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को नैतिकता के आधार पर अपने पद से स्तीफा दे देना चाहिए, परंतु ऐसा होने को नहीं है, इसलिए आजसू प्रखंड कमेटी बड़कागांव मुख्यमंत्री से अपने पद से त्यागपत्र मांगती है एवं महामहिम राज्यपाल महोदय झारखंड से झारखंड राज्य में शासन व्यवस्था कायम रहे। इसके लिए राष्ट्रपति शासन की अपेक्षा करती है।

## अभ्युदय यूथ क्लब ने खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतगावां।** प्रखण्ड के ब्लॉक मैदान में रविवार को अभ्युदय क्लब के द्वारा संच स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपस्थित संच अध्यक्ष बबलू सिंह और दीपेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दिपेश अग्रवाल ने कहा कि संच समिति का मुख्य उद्देश्य वैसे 6 से 14 वर्ष के बच्चे जो विद्यालय से दूर है वैसे बच्चे को विद्यालय से जोड़ना है और शिक्षा से जोड़ना है। इस खेलकूद में भैया एवं बहन 6 से 9 और 10 से 14 वर्ष के बच्चो के द्वारा 50 मीटर,100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर का दौड़ हुआ एवं ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी का आयोजन किया गया। मौके पर विकाश कु, वरुण पाण्डेय, अखलेश कुमार, बबलू वर्णवाल, उज्ज्वल कु, आकाश प्रसाद, रौशन यादव, विकाश पाण्डेय, विकाश चौधरी, प्रणव मुरारी, रोहित दुबे, विवेक पांडेय, कौशल पांडेय, मुकेश कुमार, विनोद कुमार, विवेकानंद पांडेय, पवन कुमार, प्रीती कुमारी, पूजा, बेबी, बिंदु, गुड़िया, श्रीस्टी, संगीता सभी आचार्य उपस्थित थे। इन सभी लोगों के द्वारा सभी बच्चे को कॉपी कलम, बॉक्स देकर समानित किया गया।

### झील की सफाई के लिए जिला प्रशासन ने किया स्थायी समाधान

# वीड हार्वेस्टर मशीन से अब नियमित होगी झील की सफाई



### क्या है यह वीड हार्वेस्टर मशीन

**वीड हार्वेस्टर एक पर्यावरण के अनुकूल जलीय पौधों की कटाई करने वाली मशीन है और अपनी तरह का एकमात्र हार्वेस्टर है जो अन्य सभी जलीय खरपतवार हार्वेस्टर की तरह खरपतवारों को काटने के बजाय उनकी जड़ों से खींचती है। यह मिलफॉयल, हाइड्रिला, सेलेरी एलीगेटर ग्रास, स्टाररी स्टोनवॉर्ट, वॉटर चेस्टनट, और तालाबों, झीलों, नदियों, चैनलों, नहरों और वाटर फ्रंट प्रॉपर्टी में प्रचलित अधिकांश अन्य जलीय पौधों सहित सभी प्रकार की जलमग्न वनस्पतियों को जड़ से उखाड़ने में प्रभावी है।**

**लगभग दो करोड़ की लागत से क्रय की गई। इस मशीन से रात में भी हो सकेगी झील की सफाई।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग की हृदयस्थली कही जाने वाली झील की सफाई जिलेवासियों के लिए एक गंभीर व ज्वलंत विषय था। इस झील की सफाई का मुद्दा प्रशासन के लिए हमेशा से प्राथमिकताओं में रहा। अपनी खूबसूरती के लिए विख्यात झील की सफाई के लिये जिला प्रशासन ने स्थाई समाधान दिया है। नगर निगम हजारीबाग ने लगभग दो करोड़ रू की लागत से आत्याधुनिक वीड हार्वेस्टर मशीन की खरीदारी की है, जिसकी डिलीवरी 3 सितंबर को नगर निगम हजारीबाग को की गई। उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बताया की हाई लेवल मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा निर्णयोपरंत 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत जेम पोर्टल के माध्यम से क्लिंटेक कंपनी के द्वारा यह मशीन की खरीदारी की गई है। उन्होनें बताया की वीड हार्वेस्टर मशीन के निगम में आ जाने से झील की सफाई का स्थाई समाधान संभव हो पायेगा। उन्होनें बताया की इस प्रकार के फ्लोटिंग वीड हार्वेस्टर मशीन का प्रयोग जम्मू कश्मीर के सुप्रसिद्ध डल झील, हैदराबाद के हुसैना बांध, गोरखपुर के रामगढ़ झील की सफाई के लिए की जाती है। यह मशीन दिन के साथ साथ रात में भी झील की सफाई करने को लेकर सक्षम है। इसकी क्षमता की बात करें तो झील में फैले सैवाल, पतवार, जलकुंभी, प्लास्टिक एवं कांच की बोतल एवम अन्य अपशिष्टो को छान कर अलग कर सकती है। साथ ही झील के 10 फीट के अंदर तक जड़ जमा चुके सैवाल, पतवार को उखाड़ सकती है। आज इस वीड हार्वेस्टर मशीन का विधिवत उद्घाटन किया जायेगा जिसमे जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## विधायक प्रतिनिधि ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दर्जी मुहल्ला बड़ी मस्जिद के नजदीक स्थित ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल ने फीता काट कर किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि ने कहा की क्षेत्र की समस्या का समाधान और लोगों के सुख दुख में बराबर का भागीदार बनना एक मात्र उद्देश्य है। ट्रांसफार्मर जलने की जानकारी ग्रामीणों ने दी जिसे बदला गया है। वहीं समाजसेवी तहकीक शाह ने बताया की यह ट्रांसफार्मर बुधवार की रात जल गया था। जिससे दर्जनों घर अंधेरे में डूब गये थे। इसकी सूचना विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल को दी गई। उन्होंने दो दिनों के अंदर ट्रांसफार्मर बदलवा कर लगवा दिया। मौके पर पंसस बिक्की खत्री, धनेश्वर राणा, कलाम साह, तहकीक आलम, जाबिर, रइस, आसिफ, चरकु, शम्स रजा, राजा, कैफी मलिक समेत अन्य उपस्थित थे।

## मनोहर राम बने बीस सूत्री अध्यक्ष, लालमोहन रविदास उपाध्यक्ष




**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महागठबंधन के नेताओ और कार्यकर्ताओ को सरकार ने बीस सूत्री कमिटी का दायित्व सौप सौगात दिया है। झामुमो के वरिष्ठ नेता मनोहर राम को प्रखंड बीस सूत्री का अध्यक्ष बनाया गया है, वहीं कांग्रेस के वर्तमान प्रखंड अध्यक्ष लाममोहन रविदास को उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि दिगंबर प्रसाद मेहता, नगीना सिंह, अजय कुमार यादव, दिगंबर मेहता, रामप्रवेश सिंह, बबून हांसदा और सीता देवी को सदस्य बनाया गया है। मनोहर राम ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा की झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड आंदोलनकारी और गरीब के बेटे को जिम्मेदारी सौंपी है। इस दायित्व के लिए झारखंड सरकार को धन्यवाद देता हूं।

## सहायक अध्यापकों के संगठन ने जिला शिक्षा अधीक्षक से मिल सौंपा मांग पत्र



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सहायक अध्यापक के दो संगठन ने जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता से मिलकर अपनी मांगों को रखा और ज्ञापन सौंपा। पहली मांग शिक्षक दिवस के अवसर पर सहायक अध्यापकों को भी सम्मानित किया जाये और दूसरी मांग 17 सितंबर को सरकारी अवकाश एवं तीसरा शनिवार होने के कारण अवकाश प्राप्त है, इसलिए 17 सितंबर 2022 तीसरा शनिवार अवकाश रहने के कारण सरकारी अवकाश को 1 नवंबर 2022 छठ पूजा के अवसर पर दिया जाये। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि 2 छुट्टी पड़ जाने के कारण सरकारी छुट्टी का उपभोग दूसरे दिन आप लोगों को दिया जायेगा और सरकारी शिक्षक की तरह सहायक अध्यापक को भी मेरे तरफ से जिला में सम्मानित किया जायेगा। उपरोक्त बातों को लेकर कार्यालय को निर्देश दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष श्यामदेव यादव, टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के जिला महासचिव दीपक मेहता, सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ के प्रवीण पांडे, सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश वातार्कार समिति सदस्य संजय मेहता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा सदर उत्तरी प्रखंड कमिटी का गठन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर (उतरी) प्रखंड में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रखंड कमिटी का गठन हुआ। जिसमे सर्वसम्मति से रोहित महतो को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। वहीं जानकी महतो को प्रखंड महासचिव, शंकर कुमार राणा, सुरेश कुमार शर्मा, नारायण प्रसाद, रंजीत कुमार यादव को अन्य प्रमुख पदों पर मनोनीत किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव अजय कुमार मेहता, जिला अध्यक्ष बिरजू प्रसाद मेहता प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर कहा कि अक्टूबर में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें सदर प्रखंड से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनावे।

## महूदी पहाड़ जल्द बनेगा पर्यटक स्थल: उमेश मेहता




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उप-प्रमुख बचनदेव कुमार ने बुढ़वा महादेव परिक्षेत्र की वर्तमान परिस्थितियों से जीप अध्यक्ष को अवगत कराते हुवे अर्द्ध निर्मित पीसीसी पथ को पूर्ण करने के साथ-साथ रानी तालाब की गहरीकरण एवं सुंदरीकरण की मांग की। जिसे जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने बहुत जल्द पर्यटक स्थल बनाने का आश्वासन दिया आगे उन्होंने कहा कि है हजारीबाग उपायुक्त को उक्त स्थल का मुआयना करा कर आवश्यक संसाधनों से लैस किया जाएगा साथ ही साथ अधूरा पड़े पीसीसी पथ को पूर्ण करते हुए जर्जर पड़ी सड़कों का मरम्मत किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, बड़कागाँव मध्य जिला परिषद सुनीता देवी, बड़कागाँव उप-प्रमुख बचनदेव कुमार, बुढ़वा महादेव मेला समिति अध्यक्ष अजित कुमार, चित्रदायल महतो, सुरेश महतो, हरिहर महतो, पंचम महतो, स्वरूप नारायण, तीव्रकान्त कुमार, प्रकाश कुमार, इंद्रभूषण, चित्तरंजन कुमार, महेश्वर कुमार, बालकृष्ण महतो, राहुल कुमार, नरेश कुमार, तिलेश्वर महतो आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## अवैध महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा-कोवाड मुख्य मार्ग स्थित दशारो पुल के समीप मरकच्चो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध महुआ शराब के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। गिफ्तार युवक अरुण सुंडी पिता कारू सुंडी ग्राम नईटांड थाना जयनगर एवं लालजीत मेहता पिता संभू मेहता ग्राम पंचगावा थाना डोमचांच के निवासी हैं। जानकारी अनुसार उक्त युवक अपने मोटरसाइकिल जेएच 12 एच 1370 पर तीन गैलन महुआ शराब लोड कर कोडरमा कोवाड मुख्य मार्ग से जा रहा था। पहले से मिली गुप्त सूचना पर मरकच्चो पुलिस मुख्य मार्ग पर मौजूद थी। मरकच्चो थाना प्रभारी सुमित साव ने बताया कि अवैध महुआ शराब के कारोबारियों पर लगातार छापेमारी जारी रहेगा। वही गिफ्तार युवक व मोटरसाइकिल को अग्रेतर करवाई हेतु रविवार को उत्पाद विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है।

## मुखिया और उपमुखिया के प्रयास से मगध में कार्य शुरू

टंडवा (आजाद सिपाही)। मगध परियोजना में जमीन के अभाव मे तीन दिनो से बंद था। उस मगध के देवलगडा पैच को मुखिया सीता देवी और उपमुखिया राजेश साव के प्रयास से रविवार को सुबह चालू हो गया। उपमुखिया राजेश ने बताया कि वर्कर नाराज जरूर थे, समझाने के बाद काम पर लौट गये। इधर जमीन की समस्या के मामले मे रैयत से आपसी सहमति बना ली गयी।

## बेरोजगार ग्रामीणों के लिए रोजगार की मांग को लेकर आजसू नेता तिवारी ने की बैठक

कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू पश्चिमी पंचायत सचिवालय के सभागार में बेरोजगार ग्रामीणों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरिता सिंह और संचालन सुरेश केसरी उर्फ पप्पू केसरी ने की। बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा प्रभारी निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो मौजूद रहे। बैठक के दौरान रामनगर, बमनगर, ट्रांसपोर्ट नगर कुजू समेत आसपास की क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी रोजी रोटी पर आये संकट से रूबरू कराते रोजगार दिलाने की गुहार लगायी। इस दौरान ग्रामीण महिला और पुरुषों ने कहा कि सीसीएल रेलवे साइडिंग कुजू से जलावन के लिए कोयला लाया जाता था, जिसे सीसीएल व आरपीएफ के सुरक्षाबलों द्वारा रोक लगा दी गई। जिसकी वजह से घर का चूल्हा भी जलाना बंद हो गया है। इस बढ़ती महंगाई में गैस सिलेंडर खरीदने का हमारे पास रुपये नहीं है। मौके पर ग्रामीणों ने तिवारी महतो से रोजगार दिलाने की गुहार की। जिसके बाद तिवारी महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पंचायत भवन से पैदल मार्च करते हुए सीसीएल रेलवे साइडिंग पहुंचे। जहां सुरक्षाकर्मियों से जलावन हेतु कोयले का ग्रामीणों को ले जाने देने की बात कही। वही, बेवजह ग्रामीणों को परेशान न करने की बात कही। इधर, तिवारी महतो ने रेलवे स्टेशन कुजू के समीप बन रहे कोयला स्टॉक यार्ड पहुंच कर संचालक से स्थानीय बेरोजगार ग्रामीणों के लिए रोजगार की मांग की। साथ ही, प्रदूषण पर नियंत्रण सहित गिद्दी-नयामोड़ सड़क पर हो जाम पर नियंत्रित करने की बात कही। वही, आरपीएफ के सुरक्षा बलों के साथ भी मुलाकात की। मौके पर नितेश गुप्ता, चिंटू सिंह, विकास चंद्र पटेल, बिनु मेहता, विनोद साव सहित दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद रहे।

## भुरकुंडा व्यवसायी संघ ने विस्थापन रोकने को ले केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को सौंपा ज्ञापन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बरका-सयाल सीसीएल प्रबंधन द्वारा अतिक्रमण को ले दुकानदारों को नोटिस सौंपने मामले पर भुरकुंडा व्यवसायी संघ ने रविवार को आदिवासी जनजातीय कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन में कहा है कि लगभग 1 लाख 30 हजार की आबादी वाले भुरकुंडा क्षेत्र रामगढ़ जिले का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। ब्रिटिश काल के समय से ही यहां के व्यवसायी कई पीढ़ियों से रोजगार के माध्यम से अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं। यह क्षेत्र कोयला क्षेत्र में आता है जो सीसीएल प्रबंधन के अधीन है। यहां सीसीएल द्वारा अंडर ग्राउंड माइनिंग से कोयले की निकासी की जा चुकी है। बावजूद सीसीएल प्रबंधन द्वारा समस्त भुरकुंडा बाजार को खाली करने का नोटिस दिया जा रहा है। जिससे भुरकुंडावासियों सहित व्यवसायियों में भय का माहौल है। ज्ञापन में केंद्रीय मंत्री से यथाशीघ्र इस भय की स्थिति से निजात दिलाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालो में पूर्व पार्षद दर्शन गंझू, सलील मोहन सिन्हा, जयप्रकाश सिंह, राकेश सिन्हा, अनिकेत दुबे, नंदलाल रजक, संजय अग्रवाल आदि व्यवसायी शामिल हैं।

## मुखिया ने निर्माणाधीन फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रिभर साइड भुरकुंडा स्थित बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में जल जीवन मिशन के निमित्त रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन न्यास के मद से सयाल स्थित निमार्णाधीन फिल्टर प्लांट में प्रयोग किये जा रहे सामग्रियों के गुणवत्ता का रविवार को मुखिया सत्यवंती देवी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुखिया ने प्राक्कलन के अनुरूप कार्य होता पाया। निरीक्षण के दौरान वर्क इंचार्ज एवं कनीय अभियंता मिंहाज अंसारी ने मुखिया को बताया कि 55 करोड़ के प्राक्कलन राशि से उक्त कार्य को 2 वर्ष के अंदर पूरा कर लिया जायेगा। साथ ही दो वर्ष के अंदर 14 ग्राम पंचायतों में नल के द्वारा घर-घर जल की आपूर्ति कर दी जायेगी। इस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सयाल उत्तरी, सयाल दक्षिणी, सयाल केके कोलियरी, सेन्ट्रल सौंदा, सीसी एल सौंदा, एके कोलियरी, पतरातू, जयनगर, सौंदा बस्ती, बलकुदरा, बुधबाजार इमली गाछ, बुध बाजार चीप हाउस एवं बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के 940 घरों में 340 का कनेक्शन एवं प्रति माह 62 रूपया की दर से शुद्ध पेय जल की आपूर्ति की जाएगी। बताया गया कि आवश्यकता पड़ने पर यह राशि बढ़ाया भी जा सकता है। निरीक्षण के मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी, मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, विक्की सिंह आदि शामिल थें।

### जय मां सरना वेलफेयर ट्रस्ट के उद्घाटन सम्मान समारोह में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सांसद

# नयी शिक्षा नीति में जागरूक होकर करें काम : अर्जुन

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। स्वालंबन के दिशा में हर व्यक्ति को जागरूकता के साथ जुड़ना चाहिए, बदलते हुए परिवेश में आदिवासी समाज को काम करने की जरूरत है, अपने वजूद, अस्तित्व को बनाए रखने के लिए सुनिश्चित करना होगा कि नयी शिक्षा नीति में जागरूक होकर समाज को काम करने की जरूरत है। प्राचीन सभ्यता के साथ जुड़ कर काम करें। उक्त बातें रविवार को जय मां सरना वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा आयोजित उद्घाटन सह सम्मान समारोह एवं करमा पूर्व संध्या महोत्सव को संबोधित करते हुए आदिवासी कल्याण विभाग के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कही। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से सेवा भाव का प्रारंभ हुआ है, मैं यही उम्मीद करता हूं कि ट्रस्ट अपने उद्देश्य में सफल हो। उन्होंने कहा कि कई योजनायें हैं, लेकिन इन योजनाओं को ट्रस्ट के माध्यम से उतारे और जरूरतमंदों को तक इसका लाभ पहुंचाये। उन्होंने समाज के लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि आगे बढ़े, अंधकार से निकलने के लिए सारे उपायों को सुनिश्चित करें, तभी समाज का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों मैं स्वयं प्रोत्साहित करता हूं।



### अपराधियों को संरक्षण और मनोबल कौन बढ़ा रहा है, जो यह गंभीर सवाल : अर्जुन

दुमका में लगातार घटनाएं घट रही है, इससे पहले एक बालिका को आग से जला कर मारने की घटना घटी, दूसरी घटना एक को मारने के बाद पेड़ से लटका दिया गया। इस तरह की जघन घटना दुमका में घट रही है। जबकि राज्य के मुख्यमंत्री के विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र है, फिर भी ऐसे स्थानों पर स्थिति का बिगड़ना कई गंभीर सवाल खड़े करते हैं। अपराधियों को संरक्षण और मनोबल कौन बढ़ा रहा है, जो यह गंभीर सवाल है। इससे यह लगता है कि इस राज्य में असामाजिक तत्वों का बोलबाला हो गया है। इस राज्य में ऐसे लोग हैं जो तस्करी कार्यों में सम्मिलित है और उनका मनोबल बढ़ गया है। वैसे लोगों को संरक्षक मिल रहा है, यही वजह है कि राज्य में विधि व्यवस्था दयनीय स्थिति सी हो गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए काम है।

### समाज में फैली बुराइयों की वजह से जा रहा है पीछे, इससे बचने की जरूरत: चंद्रप्रकाश

समारोह को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य है कि लोगों की मदद करना है। दबे, कुचले लोगों को एक रास्ते में लाना है, ट्रस्ट का फायदा ले और सहयोग करें, तभी ट्रस्ट समाज के हर वर्गों को लाभ पहुंचा सके। शिक्षा के क्षेत्र में समाज के लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों के लिए मैं हर समय ट्रस्ट के सहयोग के लिए समर्पित रहूंगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेलकूद के क्षेत्र में रामगढ़ जिला आगे बढ़ रहा है और देश स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाया है। स्वागत भाषण ट्रस्ट के अध्यक्ष निरंजन मुंडा ने दिया।

### अतिथियों ने जय मां सरना वेलफेयर ट्रस्ट का किया शुभारंभ

जय मां सरना वेलफेयर ट्रस्ट उद्घाटन सह सम्मान समारोह एवं करमा पूर्व संध्या महोत्सव के उद्घाटनकर्ता आदिवासी कल्याण विभाग के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, जिप सदस्य धनेश्वर महतो, मुखिया किशुनराम मुंडा, कलावती देवी एवं अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### समारोह में ये थे उपस्थित

अमृतलाल मुंडा, सुनील सिंह मुंडा, बासुदेव महतो, घनश्याम महतो, प्रेमशाही मुंडा, नीरज मुंडा, गीता देवी, रश्मि देवी, चुरामन मुंडा, शीला देवी, चंदू मुंडा, योगेंद्र मुंडा, पूनम देवी, सरिता देवी, अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, उत्तम पासवान, अनिल पटेल, नीतीश निराला सहित कई लोग उपस्थित थे।

### गांव का होगा विकास, तब होगा देश विकास: अजुर्न मुंडा



पतरातू (आजाद सिपाही)। केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा रविवार को पतरातू प्रखंड़ कार्यालय पहुंचे। प्रखंड मख्यालय वक्रिग हॉल में प्रखंड क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि राज्य में मैने अपना मुख्यमंत्री काल में पंचायत चुनाव कराया, जिससे गांव में विकास हो सके। क्योकि गांव का विकास होगा तभी देश का विकास होगा। उन्होंने चुने हुए पंचायत प्रतिनिधियों गांव के लोगो को समस्याओं के सामाधन के लिए सक्रिय होकर कार्य करने की बाते कही। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सीओ शिव शंकर पांडेय ने की। इस मौके पर प्रमुख कौशल्या देवी, बीडीओ देवदत पाठक, जिप सदस्य राजा राम प्रजापति, उप प्रमुख बबीता पांडेय, जिप सदस्य जय राम बेदिया, दर्शन गंझु, झरी मुंडा, मुखिया पानो देवी, हीरा देवी, विजय मुंडा, गिरजेश कुमार, सुमन भारती, सीता राम मुंडा, महेंद्र महतो, किशोर महतो, नित्यानंद कुमार, अशोक पाठक, वीरेंद्र झा, हरिदास साव, पंकज सिंह सहित प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधि के अलावा मुखिया और पंसस के पति आदि लोग उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री से जनप्रतिनिधियों ने पतरातू क्षेत्र के समस्यायें रखी। जिनमें प्रमुख रूप से पतरातू में जर्जर व्यवस्था ने मौजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को लेकर ध्यान आकृष्ट कराते यथा सिध्र सुधार की मांग की। इसके अलावे राजनैतिक दलों से जुडें प्रतिनिधियों पे पतरातू के रेलवे फाटक के समीप ओवर व्रिज निर्माण को लेकर ज्ञापन सौपा।

## केशरवानी समाज ने मनायी महर्षि कश्यप मुनि की जयंती



चतरा (आजाद सिपाही)। होटल इवा पैलेस में केशरवानी समाज के नगर अध्यक्ष रामकुमार केशरी के नेतृत्व में महर्षि कश्यप मुनि जी का जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक केशरी ने की। कार्यक्रम भगवान गणेश के पूजा-अर्चना से हुई। अतिथियों ने महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि के साथ दीप प्रज्वलित किया गया। प्रदीप केशरी के द्वारा कश्यप मुनि जी के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही जयंती कार्यक्रम में बच्चो द्वारा भक्ति कार्यक्रम किया। भक्ति गीत में रानी केशरी, मिठू केशरी, किंशु कुमार, कृतिका केशरी, मिष्टी कुमारी, निकी कुमारी, खुशी कुमारी और सृष्टि केशरी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। अंतिम में महक केशरी तीन साल की बच्ची के द्वारा राष्ट्रीय गान के साथ समापन हुआ। उपस्थित लोगो के बीच प्रसाद वितरण किया गया। भोजन कर कार्यक्रम का समापन हुवा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदेश उपाध्यक्ष बिरजू केशरी, नगर उपाध्यक्ष पवन केशरी, नगर मंत्री अवध केशरी, राजू केशरी, नगर कोषाध्यक्ष संतोष केशरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल केशरी, अजय केशरी, बैजनाथ केशरी, अशोक केशरी, विपिन केशरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केशरवानी समाज के हरिओम केशरी, प्रमोद केशरी, मनोज केशरी, टिंकू केशरी, संतोष केशरी, विवेक कुमार, नीलेश केशरी, मुकेश केशरी, रिशु केशरी, रंजन केशरी, नरेश केशरी, दिनेश केशरी, अजित केशरी, रंजीत केशरी, समेत बडी संख्या में महिलाये, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

### ब्लॉक-टू के रैयतों के लिए 40 करोड़ का मुआवजा तैयार, 300 लोगों को मिलेगी नौकरी

# भूमि सत्यापन के काम को एक बार फिर मिली रफ्तार




आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। सीसीएल रजरप्पा कोलियरी का विस्तारीकरण के लिए नए जीएम पीएन यादव ने पहल तेज कर दी है। लंबे समय से प्रबंधन और विस्थापितों के बीच चली आ रही तनातनी खत्म हो गई है। नए जीएम ने विस्थापित होने वाले गांव बोकारो जिले के धवैया में विकास के कई कार्य शुरू करने की योजना बनाई है। इस बीच धवैया के 30 बच्चों को डीएवी रजरप्पा में प्रबंधन द्वारा नामांकन भी करवाया गया है। इन बच्चों को धवैया से लाने और ले जाने के लिए बस सेवा भी शुरू कर दी गई है। इधर, प्रबंधन ने भी रैयतों के मांग के अनुरुप मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्तमान समय में रजरप्पा क्षेत्र में लगभग 1400 सीसीएल कर्मी कार्यरत है जबकि 4500 से अधिक लोग कोलियरी के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़कर जीविकोपार्जन कर रहे हैं सबकुछ ठीकठाक रहा तो शीघ्र ही मुआवजा की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस मामले को लेकर जीएम ने रविवार को ऑफिसर्स क्लब में पत्रकारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई बातों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुआवजा के लिए 40 करोड़ रुपए प्रबंधन के पास उपलब्ध है।

### लगभग 35 वर्षों तक माइंस से नियमित उत्पादन होता रहेगा

रजरप्पा जीएम ने बताया कि धवैया और सिमरबेड़ा को मिलाकर चालू होने वाले ब्लॉक - टू खदान में 70 मिलियन टन कोयले का भंडार है। यह खदान चालू होने से रजरप्पा का भविष्य करीब 35 वर्षों के लिए सुरक्षित हो जाएगा। जीएम के अनुसार, फिलहाल रजरप्पा क्षेत्र में लगभग 1423 कोयला कर्मी और 4500 मजदूर किसी ना किसी रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र को किस तरह आबाद बनाए रखें और यहां का पर्यावरण को कैसे बचाया जाए, यह हम सब की जिम्मेवारी बन गई है। रजरप्पा में लगभग 480 करोड़ रुपए सालाना वेतन सहित अन्य मद में भुगतान होता है। यह राशि स्थानीय बाजार में ही टर्न ओवर के तौर पर जाता है। रजरप्पा और आसपास के क्षेत्रों लोगों का जीवन स्तर और बेहतर हो, इसके लिए शीघ्र ही धवैया के ब्लॉक-टू एरिया को चालू करना होगा। मौके पर स्टाफ अधिकारी(उत्खनन) सुबोध कुमार, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक शम्भु शरण प्रसाद स्टाफ अधिकारी (खनन) पीके रामदास, एसओपी एसके गोस्वामी एसओ(ईएंडएम) मोहन कुमार, एसओसी मनोज कुमार शाह, एसओ (पी एंड पी) एसके सिन्हा, मेटेरियल मैनेजर शैलजा पाठक, एस ओएमआर एसके चौधरी मौजूद थें।

**एक नजर : रजरप्पा ब्लॉक टू कोलियरी**

कुल फॉरेस्ट ब्लैंड : 277.15 हेक्टेयर।
कुल रैयती व जीएमके लैंड : 1400 हेक्टेयर।
कुल कोयले का स्टॉक : 72 मीलियन टन।
प्रतिवर्ष उत्पादन लक्ष्य : ती मीलियन टन।
विस्थापित होने वाले गांव : धवैया, सिमराबेड़ा और गोपो।

## एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ ने शराब कारोबारियों के विरुद्ध की कार्रवाई



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। एसपी पीयूष पांडेय के निर्देश पर शराब कारोबारियों के विरुद्ध मांडू में कार्यवाई की गई है। कार्रवाई में 25 कार्टून शराब लदा पिकअप वैन को जब्त किया गया है। जबकि वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। उक्त मामले की जनकारी एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया। एसडीपीओ किशोर कुमार ने बताया कि एसपी पीयूष पांडेय को गुप्त सूचना मिली कि उजले रंग की पिकअप वैन संख्या बीआर 1जिए 9264 पर रांची की ओर से शराब लेकर हजारीबाग की ओर जा रही है। जिसके बाद मुझे उक्त वाहन को जब्त करने का निर्देश पर मिला। निदेर्शानुसार उक्त वाहन को पकड़ लिया गया। जिसके बाद जांच करने पर वाहन पर तीन कंपनियों के 25 कार्टून में पैक करीब 650 बोतल शराब जब्त किया गया। साथ ही चालक बजरंग कुमार पिता वासुदेव साव बरियातू केरेडारी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद चालक सहित वाहन मालिक उमेश साव, पप्पू महतो पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापामारी में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, मांडू थाना प्रभारी नवीन कुमार, दरोगा संतोष कुमार गुप्ता,अनिल हेंब्रम सहित अन्य शामिल थे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन ने अंकिता के हत्यारे को फांसी की सजा की मांग की




कुजू (आजाद सिपाही)। उज्जवला फाउंडेशन की बैठक बोंगाबार स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति एवं संचालन वीणा देवी ने की। बैठक के दौरान अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने मौजूद सदस्यों को फाउंडेशन के मूल उद्देश्यों से अवगत कराया गया। साथ ही कहा गया कि फाउंडेशन के बेहतर कार्यों को देखते हुए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा द्वारा फिलहाल फाउंडेशन के नाम से दो लाख रुपये दिये जाने की घोषणा की गई है। उम्मीद है यह फाउंडेशन भविष्य में एक अच्छे पायदान पर खड़ा होगा तथा इससे जुड़े सदस्यों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। बाद में मौजूद महिला सदस्यों ने कैंडल जलाते हुए झारखंड की बेटी अंकिता सिंह को याद कर उसके हत्यारे शाहरुख को जल्द से जल्द फांसी की सजा देने की मांग सरकार से की। मौके पर शीला कुमारी, वीणा कुमारी, सुमन देवी, कौशल्या देवी, आशा कुमारी, शांति देवी, पूनम देवी, फुलकी देवी, मंजू देवी, ललिता देवी, सरिता देवी, रेखा देवी, कर्मी देवी, रूमा देवी, कंचन देवी, करीना देवी, सोनम कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## 72 वर्षीय बुजुर्ग को मिली नयी जिंदगी, क्यूरेस्टा हॉस्पिटल में पेस मेकर सुविधा उपलब्ध



रांची (आजाद सिपाही)। गंभीर अवस्था मे अस्पताल लाय गये रामगढ़ के 72 वर्षीय बुजुर्ग की पेस मेकर लगा कर बचायी गयी जान। बेहोसी और कमजोरी के कारण मरीज की हालत गंभीर बनी हुई थी। दी क्यूरेस्टा हॉस्पिटल मे आधे घंटे चले ऑपरेशन मे पेस मेकर लगाया गया। हृदय रोग विशेषग्य डॉ कुमार प्रवीण ने जानकारी दी कि मरीज को अभी तक का सबसे आधुनिक ड्यूएल चैम्बर पेस मेकर लगाया गया है। मरीज की हालत अब काफी बेहतर है और स्वास्थ्य मे काफी तेजी से सुधार हो रहा है। मरीज के परिजनों ने डॉक्टर्स और दी क्युरेस्टा हॉस्पिटल की सेवा भावना और आधुनिक तरीके से की गई इलाज की काफी सराहना की। क्यूरेस्टा हॉस्पिटल में मरीजों की सेवा की लिए आधुनिक उपकरणों द्वारा प्रख्यात नेफ्रॉलोजिस्ट डॉ घनश्याम सिंह के देख रेख में डायलिसिस की सेवा उपलब्ध करायी जा रही है। इस हॉस्पिटल मे गैस्ट्रोएंटरोलॉजी की सुविधा भी विशेषग्य डॉक्टर्स के द्वारा शुरू कर दी गयी है। लेपरोस्कॉपिक और जनरल सर्जरी के साथ साथ स्त्री रोग, हड्डी रोग, शिशु रोग, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और जनरल मेडिसिन की उच्चय स्तरीय सुविधा पहले से उपलब्ध है।

## पूर्व अध्यक्षों को किया सम्मानित

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रांची रोड स्थित जिमखाना क्लब के सभागार में शनिवार की देर शाम चार्टर डे मनाया गया। चार्टर डे पर आयोजित समारोह का विधिवत शुभारंभ चार्टर अध्यक्ष उमेश रजगढ़िया, पूर्व अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, संदीप अग्रवाल व क्लब के अध्यक्ष हरीश चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व केक काटकर किया। समारोह को संबोधित करते हुए क्लब के अध्यक्ष हरीश चौधरी ने क्लब के सदस्यों के बीच उपलब्धियों को रखा। वहीं, क्लब के सदस्यों से समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़ कर सहभागिता निभाने की अपील की। संबोधन के बाद क्लब व समाजसेवा के प्रति बेहतर कार्य करनेवाले तीन पूर्व अध्यक्ष को प्रतिक चिन्ह देकर व फूलों का गुच्छा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही चार्टर डे पर रोटरी रामगढ़ सिटी के सदस्यों ने क्लब को समाजसेवा के क्षेत्र में अलग पहचान दिलाने व बुलंदियों पर पहुंचाने का निर्णय लिया।

**नाम परिवर्तन**

शपथ पत्र संख्या 51 दिनांक 03.03.2022 के अनुसार मैं, जाशो बड़ाईक, पति चौधरी बड़ाईक निवास ग्राम-पो. बनसिया, थाना-सिल्ली जिला-रांची। झारखंड 835102 शपथ पूर्वक बयान करती हूं जो सही एवं सत्य है।

1. यह है कि मैं भारतीय नागरिक हूं।
2. यह है कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
3. यह कि मेरा सही नाम जाशो बड़ाईक है जो बैंक एकाउण्ड एवं पति का पेंशन बुक में दर्ज है।
4. यह कि मेरा नाम आधार कार्ड में यशोदा देवी दर्ज है जो गलत है। जिसका आधार सं. 656187992080 है।
5. यह कि जाशो बड़ाईक एवं यशोदा देवी दोनों नाम एक ही महिला का नाम है जो मैं स्वयं हूं।

# पाकिस्तान में बाढ़ परीक्षा की घड़ी

पाकिस्तान में आयी बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। अब तक की सूचना के मुताबिक 1100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। देश की आबादी का सातवां हिस्सा विस्थापित हो गया है। शुरूआती अनुमान के मुताबिक कम से कम 10 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। संकट की इस स्थिति में स्वाभाविक ही दुनिया भर से मदद की पेशकश आने लगी है। लेकिन जिस तरह की आर्थिक चुनौतियों से पाकिस्तान पिछले कुछ समय से गुजर रहा है, उनके मद्देनजर इस आपदा से उपजी मुश्किलें इन सहायता सामग्रियों से हल होने वाली नहीं हैं। बेशक इनसे तात्कालिक मदद मिल जायेगी, जो अभी जरूरी भी है, लेकिन कठिनाइयां कई स्तरों पर आने वाली हैं। बाढ़ के चलते खेतों में खड़ी फसलें तबाह हो गई हैं। इस लिहाज से कुछ समय बाद वहां खाने-पीने की वस्तुओं की किल्लत हो सकती है। बाढ़ के कारण बलूचिस्तान, सिंध और दक्षिण पंजाब से सब्जियों की सप्लाई बाधित हो गयी है और इनकी कीमतें पहले ही आसमान छू रही हैं। ऐसे में पाकिस्तान के वित्त मंत्री का यह बयान महत्वपूर्ण है कि उनकी सरकार सब्जियां और अन्य खाद्य वस्तुएं भारत से आयात करने पर विचार कर सकती है। सर्वविदित है कि भारत और पाकिस्तान के संबंध अरसे से अच्छे नहीं चल रहे हैं।

**च है कि दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की प्रक्रिया बेहद जटिल है, लेकिन इस जटिलता को एक तरफ करके फिलहाल कम से कम व्यापार को धीरे-धीरे सामान्य रूप देने पर सहमति हो जाये, तो वह भी एक उपलब्धि होगी।**

फिर भी भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाढ़ की इस विभीषिका को देखते हुए पाकिस्तान के लोगों के प्रति संवेदना जतायी और उम्मीद जतायी कि वहां जल्द से जल्द हालात सामान्य हो जायेंगे। इतना ही नहीं, संकट काल में पाकिस्तान के लिए सहायता की घोषणा करने पर भी विचार चल रहा है। ध्यान रहे, दोनों देशों के बीच रिश्तों में उतार-चढ़ाव का प्रभाव आपसी व्यापार पर भी पड़ा है। फरवरी 2019 में हुए पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान का एमएफएन (मोस्ट फेवर्ड नेशन) का दर्जा समाप्त कर दिया था। उसने पाकिस्तान से होने वाले आयात को बैन तो नहीं किया लेकिन वहां से आने वाले माल पर शुल्क 200 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। इसके बाद अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 के तहत मिला विशेष दर्जा खत्म किए जाने पर पाकिस्तान की तत्कालीन इमरान खान सरकार ने भारत से हर तरह के व्यापार को स्थगित कर दिया था। हालांकि उसके बाद से धीरे-धीरे दवाओं और अन्य कई वस्तुओं के व्यापार की इजाजत मिली है, लेकिन फिर भी यह 2019 के सालाना 2.6 अरब डॉलर के स्तर से काफी नीचे है। ऐसे में दोनों देश चाहें तो बाढ़ के रूप में आई इस आपदा को अवसर में बदल सकते हैं। सच है कि दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की प्रक्रिया बेहद जटिल है, लेकिन इस जटिलता को एक तरफ करके फिलहाल कम से कम व्यापार को धीरे-धीरे सामान्य रूप देने पर सहमति हो जाये, तो वह भी एक उपलब्धि होगी।

**शिक्षक दिवस पर विशेष**

**आज बदलते समय में यह जरूरी हो गया है कि बच्चों को किताबी ज्ञान से पूर्व ही संस्कार का ज्ञान जरूरी है। यदि संस्कारवान युक्त ज्ञानी बनेगा, तो वह कभी दुखी नहीं रह सकता। अभावों में भी वह लड़ने की क्षमता रखेगा। सामाजिकता यदि रहेगी तो वह हमेशा जिंदा दिल रह सकता है, वरना अभावों के समय वह तुरंत निराशा में चला जायेगा। यह शिक्षा परिवार को व गुरु को दोनों को निभानी पड़ेगी, वरना आने वाली पीढ़ी अर्थवान हो सकती है, लेकिन संस्कारवान नहीं और संस्कार के बिना अर्थ बेमतलब सिद्ध होता है।**

# परिवार, गुरु व शिष्य तीनों को समझना होगा, अर्थ से पहले जरूरी है संस्कार



स्वाती सिंह



पहले एमबीए, बीटेक आदि में लगभग सभी छात्र सामान्य से कुछ ऊपर परिवारों से ही आते थे। उनमें हर वक्त स्मार्ट बने रहने की ललक भी दिखती थी, यह ललक अब भी दिखती है लेकिन इसी में कुछ ऐसे भी आते हैं, जो अभाव में जिंदगी गुजार कर भी अच्छी पढ़ाई के लिए लालायित रहते हैं। इसी तरह का एक हमारा शिष्य था योगेश। जहां दूसरे विद्यार्थी कार, मोटरसाइकिल से आते थे, वहीं वह साइकिल से आता था। क्लास में हमेशा प्रश्न पूछने की जिज्ञासा बनी रहती थी। उसके सामान्य वेष-भूषा पर दूसरे लड़के उसको कभी-कभार चिढ़ाते भी थे, लेकिन जब रिजल्ट तो वह पूरे क्लास में टाप किया। उसकी पढ़ने के प्रति जिज्ञासा देख कर मैं क्लास से इतर उसे घर पर भी पढ़ाती थी। बाद में पूरी फेकेल्टी में टाप किया।

यह योगेश की हकीकत मात्र एक उदाहरण है। 2001 से एक दशक तक लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य के अनुभवों के आधार पर यह कह सकती हूं कि शिक्षा का स्वभाव 'अभाव' है। यदि अभाव की अनुभूति नहीं हुई तो आगे बढ़ने व शिक्षा में ध्यान केंद्रित करने की ललक भी मर जायेगी। सुसभ्य व सुसंस्कृति की शिक्षा भी ज्यादातर अभाव में ही मिलती है, जिसकी आज बहुत जरूरत है। यदि शिक्षा ग्रहण करते समय शिष्य खुद को राजा समझे तो वह कभी गुरु के शरण में नहीं रह सकता। ऐसे में उसके मन में हमेशा धन का घमंड रहेगा। यदि उसके धन का घमंड रहा तो वह कभी शिक्षक के कही बात को अपने मन में नहीं उतार सकता। इसी कारण तो गुरुकुल परंपरा बनी थी। जहां राजा दशरथ के पुत्र आदर्श भगवान श्रीराम भी आश्रम में जाकर ही शिक्षा ग्रहण किये। आश्रम में रहते हुए जंगलों की लकड़ियां बिनकर हमेशा आश्रम के भोजन की व्यवस्था करते रहे। क्या राजा दशरथ अपने घर में पढ़ाने की व्यवस्था नहीं कर सकते थे, लेकिन घर में वह अभाव की अनुभूति नहीं हो सकती। यदि अभाव की अनुभूति नहीं होगी तो स्वभाव में परिवर्तन नहीं हो सकता। स्वभाव को संस्कारवान बनाने के लिए अभाव की अनुभूति जरूरी है।

**हमें अपनी संस्कृति का ज्ञान बच्चों में कराना होगा। गुरु को भी बच्चों के सामने अर्थ नहीं, गुरु-शिष्य परंपरा को अपनाना होगा।**

आज बदलते समय में यह जरूरी हो गया है कि बच्चों को किताबी ज्ञान से पूर्व ही संस्कार का ज्ञान जरूरी है। यदि संस्कारवान युक्त ज्ञानी बनेगा तो वह कभी दुखी नहीं रह सकता। अभावों में भी वह लड़ने की क्षमता रखेगा। सामाजिकता यदि रहेगी तो वह हमेशा जिंदा दिल रह सकता है, वरना अभावों के समय वह तुरंत निराशा में चला जायेगा। यह शिक्षा परिवार को एवं गुरु को दोनों को निभानी पड़ेगी, वरना आने वाली पीढ़ी अर्थवान हो सकती है, लेकिन संस्कारवान नहीं और संस्कार के बिना अर्थ बेमतलब सिद्ध होता है। यदि आपने अपने बुढ़ापे की लाठी के रूप में अपने पुत्र को धनवान बना ही दिया और वह लाठी बनकर आप पर टूट पड़े तो फिर वह संस्कार विहीन शिक्षा का क्या औचित्य। इसे आज बहुत जरूरी है समझना।

जितने पहले के लोग हैं, सभी को याद होगा, बच्चों की पुस्तकों में एक नैतिक शिक्षा की भी किताब होती थी। उसके पीछे कहानियों के माध्यम से बच्चों में संस्कार डालना उद्देश्य था। हकीकत भी है, उसका असर भी होता है। पहले दादा-दादी का भी एक महत्वपूर्ण काम हुआ करता था, बच्चों को अच्छी कहानियां सुनाना। वह भी बच्चों को संस्कारयुक्त बनाने में महती भूमिका निभाते थे, लेकिन आज हम अच्छे स्कूलों में दाखिला कराकर अपने कर्तव्यों का इतिश्री कर लेते हैं। हमारे पास बच्चों को समय देने के लिए समय का ही अभाव रहता है या समय रहने पर भी हम समय नहीं दे पाते। जब हम अपने बच्चे को समय नहीं दे पाते, ऐसे में हम स्कूल में सैकड़ों बच्चों के साथ सिर्फ अध्यापक से समय देने की बात कैसे सोच सकते हैं।

अब देखिये न 31 अगस्त को झारखंड के दुमका के गांव में छात्रों अपने गुरु को पेड़ में बांध कर इस कारण पीटा, क्योंकि उन्होंने प्रैक्टिकल में कम नंबर दिये थे। यही नहीं, इसका विधिवत विडियो भी बनाया, जिसमें कहते हुए सुने जा रहे थे कि इसे वायरल करना है। यह सवाल सिर्फ क्राइम का नहीं है। यह सवाल संस्कारों का है, जो गिरता जा रहा है। ऐसे में क्या वे शिष्य कभी वैसे गुरु से पढ़ पायेंगे, क्या ऐसे शिष्यों के सामने कभी गुरू की गुरुता प्रकट हो सकती है। वे खुल कर कभी पढ़ा सकते हैं। ऐसी परिस्थिति में तो अध्यापक भी केवल अपनी औपचारिकता पूरी करने और वेतन लेने के लिए प्रतिबद्ध हो जायेगा। यह तो एकमात्र उदाहरण है। कुछ ऐसी परिस्थितियां कई बार बन जाती हैं, जिससे गुरु शिष्य की परंपरा ही समाप्त प्राय हो जाती है। न गुरु पढ़ा पाता है और न ही शिष्य पढ़ता है। दोनों अपनी-अपनी औपचारिकता पूरी कर चलते बनते हैं।

इस तरह से गुरु और शिष्य के बीच बढ़ते दुराव के लिए कोई एक दोषी नहीं है। इसके लिए दोनों दोषी हैं। अपने अनुभवों के आधार पर कह सकती हूं कि अर्थ के युग ने संस्कृति का ह्रास कर दिया है। अधिकांश मां-बाप अच्छे स्कूल में भेजकर, अच्छी फीस जमा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। न बच्चों के बदलते व्यवहार पर कभी ध्यान देते हैं और न ही उनके अध्यापकों से जाकर मिलना पसंद करते हैं। इससे बच्चे भी मनमानी होने लगते हैं। इसी के लिए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और योगी आदित्यनाथ बार-बार संस्कार युक्त शिक्षा पर जोर देते हैं।

विशेष कर संस्कार और उच्च गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए तो राज्यपाल का प्रदेश सदा आभारी रहेगा। मैं जहां तक देखती हूं, उच्च शिक्षा विभाग की जब भी बैठक होती है, चाहे एवं किसी मुद्दे पर हो, बच्चों में संस्कार युक्त शिक्षा देने की बात करना राज्यपाल नहीं भूलतीं। उनके आने के बाद तो उप्र के विश्वविद्यालयों को कायाकल्प ही हो गया। उन्हीं के आने का नतीजा रहा कि कभी नैक मूल्यांकन कराने से भी दूर रहने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय आज ए प्लस, प्लस के साथ प्रदेश के सर्वोच्च विश्वविद्यालयों में सुमार हो गया। इस अर्थ के जमाने में गुरु-शिष्य व परिजन तीनों को समझना होगा। मैं अर्थयुग की विरोधी नहीं हूं। बदलते जमाने के साथ बदलाव भी जरूरी है, लेकिन यदि हम अपनी भाषा एवं सभ्यता को छोड़ दूसरों का नकल करें तो वैसे हम एक कदम आगे नहीं बढ़े, जब हम खुद की अच्छाई को समेटे हुए दूसरों की अच्छाई को भी अपने में समाहित करते हैं, तब तो हम प्लस करते हैं। हमें प्लस करने पर विचार करना होगा। अपनी संस्कृति का ज्ञान बच्चों में कराना होगा। गुरु को भी बच्चों के सामने अर्थ नहीं, गुरु-शिष्य परंपरा को अपनाना होगा। उसके सामने यह दिखाने की जरूरत होगी कि वे हर कदम पर अपने शिष्य के साथ हैं। परिवार के सदस्यों को भी अपने बच्चों को एहसास कराना होगा कि गुरु से शिक्षा तभी ग्रहण की जा सकती है, जब उसकी शिष्यता ग्रहण की जाये।

**(लेखिका : प्रदेश सरकार में मंत्री एवं लखनऊ विश्वविद्यालय में 2001 से एक दशक तक अध्यापन का कार्य कर चुकी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# डालसा ने लगाया कैदियों के लिए जागरूकता शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से घाघीडीह सेंट्रल जेल में कैदियों के लिए कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित शिविर में प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी आदित्य एवं मोनिका श्रीवास्तव मौजूद रहे। दोनों न्यायिक दंडाधिकारियों ने महिला एवं पुरुष कैदियों को गिरफ्तारी के समय उनके क्या अधिकार हैं। इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही निःशुल्क कानूनी सहायता कैसे एवं कहां से प्राप्त करें इसके बारे में बताया। मौके पर कैदियों को जानकारी देते हुए कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार कैदियों के अलावे आम लोगों को भी निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करती है। इसके लिए प्राधिकार से जेल प्रशासन अथवा पीएलवी के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

**सवालों का दंडाधिकारियों ने दिया जवाब :** जेल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कई कैदियों ने अपने अधिकारों से जुड़ा सवाल न्यायिक दंडाधिकारियों से किया। जिसका दोनों न्यायिक दंडाधिकारियों ने जवाब दिया।साथ ही उन्हें बताया जेल मैन्युअल के हिसाब से कैदियों को क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जानी है इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान लॉ इंटर्न एवं जेलर भी मौजूद रहे। सभी ने कानून में वर्णित कैदियों के अधिकारों की जानकारी दी।

# टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री के असामयिक निधन पर रघुवर ने जताया शोक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा संस के पूर्व चेयरमैन और शापूरजी पालोनजी ग्रुप के एमडी रहे साइरस मिस्त्री का रविवार को सड़क हादसे में निधन हो गया। साइरस मिस्त्री के असामयिक निधन पर भाजपा ने गहरा शोक जताया है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने साइरस मिस्त्री के निधन को उधोग जगत के लिए बड़ी क्षति बताते हुए कहा कि हमने एक युवा और नवीन सोच वाले कुशल उधमी को खो दिया। उनके निधन से भारतीय उद्योग जगत ने अपना एक चमकता सितारे खो दिया। देश की आर्थिक प्रगति में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जायेगा। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करता हूं। ईश्वर उनके परिवारजनों और मित्रों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

**ट्विटर और फेसबुक अकाउंट हैक :** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का ट्विटर और फेसबुक अकाउंट हैक कर लिया गया है। सभी से आग्रह है कि अकाउंट से मांगी जा रही किसी प्रकार की सूचना शेयर ना करें। दोनों अकाउंट को जल्द ही रिस्टोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत झारखंड प्रांत की बैठक में विद्यार्थी गोष्ठी को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत झारखंड प्रांत की प्रांतीय बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस ने सभी सदस्यों को संबोधित किया। इस अवसर पर पूरे झारखंड राज्य के कुल छह जिले के कार्यकर्ता शामिल रहे। मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य और प्रांत कार्यकारिणी के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।



कार्यक्रम का आरंभ सामूहिक गीत संगठन मंत्र, मां भारती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर सभी अतिथियों के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित की गई। राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर को प्रांतीय कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष चंद्रनाथ बनर्जी ने तुलसी पौधा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पालक अधिकारी आनंद तुलस्यान को अंशु सिंह, अध्यक्ष पिंटू चाकिया को राहुल, उपाध्यक्ष बिमला हेम्ब्रम को अशोक सिंह और सचिव डॉक्टर कल्याणी कबीर को दृष्टि विश्वकर्मा ने तुलसी पौधा लेकर सम्मानित किया। प्रथम सत्र में दिनकर सबनीस ने कहा कि ग्राहक पंचायत का मूल उद्देश्य व्यापक जागरण करना है। साथ ही ग्राहक की दृष्टि को खोलना है। मुखर होकर प्रश्न पूछना ही ग्राहक का स्वभाव होना चाहिए। हर शहर व हर मोहल्ले में ग्राहक मार्गदर्शन केंद्र होना जरूरी है। साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिए हर? बातचीत समन्वय से आरंभ हो। इससे एक अच्छी संतुलित आर्थिक व्यवस्था समाज में बनी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान सदस्यता अभियान में लगभग दो सौ से अधिक लोगों ने संगठन की सदस्यता ली। सदस्यता अभियान के टेक्निकल सहयोगी दल में प्रियंका झा, रवि प्रकाश, अंशु सिंह,अजय सिंह, दृष्टि विश्वकर्मा, पिंटू चाकिया जी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। द्वितीय सत्र में विद्यार्थी गोष्ठी की गई। जिसमें कुल दो सौ विद्यार्थियो की उपस्थिति रही। दिनकर सबनीस ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा इस पृथ्वी पर अवतरित हर मनुष्य ग्राहक है। फिर भी आज तक ग्राहक शक्ति उपेक्षित है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का मूल मंत्र है ग्राहक एवं राजा अर्थात ग्राहक राजा है। अतिथि वक्ता विद्या भारती चिन्मया विद्यालय के सचिव विष्णु दीक्षित ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा आज पाठ्यक्रम में परिवर्तन की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ साथ व्यावहारिक जीवन के लिए भी ज्ञान होनी चाहिए। इस अवसर पर संगठन की सक्रिय और कर्मठ सदस्या डॉली परिहार को तुलसी पौधा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांतीय संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति, कोषाध्यक्ष चंद्रनाथ बनर्जी, पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष पप्पू सिंह, रोजगार सृजन आयाम प्रमुख अशोक सिंह,प्रांतीय अध्यक्ष पिंटू चाकिया,कपिल हुईं,अजय सिंह, राहुल सिंह, सतेंद्र सिंह, गौरव सिंह की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम के दोनों सत्र का संचालन रवि प्रकाश और पहले सत्र का धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष श्रीमती बिमला और दूसरे सत्र में धन्यवाद ज्ञापन अंकेश भुईंया ने किया।

# द ग्रेजुएट कॉलेज में शिक्षक दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** साकची स्थित द ग्रेजुएट कॉलेज बीएड की छात्राओं ने कॉलेज परिसर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्य डॉ मुकुल खंडेलवाल शामिल हुए। शनिवार को शिक्षक दिवस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुरूआत की गई। मौके पर छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत का प्राचार्य डॉ मुकुल खंडेलवाल का स्वागत किया। मौके पर प्राचार्य ने कहा सही मार्ग



दिखाने वाला ही शिक्षक होता है। उन्होंने कहा शिक्षक के बिना कोई भी शिक्षित नहीं हो सकता है। मौके पर बीएड की छात्राओं ने शिक्षक दिवस पर केक कटिंग किया। इस अवसर पर बीएड के को-ऑर्डिनेटर डॉ मुकुल भेगराज एवं बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ विशेश्वर यादव ने शिक्षक के महत्व को विस्तार से बताया। मंच का संचालन निकिता कुमारी और जानवी शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नगमा परवीन ने की। मौके पर डॉ अपराजिता, डॉक्टर पूनम ठाकुर, प्रीति सिंह, इंदू सिन्हा, डॉक्टर मीनू वर्मा, श्वेता दुबे, प्रियंका कुमारी, प्रेमलता, दीपिका कुमारी, डॉ श्वेता बागडे, माधवी, सरिता के साथ ही बी.एड की छात्राएं सुरभी गुप्ता, रितिका गोयल, सोनी, रुचि काजल, शेफाली समद, गंगा सहिस, स्नेहा, लवली, झरना, सरोज, रूबी, रतन प्रिया झा, मेघा,पूजा, संगीता, मौमिता, संगीता, ज्योति शामिल रहे।

# टाटानगर से चक्रधरपुर के लिए चली नयी पैसेंजर ट्रेन



**सांसद विद्युत वरण महतो ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटानगर स्टेशन से चक्रधरपुर के लिए रविवार को एक पैसेंजर ट्रेन की शुरुआत की गयी। टाटानगर रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन को सांसद विद्युत वरण महतो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन के चलने से कई ग्रामीणों को लाभ मिलेगा. कई ग्रामीण काम की तलाश में शहर आते थे। इस रूट पर ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। यह ट्रेन दोपहर 3.25 बजे टाटानगर स्टेशन से खुलेगी और शाम 5.00 बजे चक्रधरपुर पहुंचेगी। इस बीच इस ट्रेन का ठहराव आदित्यपुर, गम्हरिया, बीरबांस, सीनी, माहलीमरूप, राजखरसावां और बड़ाबंबो स्टेशन पर होगा। चक्रधरपुर से यह ट्रेन सुबह 10.20 बजे खुलेगी और सुबह 11.50 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंचेगी। इस दौरान सांसद विद्युत वरण महतो ने बताया कि इस ट्रेन की मांग काफी दिनों से चल रही थी। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर और बारीगोड़ा रेलवे फाटक के पास रेलवे अंडर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव उनके द्वारा दिया गया है। इन फाटक पर लोगों को काफी लंबे समय तक इंतेजार करना पड़ता है। उन्होंने रेल मंत्री से मांग की है कि 15 सितंबर तक डीआरएम को जांच करने के लिए भेजा जाये। इलाके का सर्वे कर सरकार के साथ मिलकर अंडर ब्रिज का निर्माण कराया जाये।

# बर्मामाइंस के पास महिला से छिनतई का प्रयास, गिरने से तीन घायल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बर्मामाइंस थाना अंतर्गत सुनसुनिया गेट के पास स्कूटी से अपने पति और बच्चे के साथ जा रही महिला से बाइक सवार अपराधियों ने पर्स छिनतई का प्रयास किया। हालांकि, अपराधी अपने इस मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाये। इस घटना में स्कूटी चला रहा व्यक्ति अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया, घटना में स्कूटी सवार पति-पत्नी और बच्चा घायल हो गये तीनों को चोट आयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सड़क पर गिरे पति-पत्नी और बच्चे को उठा कर एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार स्कूटी पर सवार होकर पति पत्नी साकची की ओर जा रहे थे। साकची की ओर जाने के क्रम में सुनसुनिया गेट के पास अंधेरे का फायदा उठा कर पीछे से बाइक सवार दो अपराधी आये और महिला से पर्स की छिनतई करने लगे। छिनतई करने के दौरान स्कूटी अनियंत्रित हो गयी, जिससे स्कूटी सवार सड़क पर गिर गये।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्रीकृष्ण गोशाला समिति के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्विरोध हुआ चुनाव



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** श्रीकृष्ण गोशाला समिति, गढ़वा के पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को श्रीकृष्ण गोशाला परिसर में सम्पन्न हुआ। श्री कृष्ण गोशाला चुनाव समिति के अध्यक्ष सुभाष केशरी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा संचालन कंचन साहू द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम में अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष हेतु उपेंद्र सिंह तथा रितेश कुमार दूबे, सचिव हेतु रमेश कुमार दीपक, सह सचिव के लिए कमलेश कुमार केशरी तथा कोषाध्यक्ष के लिये श्याम सुंदर गुप्ता को निर्विरोध चुने जाने की घोषणा चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष द्वारा की गयी। श्री कृष्ण गोशाला समिति का आज का चुनाव बारह बरस के बाद हुआ है। यह चुनाव 2022 से 2027 तक का पांच वर्षों के लिये हुआ है। आज का श्री कृष्ण गोशाला का चुनाव ऐतिहासिक रहा। क्योंकि श्रीकृष्ण गोशाला के सदस्यों के बीच से अन्य पदाधिकारी तथा अध्यक्ष चुने गए, जबकि पहले अनुमंडल पदाधिकारी ही पदेन अध्यक्ष हुआ करते थे। कार्यक्रम में लगभग पांच सौ लोग उपस्थित हुए। जिसमें मुख्य रूप से गिरिनाथ सिंह, अलखनाथ पाण्डेय, विजय केशरी, नंद कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश केशरी जिलाध्यक्ष भाजपा, आनंद प्रकाश दूबे, राकेश पाल, बिनोद कमलापुरी, दौलत सोनी आदि अधिकतम संख्या में लोग उपस्थित थे।

### वज्रपात से मृत दो महिलाओं के परिजनों को गिरिनाथ सिंह ने खाद्य सामग्री देकर किया सहयोग



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम मझिगांवा में 2 सितंबर को हुए वज्रपात से मृत दो महिलाओं के परिजनों से पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह एवं बाल श्रम आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने मुलाकात कर उन्हें खाद्य सामग्री प्रदान किया और दुःख की घडी में ढांढस बंधाते हुए साथ रहने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि उक्त गांव के अजय उरांव की पत्नी फूलवंती देवी 25 वर्ष एवं कृष्णा उरांव की पत्नी सिमित्री देवी 40वर्ष आदिवासी परिवार के दो महिला जो आपस में दोनों गोतनी थीं, धान रोपने के दौरान अचानक तेज बारिश घोर गर्जना के साथ शुरू हो गयी। जिससे दोनों महिला प्लास्टिक के टोपी ओढ़कर कियारी की आरी पर बैठ गई। इसी दौरान वज्रपात हो गई और दोनों घायल हो गयीं। जिन्हें रंका अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया, जिन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### कुम्बा पंचायत सचिवालय में आयुष चौपाल का किया गया आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुम्बा पंचायत सचिवालय में राजकीय आयुर्वेद औषधालय के तत्वावधान में आयुष चौपाल का आयोजन किया गया। आयुष चौपाल का शुभारंभ आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज प्रसाद, विपेश राजतामंग, योग प्रशिक्षक शशि कुमार चौधरी, प्रियंका द्विवेदी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज प्रसाद ने ग्रामीणों के बीच बिरसा जीवन आयुष कीट एवं योगा पुस्तक का वितरण किया। डॉ रामानुज प्रसाद ने चौपाल से संबंधित आयुष के सभी पद्धति को जैसे आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी, योगा तथा सिद्धा के सम्बंध में उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी दी। योग प्रशिक्षक शशि कुमार द्वारा योग प्राणायाम, व्यायाम के द्वारा आजीवन रूप से रोगों से दूर कैसे रहे की जाये, इसकी जानकारी दी गयी। आयुष चौपाल में पंचायत के मुखिया विवेक कुमार, उप मुखिया मुकेश चौधरी, महावीर चौधरी, सुरेश प्रसाद यादव, संजीत कुमार, सहिया, योग प्रशिक्षक, शशि कुमार, विपेशराज तामंग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**प्रदर्शन :** रिटायर्ड आर्मी के जवान की सड़क दुर्घटना में मौत पर आक्रोश

# दुर्घटना की जांच और मुआवजा की मांग को लेकर परिजनों ने किया सड़क जाम

**डेढ़ माह पूर्व सड़क हादसे में ही पत्नी की हुई थी मौत, नौनिहाल दो बच्चे हुए अनाथ**

**परिजनों ने की अनाथ बच्चों को सरकारी खर्च पर शिक्षा दिलाने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा/मेराल। नेशनल हाईवे 75 पर शनिवार की रात्रि में सड़क दुर्घटना में रिटायर्ड आर्मी के जवान विकास कुमार सिंह की मौत के बाद परिजनों ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को सदर अस्पताल के सामने सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि यह सड़क हादसा नहीं बल्कि हत्या कर सड़क हादसा का रूप दिया गया है। सड़क जाम में परिजनों के साथ शामिल राजद के जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने मामले की जांच कराने तथा परिजन को मुआवजा तथा उनके दो नौनिहाल बच्चों को सरकारी खर्च पर अच्छी शिक्षा दिलाने की मांग की।



### अधिकारियों की ओर से घटना की जांच, मुआवजा एवं बच्चों की शिक्षा दिलाने के आश्वासन के बाद हटा जाम

सड़क जाम की सूचना मिलने पर गढ़वा सीओ मयंक भूषण, बीडीओ कुमुद झा, सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, मेराल थाना प्रभारी लाल बिहारी प्रसाद दल बल के साथ पहुंच कर जामकर्ताओं से बात की। घटना के विस्तार से जानकारी प्राप्त करने के बाद अधिकारियों ने घटना की जांच कराने, सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने तथा उनके दोनों नौनिहाल बच्चों की पढ़ाई सरकारी व्यवस्था के तहत कराने के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया।

बता दें कि एनएच 75 पर मेराल थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव के समीप शनिवार की देर शाम करीब 8:30 बजे हुई सड़क दुर्घटना में बाईक सवार की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसकी पहचान पलामू जिले के पाण्डु थाना क्षेत्र के तीसीबार खुर्द गांव निवासी रिटायर्ड आर्मी के जवान विकास कुमार सिंह पिता अयोध्या प्रसाद सिंह के रूप में की गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मेराल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर सदर अस्पताल भेज दिया तथा बुलेट को थाना ले आयी है। जिस बुलेट से युवा की मौत हुई है। उसका नंबर जेएच03 एजी 3985 है। बाईक पर प्लास्टिक में सब्जी टंगी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक से करीब 20 फीट की दूरी पर बुलेट पड़ी हुई थी।

**डेढ़ माह पूर्व सड़क हादसे में ही पत्नी की हुई थी मौत :** बूढ़े माता-पिता का इकलौता पुत्र विकास कुमार सिंह आर्मी से रिटायर होने के बाद बूढ़े मां-बाप, पत्नी तथा दो बच्चों के साथ गढ़वा के सहिजना में खुशी पूर्वक रह रहे थे। रिटायर होने के बाद वे अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ ठीका-पट्टा का काम करना शुरू किये थे। करीब डेढ़ माह पूर्व रांची से आने के क्रम में मनिका के पास कार दुर्घटना में चालक तथा पत्नी की मौत हो गई थी, जबकि वे बाल-बाल बच गए थे। पत्नी के मरने के बाद वह ज्यादा समय अपने दोनों नौनिहाल बच्चों पर देते थे। विकास की मृत्यु के बाद परिवार पर पहाड़ टूट गया है। नौनिहाल बच्चों के साथ बुजुर्ग मां-बाप का रो रो कर बुरा हाल है। भाजपा नेता अलखनाथ पांडे सहित बड़ी संख्या में नेताओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने घटना पर दुख जताते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया।

### मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए सरकार उलजुलूल काम कर रही : सत्येंद्र नाथ

**आज पूरे जिले में अपहरण, हत्या, पलायन और बलात्कार आम बात है, आमजनों का सरकार से भरोसा टूट गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व विधायक सतेयेंद्रनाथ तिवारी झामुमो सरकार पर प्रहार करते हुए कहा है कि मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए वर्तमान सरकार उलजुलूल काम कर रही है। बालू के अभाव में कई काम बंद पड़े हैं। चंद भैया जी के कृपा पात्र ट्रैक्टर को छोड़कर अधिकांश ट्रैक्टर मालिक गाड़ी का किश्त भी नहीं भर पा रहे हैं। बेचारे टुकुर-टुकुर ताक रहे हैं जबकि लाखों ट्रक बालू प्रसाशन की मिलीभगत से उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों में भेजा गया तब प्रशासन का मुंह, आंख और कान क्यों बंद था? सरकारी अस्पताल खुद बीमार हैं। चिकित्सीय व्यवस्था बद से बदतर है। चिकित्सा व्यवस्था में सुधार लाने के बजाय सरकार प्रैक्टिशनर, जिसमें कई सुलझे और अच्छे भी लोग हैं, जिन्होंने कोरोना काल में हजारों लोगों की जान बचाने का काम किया है, जिला प्रशासन उन्हें प्रताड़ित कर अपना पीठ थपथपाने में मशगूल है। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि गढ़वा जिला अंतर्गत जितने मरीज हैं, अगर सभी मरीज एक साथ सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए चले जाएं तो इलाज तो छोड़िए, उन्हें खड़ा होने की भी व्यवस्था सरकारी अस्पताल में नहीं है। ऐसे में प्रशासन प्रैक्टिशनर को प्रताड़ित कर गांव देहात के गरीब मरीज को मरने को विवश कर रही है। आज नदी-नाले को अतिक्रमण मुक्त करने के अभियान के नाम पर प्रशासनिक पदाधिकारी एक आंख में सुरमा, एक आंख में काजल वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। अतिक्रमण हटाएं, पर बिना भेदभाव का। आज प्रशासन से मेरा प्रश्न है कि कल्याणपुर में मुसहर के जमीन को कब्जा कर बड़े-बड़े जो आलीशान भवन बने हैं, उसको अतिक्रमण मुक्त कब कराया जाएगा? आज मनरेगा के हालात भी बदतर हैं। मजदूरों का पलायन बदस्तूर जारी है। सभी गाइडलाइन के विरुद्ध करोड़ों करोड़ रुपया भैया जी के चहेते भेंडर के माध्यम से मनरेगा में भारी लूट हो रही है। जिला प्रशासन उस पर ध्यान देने के बजाय गरीब को बेघर बनाने में मशगूल है।

आज पूरे जिले में अपहरण, हत्या, पलायन और बलात्कार आम बात है। आमजनों का सरकार से भरोसा टूट गया है।

### कसौधन वैश्य समाज, गढ़वा ने महर्षि कश्यप की जयंती पर भव्य शोभायात्रा का किया आयोजन

**अब समय आ चुका है कि समाज को राजनीति के क्षेत्र में परिपूर्ण होने की जरूरत है : अध्यक्ष उमेश कश्यप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के द्वारा महर्षि कश्यप की जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय कसौधन वैश्य युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष प्रधान मुख्य रूप से उपस्थित थे। उनके साथ में राष्ट्रीय महामंत्री जगदीश कसौधन, संरक्षक बाबा नन्हे दास, सुभाष कसौधन, निश्चल कसौधन, आलोक कसौधन एवं झारखंड प्रदेश एवं हर जिला से समाज के पदाधिकारी का गढ़वा की धरती पर आगमन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा की गयी। बहुत ही धूमधाम से जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि कश्यप के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर हुई। ग्रुप घाट मेलोडी मंडप के पास से कार्यक्रम शुरू हुआ जो रंका मोड़, मेन रोड, इंदिरा गांधी रोड होते हुए मेन बाजार भ्रमण करते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल मेलोडी मंडप के पास जाकर समाप्त हुआ। इसके बाद समाज के द्वारा आम सभा एवं अतिथियों का सम्मान किया गया।



समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि हम सभी आर्थिक शैक्षणिक हर चीज में परिपूर्ण हैं। अब समय आ चुका है समाज को राजनीति के क्षेत्र में परिपूर्ण होने की जरूरत है। समाज के जो भी सदस्य राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं तो समाज के लोगों को अब उन्हें सहयोग करने की जरूरत है। उन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत है। कसौधन समाज के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में हर तरह के कार्य बढ़-चढ़कर किया जा रहा है। चाहे वह रक्तदान का कार्य हो वृक्षारोपण का कार्य हो मंदिर में सहयोग करने की बात हो। अभी पूर्व में जुड़मनिया शिव मंदिर में कसौधन समाज गढ़वा के द्वारा टाइल्स लगाने के लिए सहयोग किया गया। समाज के द्वारा आगे भी जरूरतमंदों की सेवा की जाएगी, उन्हें लाभ दिया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, सचिव संतोष कश्यप, उप सचिव विवेक कश्यप, मनोज कश्यप, उप कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, वैवाहिक सलाहकार रंजीत कश्यप, संगठन मंत्री सुनील कश्यप, युवा अध्यक्ष युवा मंच के अध्यक्ष उत्तम कश्यप, गोविंद कश्यप, हर्षित दो, अभिषेक कश्यप, राहुल कुमार, संरक्षक अमर कश्यप, पृथ्वीनाथ कश्यप, रघुवीर कश्यप, दिलीप कश्यप एवं समाज के सभी महिलाएं, पुरुष व बच्चे उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन संगठन मंत्री सुनील कश्यप के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं को अध्यक्ष की और से बहुत बहुत बधाई

### जिला तैलिक साहू महासभा ने की शोक सभा

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला तैलिक साहू महासभा के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को टंडवा स्थित बीएन कंपलेक्स में शोक सभा का आयोजन कर डॉ ईश्वर प्रसाद साह एवं चंद्रिका प्रसाद गुप्ता को श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं अंत में दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की। विदित हो कि बेगूसराय बिहार निवासी डॉ ईश्वर प्रसाद साह का निधन 1 सितंबर 2022 को पटना में हुआ। वे मशहूर एवं प्रतिष्ठित सरकारी चिकित्सक थे। उनके द्वारा पलामू के विभिन्न क्षेत्र एवं गढ़वा में करीब 30 वर्षों की सेवा लोगों को मिली। वे अत्यंत मृदुभाषी एवं मिलनसार थे। उनके निधन से चिकित्सा जगत एवं समाज को भारी क्षति हुई है। वहीं गढ़वा जिला तैलिक साहू महासभा के संस्थापक महेंद्र प्रसाद गुप्ता के चाचा 77 वर्षीय चंद्रिका प्रसाद गुप्ता का निधन अचानक हृदय गति रुक जाने से 27 अगस्त को परमेश्वरी अस्पताल में हो गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से अरविंद कुमार गुप्ता, प्रोफेसर अजय प्रसाद गुप्ता, अनिल गुप्ता, दिनेश गुप्ता, धनंजय प्रसाद गुप्ता, आनंद प्रकाश गुप्ता, गणेश गुप्ता, सुबोध गुप्ता, गौतम गुप्ता, कौशल गुप्ता, विनय गुप्ता, ज्ञान गुप्ता, मनोज गुप्ता आदि शामिल थे।

### अजीत कुमार पांडे मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष व संतोष सिंह चुने गये सचिव



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत भवन के प्रांगण में मुखिया संघ का चुनाव रविवार को किया गया। जिसमें अजीत कुमार पांडे को मुखिया संघ का प्रखंड अध्यक्ष, दुलारी देवी व पानपती देवी को उपाध्यक्ष, संतोष सिंह को सचिव, अनीता देवी को उप सचिव,कोषाध्यक्ष सोनी देवी, वहीं संरक्षक के रूप में रीता देवी, स्वीटी वर्मा,अनीता देवी, प्रमिला देवी को चयन किया गया है। मौके पर चयनित मुखिया संघ के अध्यक्ष अजीत कुमार पांडे ने कहा कि जिस तरह से प्रखंड के मुखिया जनप्रतिनिधियों ने जिस तरह से मुझ पर भरोसा दिखाया है मैं उसे पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर बिरंची पासवान, जसवंत पासवान,अमरेश उराव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जय मां शेरावाली संघ के लगातार छठे वर्ष अध्यक्ष पद पर मनोनीत हुए सुनील कुमार

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 21 टंडवा भगलपुर में जय मां शेरावाली संघ के द्वारा लगा तार छठे वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने हेतु गौरी शंकर गौड़ की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुइ। बैठक में सभी गणमान्य व्यक्ति संरक्षक सदस्य संयोजक दौलत सोनी की उपस्थिति में निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया जो कि अध्यक्ष पद सुनील कुमार, उपाध्यक्ष पद चंदन पासवान, महिपाल कुमार, शिव शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, विशाल कुमार, उप कोषाध्यक्ष शुभम गुप्ता, सत्यम गुप्ता, सचिव सुनील कुमार, पंकज विश्वकर्मा, दीपक गुप्ता, उप सचिव रवि रंजन कुमार, सोनू कुमार, अविनाश कुमार, मंत्री उत्तम कुमार, उज्जवल गुप्ता, नितेश विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी सोनू कुमार साह, संगठन मंत्री आकाश गुप्ता, सनी कुमार, बलवंत सोनी को बनाया गया। सदस्यों में शुभम कुमार सोनी, ओम प्रकाश गुप्ता, शशी कुमार, मुकेश सोनी, अंकित कुमार, अरुण कुमार, मनीष कुमार, पिंटू गुप्ता, चंदन गुप्ता, मुन्ना कुमार, संरक्षक संत कुमारं गुरुजी, संजय चौधरी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, संजय पासवान, मोती चंद साहू, राजकुमार साहू, अशोक सोनी, दिनेश साहू, शिवम कुमार, भरत पासवान, झुमन साहू आदि अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

**परेशानी :** रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी में चिकित्सक नहीं रहने से दिनभर भटकते रहे मरीजों के परिजन

# प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में ग्रामीण चिकित्सक भी हैं हड़ताल पर

**सरकार व प्रशासन अस्पताल में इलाज की तत्काल आपात व्यवस्था करे अन्यथा कांडी प्रखंड क्षेत्र की बहुत ही भयावह तस्वीर सामने आ सकती है : समाजसेवी शशांक शेखर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** सप्ताह के छह दिन 24 घंटों में केवल छह घंटे खुलने वाले कांडी अस्पताल के बंद रहने व ग्रामीण चिकित्सकों के हड़ताल पर चले जाने के कारण रविवार को बड़ी संख्या में मरीजों को भटकते देखा गया। इनमें छोटे-छोटे बीमार बच्चों को गोद में लिये महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। मालूम हो कि रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी में कोई डाक्टर नहीं आता। अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगने पर वहां पहुंचे दृष्टि यूथ आर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव युवा समाजसेवी शशांक शेखर से गार्ड ने कहा कि रविवार को कोई डाक्टर नहीं आता। अस्पताल में डाक्टर के नहीं मिलने पर वहां से निराश लौटे मरीजों को बाजार में भी कोई ग्रामीण चिकित्सक नहीं मिला। कांडी मेन रोड सहित बाजार की लगभग हर गली में डाक्टर की खोज में मरीजों को भटकते देखा गया। कांडी में दर्जनों की संख्या में निजी क्लीनिक चलाने वाले ग्रामीण चिकित्सकों ने हड़ताल करके अपना अपना शटर बंद कर रखा है। इनके साथ गावों में प्रैक्टिस करने वाले अधिकांश चिकित्सक भी हड़ताल में शामिल हो गए हैं। रविवार को भी वे कहीं सामूहिक बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा तथाकथित झोला छाप के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसमें मुकदमा के साथ-साथ जेल भेजना भी शामिल है। कोरोना जैसे संकट में भी गांव के लोगों की उन्होंने ही जान बचायी है, तो आज उन्हें जेल जाना गवारा नहीं है। जबतक प्रशासन कोई रास्ता नहीं निकालता हड़ताल जारी रहेगी। इधर कांडी के सरकारी अस्पताल पहुंचे मरीज आर्यन कुमार को लेकर उसकी मां लाजवंती देवी डुमरसोता, मरीज रूबी कुमारी को लेकर उसकी मां रीना देवी पतरिया, मरीज अमित कुमार पिता विमलेश राम चंद्रपुरा, प्रसव की मरीज इंद्रमणी देवी पति जयप्रकाश रवि जतरो, काजल कुमारी पिता जयप्रकाश रवि जतरो, पेशाब रुका हुआ मरीज सुरेश राम 70 वर्ष निवासी मझिगावां, बादल कुमारी दादी कलावती देवी डुमरसोता व अन्य मरीजों को किसी डाक्टर के नहीं मिलने पर सरकारी अस्पताल में कई घंटों से बैठकर व लेटकर डाक्टर का इंतजार करते देखा गया।



मौके पर मौजूद समाजसेवी शशांक शेखर ने कहा कि वे बाजार में प्राइवेट प्रैक्टिस करने वालों की पैरवी नहीं कर रहे लेकिन अस्पताल व गावों में अवस्थित स्वास्थ्य उपकेंद्रों में डाक्टर, नर्स, कंपाउंडर तथा दवाओं आदि की पर्याप्त व्यवस्था करने के बाद ही इस तरह की कार्रवाई करनी चाहिए थी। कांडी में यह एकलौता प्रखंड स्तरीय अस्पताल है जहां एमबीबीएस डाक्टर, स्टाफ, दवाएं कुछ नहीं हैं। सबसे बड़ी विडंबना है कि सप्ताह के छह दिन यह अस्पताल सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक मात्र छह घंटे के लिए ही खुलता है। शेष 18 घंटे व रविवार को 24 घंटे प्रखंड क्षेत्र के हजारों मरीज किसके भरोसे रहते हैं। अभी तो वैध अवैध बाजार का वह इलाज भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से अस्पताल में इलाज की तत्काल आपात व्यवस्था किये जाने की मांग की है। अन्यथा निकट भविष्य में कांडी प्रखंड क्षेत्र की बहुत ही भयावह तस्वीर सामने आ सकती है।

### घटिया निर्माण सामग्री से निर्मित हो रहे नवसृजित तहसील भवन को लेकर लोगों में रोष

**प्रखंड प्रमुख अजय कुमार गुप्ता ने जांच के बाद त्रुटियों को किया उजागर, कहा- भवन निर्माण में अत्यंत घटिया किस्म की सामग्रियों का किया जा रहा है इस्तेमाल**

श्यामबच्चन यादव

**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत कहरकला पंचायत के ग्राम शारदा में तहसील भवन नव सृजित निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। प्रथम द्दष्टया वहां पर किसी भी प्रकार का सूचना पट्ट प्रदर्शित नहीं किया गया है। जिसमें कि कार्यदयी संस्था का नाम, ठेकेदार का नाम तथा कार्य कर रही फर्म का नाम अवर अभियंता का संपर्क नंबर कहीं अंकित नहीं है। किस मानक तथा कितनी लागत से भवन का निर्माण चल रहा है इसकी भी कहीं कोई सूचना प्रदर्शित नहीं है। भवन निर्माण में अत्यंत घटिया किस्म की निर्माण सामग्रियां प्रयुक्त की जा रही हैं। भवन निर्माण का अवलोकन करने पर कमरे की छत घटिया शटरिंग के प्रयोग के कारण लटक गयी है। प्रखंड प्रमुख अजय कुमार गुप्ता ने जांच में पायी गयी त्रुटियों को उजागर करते हुए बतलाया कि बीम में लगाये गये लोहा में एल नहीं है, रिंग 6 एमएम का है। पहली छत की ढलाई में साफ दिखाई दे रहा है कि बीम में 6 एमएम का रिंग प्रयोग किया गया है। घटिया किस्म का रेत, ईंट व सीमेंट का प्रयोग किया गया है मुखिया, बीडीसी प्रतिनिधि के द्वारा बार बार मना करने के बाद भी कार्य में कोई सुधार नहीं किया गया है।



मौके पर प्रखंड प्रमुख अजय कुमार सह उप प्रमुख अर्जुन पासवान, बीडीसी प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र राम महेंद्र बैठा, शिव पूजन बैठा, विजय सिंह, बजरंगी राम विश्वनाथ सिंह आदि ग्रामीण मैजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## हिंदू जीवन पद्धति पर्यावरण संरक्षण का आधार : अरुण झा



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। हिंदू जीवन पद्धति पर्यावरण संरक्षण का आधार है। जन्म से मृत्यु तक हिंदू धर्म में विभिन्न संस्कारों में पर्यावरण संरक्षण को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। ये बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर पूर्व क्षेत्र के प्रचारक प्रमुख अरुण झा ने कही। वह श्री शंकर तिवारी सेवा न्यास द्वारा शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर और मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में पौधरोपण के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पेड़ बचाना और बढ़ाना महत्वपूर्ण कार्य है। जल का संरक्षण करते हुए प्लास्टिक के दुष्परिणामों से जन सामान्य की रक्षा बेहद जरूरी है। इसके लिए हमें दैनिक उपयोग के प्लास्टिक से शत प्रतिशत बचना होगा। वहीं प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल ने कहा कि वर्तमान समय में सभी को कम से कम एक पौधा जरुर लगानी चाहिए। तभी प्रकृति बचेगी।

### करमा पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित, शामिल हुए मंत्री रामेश्वर उरांव व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू

# हमें अपनी भाषा, संस्कृति व परंपरा पर गर्व होना चाहिए : रामेश्वर उरांव

**मांदर की थाप पर जमकर झूमे मौके पर उपस्थित लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता





करमा पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए राज्य के मंत्री रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू व अन्य।

**कुड़ू/लोहरदगा।** राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा एवं अदिवासी छात्रसंघ कुड़ू के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड के टीको पोखरा टोली स्थित हलधर गिरधर शाहिद स्थल में रविवार को करमा पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्य के मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के अलावा जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक तरीके से अनादि मल मुंजरना मलका की प्रार्थना के साथ किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न गांव से आये हुए 56 खोडा पारंपरिक भेशभूषा में शामिल हुए खोड़हा दल मांदर, नगाड़ा की थाप पर जमकर झूमे। वहीं, मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि आदिवासी समाज की परंपरा को आज युवा पीढ़ी भूलती दा रही है। जबकि सबसे बड़ी पहचान हमारी भाषा है। हमें अपनी भाषा, संस्कृति व परंपरा पर गर्व होना चाहिए, जो हमें एक सूत्र में बांध कर रखती है। आज हम सभी को इसे बचाने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से करमा पर्व मनाने की अपील की। कहा कि करम एक ऐसा त्योहार जिसमें किसी एक को मुख्य अतिथि नहीं बनाया जा सकता। इस लिए 1985 से करम पूर्व संध्या कार्यक्रम मनाने की शुरूआत हुई थी, जो आज अपने आप में एक त्योहार के रूप में विकसित हो गया है। मेरी कर्म देवता से यही दुआ है कि झारखंड का रहने वाला हर अदिवासी व गैर अदिवासी सुखी रहे। सभी पढ़ें और सभी को रोजगार मिले। वहीं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद ने कहा कि यह पर्व झारखंड के आदिवासियों का प्रमुख त्योहार है। बहनें अपने भाइयों की सलामती के लिए प्रार्थना करती हैं। करम की डाली घर के आंगन में गाड़ प्रकृति को आराध्य देव मानकर पूजा किया जाता है। इस दिन आदिवासी बंधु प्रकृति की पूजा कर अच्छी फसल की कामना करते हैं। वहीं, कार्यक्रम के बाद मंत्रीजी ने पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले खोड़ा दलों को पांच-पांच हजार रुपये पुरस्कार दिया। इस मौके पर प्रमुख मुनि देवी, उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, उरांव, जतरू उरांव, प्यारी उरांव, संजू तुरी, अमित उरांव, राकेश रजक, नेहा उरांव, सुबोध उरांव, रूपनारायण उरांव, अजीत उरांव, चामू उरांव, अनिल उरांव, अनिल उरांव, हीरामुनि उरांव, खदीया उरांव, जतरी उरांव, सनी उरांव, कार्तिक उरांव, बना उरांव, रीमा उरांव, फल्गु उरांव, विनोद मुंडा राजकिशोर उरांव, सबिता उरांव, फुलकुमारी उरांव, सोमरी उरांव, बबिता उरांव, संतोषी उरांव और झाले उरांव मनमोहन राम आदि उपस्थित थे।

## जोबांग पुलिस ने दो पशु तस्कर को किया गिरफ्तार, सात गोवंशीय पशु भी बरामद



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जोबांग पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सात गोवंशीय पशु भी बरामद किया गया है जिन्हें तस्करी के लिए ले जा रहे थे। जानकारी के अनुसार जोबांग थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम खरचा रेलवे अंडर ब्रीज के तरफ से दो व्यक्ति कुछ गौ-वंशीय पशु हांक कर ले जा रहे जा रहे है। इसके बाद जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पशु तस्करों को खदेड कर पकड़ लिया गया। साथ ही उनके चंगुल से पांच बैल और दो गाय को बरामद कर लिया गया। दोनों तस्करों की पहचान शमीम अख्तर उर्फ बबलू (30) और नंदू यादव (43) के रूप में हुई है। बबलू लोहरदगा जिले के ही किस्को थाना क्षेत्र के अंबाटोली के खरकी गांव का रहने वाला है, जबकि नंदू जनवल ग्राम का रहने वाला है। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि किस्को के तिसिया से गौवंश को खरीद कर तस्करी एवं वध करने के उद्देश्य से ले जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उक्त गौवंशीय पशुओं का चिकित्सीय जांच कराया गया है। गौवंशीय पशुओं को ग्रामीणों को सौंप दिया गया है। इस संदर्भ में जोबांग थाना कांड संख्या 13/2022 धारा 12(1)(2) झारखण्ड गौवंशीय पशु वध निषेध अधि एवं पशु कुरता अधि-1960 अंकित किया गया है। दोनों पशु तस्करों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## सेरनदाग-पोरसम में शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। सेरनदाग (पोरसम) में क्षेत्रीय शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया। मौके पर स्थानीय लोगों के साथ ही डालटेनगंज से राजेन्द्र, विजेंद्र वर्मा, रविंद्र, लातेहार से संतोष पासवान, बकोरिया से रामसेवक, कोमर, बालूमाथ से दशरथ, ईचाक से सुरेंद्र, झाबर से तिरपू, चंद्रिका, मासियातु से उदय यादव, मकरा से गणेश सिंह, टोटी से महावीर, कृष्णा, हेरहंज, पांकी, मटलोंग रेवद आदि जगहों से लोग शामिल हुए और महादेव केअमृत धारा में डुबकी लगाई।

## तेजस्विनी परियोजना ने डाढा के रुद ग्राम में मनाया पोषण माह



बारियातु (आजाद सिपाही)। तेजस्विनी परियोजना के बैनर तले प्रखंड के डाढा पंचायत अंतर्गत रुद ग्राम में रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर पोषण माह मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर प्रेम शंकर सिंह, फील्ड को-ऑर्डिनेटर ईशवरी कुमार रवि, युगेश प्रजापति व कलस्टर को-ऑर्डिनेटर बसंत कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरीयों व महिलाओं को ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर ने स्वच्छ रहने, पौष्टिक आहार का सेवन करने, ऐनेमिया बीमारी से बचाव सहित अन्य विषयों की जानकारी दी। कहा कि किशोरीयों व महिलाओं को जागरूक करने के उपदेश से प्रखंड के सभी नौ पंचायत के 56 गावों में बारी-बारी से कार्यक्रम आयोजित कर पोषण माह मनाया जाता है। इस मौके पर रुदमनी कुमारी, प्रिया कुमारी, किरण कुमारी, पुनम कुमारी, सुनैना कुमारी, सुरभी कुमारी, सिबंती कुमारी, बसंती कुमारी, रिता कुमारी, मुस्कान कुमारी आदि मौजूद थे।

## करमा पर्व को लेकर एक दिवसीय सामाजिक जागरूकता व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



हेरहंज/लातेहार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के चिरु पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ब्रह्मोरिया परिसर में कर्मा पूजा पर्व को लेकर आदिवासी लोहरा समाज की एक दिवसीय सामाजिक जागरूकता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राकेश लोहरा और संचालन आदिवासी लोहरा समाज के जिला अध्यक्ष राजू रामबृक्ष लोहरा ने की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य करम पर्व की विशेष प्रासंगिक कथा-कहानी, आदिवासी समाज-समुदाय के लिए करम पर्व की महत्व व विशेषता, विसाहत जानकारी, संविधान में उल्लेखित विद्यमान विधि और रूढ़ी व प्रथा पर विशेष जानकारी के बारे में चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ने समाज को आगे लाने की बात कही। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामबृक्ष गंझू, उपप्रमुख विजय उरांव, प्रदीप लोहरा आदि मौजूद थे।

# करमा प्रकृति से जुड़ा हुआ त्योहार है : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** न्यू नगर भवन में रविवार को करमा पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे कृष्ण प्रसाद एवं एसपी आर रामकुमार भी शामिल हुए। डीसी ने कहा कि करमा त्योहार प्रकृति से जुड़ा हुआ त्योहार है। प्रकृति है तो हम सब है नहीं तो कुछ भी नहीं है। करमा पूजा भाई-बहन के लिए किया जाता है। उन्होंने ने कहा कि भारत के सभी आदिवासी करना पर्व मनाते हैं। हाल ही में आदिवासियों ने पिछले माह नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। वहीं, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि अपनी कला सांस्कृतिक का सेवा करते रहे और इसी तरह प्रकृति का समावेश करते हुए इस त्योहार को मनाते रहे। मां प्रकृति को हम सब मिलकर हमेशा नमस्कार करते रहें। डीसी एवं एसपी ने सभी आदिवासीयों को करमा पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और सभी को मिलजुल कर खुशी से त्योहार मनाने की अपील की। इस मौके पर किस्को बीडीओ अनिल मिंज, रांची राहे बीडीओ, आदिवासी कर्मचारी समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी सह सदस्यगण, अध्यक्ष किशोर उरांव, उपाध्यक्ष सचिव विनोद भगत, उपचिव गुहा उरांव, कोषाध्यक्ष अभिषेक एक्का, किस्को उप कोषाध्यक्ष अरविंद उरांव, सुधीर उरांव, अजय भगत, लोहरदगा संरक्षक राजकुमारी देवी, धंजय भगत आदि मौजूद थे।

# अवैध कोयला ढुलाई पर एसडीएम की बड़ी कार्रवाई, 90 टन कोयला समेत तीन ट्रक जब्त



**लातेहार/चंदवा।** डीसी भोर सिंह यादव के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अवैध खनन एवं परिवहन की रोक थाम को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई। एसडीएम की अगुवाई में एक टीम शनिवार की रात चंदवा पहुंची और वाहनों की जांच की। इस दौरान तीन ट्रक पर लदा कोयया मिला। वाहन चालको द्वारा निर्गत चालान समेत अन्य कागजातों की अधिकारियों ने जांच की तो पता चला कि समय अवधी समाप्त होने के बावजूद अवैध तरीके से ढुलाई की जा रही है। इसके बाद तीनों ट्रकों को जब्त कर लिया गया। लगे हाथ वाहन मालिक, ट्रकों के चालक गढ़वा निवासी पिंटू कुमार, यूपी के सोनभद्र निवासी अरविंद कुमार और संतोष यादव के अलावा अवैध कोयले की ढुलायी में लिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर जिला खनन पदाधिकारी द्वारा चंदवा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी है। अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार ने बताया कि शनिवार की रात 11.45 बजे चंदवा में वाहनों की जांच की जा रही थी तभी तीनों ट्रकों को अवैध तरीके से कोयला ढुलाई करते पकड़ा गया।

### अवैध खनन, परिवहन बर्दाश्त नहीं : शेखर कुमार

अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध खनन के रोकथाम को लेकर लगातार छापामारी की जा रही है। लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध खनन करने वाले जायेंगे जेल : संतोष मिश्रा

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर जेल भेजा जाएगा। अवैध खनन को लेकर पुलिस निगरानी रख रही है।

### झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की बैठक में जिले के पत्रकारों ने उठाई सुरक्षा की मांग

# झारखंड में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करे सरकार: शिव अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



डाक बंगला में आयोजित बैठक में उपस्थित जिले के पत्रकार।

**लातेहार।** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के लातेहार इकाई का रविवार को मुख्यालय स्थित माको डाक बंगला में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष राजेश प्रसाद और संचालन प्रदेश प्रवक्ता सह सचिव अरविंद प्रताप ने किया। इस दौरान संगठन का विस्तार किया गया। बैठक में संगठन विस्तार के साथ ही झारखंड में पत्रकारिता और पत्रकारों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष शिव अग्रवाल, प्रदेश सचिव क्यूम खान, कार्यसमिति सदस्य जावेद अख्तर, देवानंद प्रसाद, आदर्श रवि राज, संतोष सिन्हा, आशीष टैगोर, बद्री प्रसाद, नीरज सिन्हा के अलावा विभिन्न प्रखंडों से 60 से अधिक आंचलिक पत्रकार भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष शिव अग्रवाल ने कहा कि झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी सक्रिय है। यह संगठन देश का सबसे बड़ा संगठन है, जो पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर हमेशा कार्य करता है। संगठन की प्रमुख मांग पत्रकार सुरक्षा कानून को झारखंड में लागू करवाना है। उन्होंने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर बहुत जल्द ही एक जोरदार आंदोलन किया जायेगा। वहीं, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद प्रताप ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता हैं। वह समाज को दिशा देता है। पत्रकारों के हितों के लिए संगठन का सहयोग सदैव बना रहेगा। पत्रकारों की लेखनी के माध्यम से ही समाज की सही तस्वीरों को सामने लाया जा सकता है। उन्होंने लोकतंत्र को सुरक्षित रखने के लिये पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होना आवश्यक बताया।

इस बीच खबर मंत्र के संस्थापक अभय सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

### लातेहार जिला कमेटी का विस्तार

सर्वसम्मति से लातेहार जिला कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजेश प्रसाद, उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, योगेश प्रसाद गुप्ता, नीरज सिन्हा, कौशर अली, सोनु गुप्ता और संजय राम को बनाया गया। वहीं संरक्षक मनीष उपाध्याय एवं सुनील कुमार, महासचिव कौशल किशोर पाण्डेय, सचिव उत्कर्ष पांडेय, पंकज गुप्ता, कोषाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, राम निवास पाठक, मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता दीपक राज, संगठन मंत्री अजय सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य विवेक सिन्हा, राहुल पांडे, रामकुमार प्रसाद, अजीत गुप्ता, संजीत गुप्ता, अजीत सिन्हा व राहुल कुमार को बनाया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सहायक अध्यापकों को किया गया सम्मानित



लातेहार (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय में सहायक अध्यापकों को रविवार को शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो एनएचआरसीसीबी शिक्षक प्रेरणा सम्मान से 40 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रमीज सर ने मानवाधिकार के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। एकीकृत के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार एवं महासचिव अनूप कुमार ने भी मानवाधिकार के उद्देश्यों के बारे में सभी को अवगत कराया। वहीं, सम्मानित होने वालों में जिला अध्यक्ष अतुल कुमार, महासचिव अनूप कुमार, स्वाति लता, रेशमी कुमारी, रिमा एक्का, अनिमा कच्छप, सुधा देवी, अभिशिखा खाखा, राजमणि कुमारी, सिंपी कुमारी, संध्या तिग्गा, रूबिदा बानो, सुशीला रवि, ज्योति कुमारी, सोरोन एक्का, प्रिया गुप्ता, मानो कुमारी कुजूर, संगीता कुमारी, प्रेमी ज्योति कुजूर, रवंती कुमारी, चंद्रावती देवी, विश्वनाथ राम, महाभारत भगत, दिनेश ठाकुर, रविंद्र सिंह, मनोज सिंह, राजेंद्र यादव, मुकेश कुमार यादव, अर्जुन प्रसाद, सुनीता देवी, रामलखन बेक, राजकुमार उरांव, राजा राम सिंह आदि शामिल थे।

### अखबार बांटने वाले कर्मयोगी से मांगी रंगदारी, एसपी से लगायी गुहार

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शहर से लेकर गांवों के घर-घर अखबार पहुंचाने वाले कर्मयोगी सदर थाना क्षेत्र के मुंदो गांव निवासी चमरू साहू से अज्ञात अपराधियों ने 50 हजार रुपए की रंगदारी की मांग की है। राशि नहीं देने पर जान मारने की धमकी भी दी है। इसे लेकर भयभीत चमरू साहू ने पुलिस अधीक्षक के पास आवेदन देकर न्याय व सुरक्षा की गुहार लगायी है। एसपी को दिए आवेदन में चमरू साहू ने लिखा है कि 30 अगस्त को अखबार लेने लोहरदगा जा रहा था तभी रामपुर मोड़ के पास बाइक पर सवार तीन व्यक्ति हेलमेट पहने हुए आए और उटपटांग बातें करते हुए पेपर बिक्री छोड़ने को कहा। ऐसा नहीं करने पर गोली मारने की धमकी दी। साथ ही कहा कि पेपर बेच कर अच्छी कमाई हो जाती है इस लिए 50 हजार देना देना होगा। उधर, एसपी आर रामकुमार ने अखबार विक्रेता चमरू साहू से रंगदारी मांगे जाने को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच के साथ आगे की कार्रवाई के लिए सदर थाना पुलिस को निर्देश दे दिया है।

### करमा पूजा से पूर्व बाबा नाम केवलम के लोगों ने गरीबों में आवंटित किया वस्त्र



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा के अमझरिया बांग्ला में बाबा नाम केवलम कीर्तन स्थल के अनुयायियों ने आसपास के पांच गांव के गरीब-असहाय लोगों के बीच करमा पूजा को लेकर वस्त्र वितरण किया है। लगे हाथ कीर्तन धाम पर आए सभी लोगों को भोजन भी कराया गया। आचार्य अनिद्रा नंद अवधूत ने बताया कि अगले माह में अमझरिया बांग्ला में तीन दिवसीय कीर्तन होना है। जिसे लेकर बैठक की गई। कीर्तन में देश-विदेश से भी कई लोग आते हैं। इस अवसर पर आचार्य सविता नंद अवधूत, जगदानंद अवधूत, बालेश्वर गंजू जगरनाथ जी, सुरेश दादा और शिवप्रसाद दादा थे।

### समस्याओं को लेकर उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने सीओ प्रवीण कुमार सिंह को सौंपा ज्ञापन



बालूमाथ/कुडू (आजाद सिपाही)। जमीन संबंधित मामले में त्वरित निपटारे को लेकर उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सीओ को ज्ञापन सौंप कर बताया कि जमीन ऑनलाइन, लगान संबंधित कार्य, दाखिल खारिज निष्पादन, भू धारण प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता और पंजी-2 में विक्रेता का रकबा घटाने आदि अन्य कार्य का निष्पादन समय से नहीं होने और जनता का सही समय पर जाति, आवासीय प्रमाण पत्र दिलवाने में अंचल कर्मियो द्वारा देरी के कारण जनता को काफी परेशानी हो रही है। इस पर सीओ ने सभी कार्यों में तेजी लाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सुंदरू पंसस अब्दुल मनान भी थे।

### दुर्गापूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय



लातेहार (आजाद सिपाही)। शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में इस साल धूमधाम दुर्गापूजा मनाने का निर्णय लिया गया है। दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर संरक्षक त्रिभुवन पांडेय की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष रंजीत कुमार, उपाध्यक्ष पंकज कुमार व सतीष कुमार, सचिव रविंद्र प्रजापति व कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह को बनाया गया। त्रिभुवन पांडेय ने बताया कि 26 सितंबर को कलश स्थापना की जायेगी। तीन अक्टूबर शाम 4.59 बजे अष्टमी की संध्या पूजन होगा। जबकि पांच अगस्त को प्रतिमाओं का विसर्जन किया जायेगा। बैठक में दुर्गा पूजा के मंच सजावट, प्रतिमा, साउंड व लाईट व अन्य साज सज्जा के लिए दायित्वों का बंटवारा किया गया। बैठक में शशिभूषण पांडेय, बद्री प्रसाद, आशीष टैगोर, विवेक शुक्ला, संतोष दूबे, संजय प्रसाद, अशोक सिंह, प्रदीप प्रसाद, आकाश जायसवाल आदि उपिस्थत थे।

### दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर बारियातु में बैठक



बारियातु (आजाद सिपाही)। प्रखंड के फुलसु ग्राम स्थित शिव मंदिर प्रागण में दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को धर्मवलांबियों की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता लाल आशिष नाथ शाहदव ने की। बैठक में उपस्थित लोगों ने पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के साथ ही आय-व्यय पर चर्चा की। बैठक में दुर्गा पूजा उत्सव के सफल संचालन को लेकर एक समिति का पूर्नगठन किया गया जिसमें अध्यक्ष लाल जय काली नाथ शहदेव, उपाध्यक्ष लाल रुद्ध नाथ शहदेव, कोषाध्यक्ष जगरनाथ प्रसाद साहू, सचिव पुनेशवर प्रजापति, मुख्य सचेतक लाल आशीष नाथ शहदेव समेत 15 निगरानी समिति सदस्य चयन किया गया।

# जगह जगह अभी तक लगा हुआ है तिरंगा, यह तिरंगे के सम्मान के साथ खिलवाड़ है : रमेश

**कांग्रेसी नेता ने आपत्ति जताते हुए जिला प्रशासन से तिरंगे को ससम्मान उतरवाने का आग्रह किया है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** अभी तक जगह जगह पर लहराते तिरंगे पर कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने आपत्ति जताते हुए जिला प्रशासन से तिरंगे को ससम्मान उतरवाने का आग्रह किया है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रमेश कुमार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा आजादी की 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। जिसमें पूरे देशवासियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। यह बेहद खुशी की बात है। अमृत महोत्सव पर यह पहल सराहनीय थी। इसमें उनकी भी निजी सहभागिता रही और तिरंगे की आन, बान व शान के लिए उन्होंने भी अपने घर में तिरंगा फहराया और 15 अगस्त के बाद सम्मानपूर्वक तिरंगे को उतार दिया। लेकिन आज तक जगह-जगह तिरंगे घरों, सार्वजनिक जगहों में लगे हुए हैं। इसे उतारा नहीं गया है और इसका अपमान किया जा रहा है। जबकि राष्ट्रीय ध्वज हम भारतवासियों के लिए गौरव है। इसका अपमान नहीं सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए है कि अब भी जहां तिरंगे लगे हुए हैं। उसे सम्मान पूर्वक उतरवाया जाए और नागरिकों से भी अनुरोध है कि वे तिरंगे को उतार कर संभाल कर रखें।

## किता गांव में सीएफटीयूआइ ने चलाया जागरूकता अभियान



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला प्रखंड अन्तर्गत कतरी पंचायत के किता गांव में मजदूर संघ सीएफटीयुआई के द्वारा जागरूक अभियान चलाया गया। जिसमें डायन, बिसाही, अंधविश्वास, सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए सीएफटीयूआई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने कहा कि वास्तव में डायन बिसाही जैसी कोई बात नहीं है। डायन बिसाही का उपयोग केवल लोगों को डराने और दिग्भ्रमित करने के लिए किया जाता है। लोगों में यह अंधविश्वास है कि डायन के द्वारा दूसरों को बीमार कर दिया जाता है या फिर उसे परेशान किया जाता है। जबकि वास्तव में ऐसा कुछ भी नहीं है। इस अंधविश्वास के कारण हमारे क्षेत्र में लगातार हत्याओं की खबर सुनने को मिलती है। वहीं अन्य वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर अपने अपने विचार व्यक्त किया। मौके पर जिलाध्यक्ष सुनीता कुमारी ,सचिव-संगीता देबी, उपाध्यक्ष-लक्ष्मी देबी,, सामा देबी , सुमन मिंज,उपाध्यक्ष-अलि हसन अंसारी, तनबीर अंसारी,एखलाकुल ओहदार, अफरोज खान, रामजन्म महतो, शहीद खांन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## करमा पूजा की सफाई कर रही एक युवती पर गांव के ही एक व्यक्ति ने कुदाल से किया हमला

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला के परसा गांव में करमा पूजा को लेकर रविवार की सुबह अखाड़ा में साफ-सफाई और सजावट का कार्य किया जा रहा था इसी दौरान किसी बात को लेकर गांव के कुछ लोग आपस में उलझ गए। यह देखकर अखाड़ा के समीप रहने वाली युवती रेशमा कुमारी मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास करने लगी। इसी दौरान एक व्यक्ति के द्वारा बगल में रखे खुदा उठाकर रेशमा कुमारी पर हमला कर दिया गया। जिस कारण उसे शरीर के हिस्से पर गंभीर चोट पहुंची है वही मौके से आरोपी फरार हो गया आसपास के लोगों द्वारा पीड़िता को इलाज के लिए रविवार की दोपहर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों की देखरेख में पीड़िता का उपचार जारी है डॉक्टर ने बताया कि कुदाल के हमले से गंभीर चोट लगी है लेकिन वह खतरे से बाहर है वहीं पीड़िता ने कहा कि पूरे मामले की लिखित शिकायत थाना में की जाएगी

### बैठक : सूड़ी समाज की आम बैठक में पहुंचे समाज के सैकड़ों लोग

# सरकार को हर हाल में सूड़ी समाज को एससी वर्ग में शामिल करना होगा : जिलाध्यक्ष सूरज

**मैट्रिक में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** राज्य सरकार बंगाल की तर्ज पर झारखंड के सूड़ी समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दे। उक्त बातें सूड़ी समाज के जिला अध्यक्ष सूरज साहू ने कही। वे रविवार को सूड़ी समाज गुमला जिला कमेटी की आम बैठक में समाज के लोगों को संबोधित कर रहे थे। बैठक गुमला बस स्टैंड स्थित सूड़ी धर्मशाला में जिला अध्यक्ष सूरज साहू की अध्यक्षता में हुई। जहां आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष सूरज साहू ने कहा कि समाज पूर्व की भांति निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिला पदाधिकारी, प्रखंड से आये पदाधिकारी गण समाज की उन्नति और प्रगति के लिए अपना विचार सकते हैं। जिन्हें हम लागू करने का प्रयास करेंगे। इन सब विषय से इतर जिलाध्यक्ष ने बंगाल की तर्ज पर सूड़ी समाज को एससी वर्ग में शामिल करने के लिए योजना बनाने की भी बात कही। वहीं मौजूद वरिष्ठ संरक्षक तापस कुमार लाल ने कहा कि सूड़ी समाज गुमला के लिए इस तरह की बैठक का आयोजन करना खुशी की बात है। समाज अपना संविधान के तहत चल रहा है और आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रखंड के पदाधिकारियों को सलाह देते हुए कहा कि वे भी अपने क्षेत्र में समाज को मजबूत करें और संविधान के विरुद्ध काम ना करें।

इधर बदरी गुलशन, रामेश्वर साहू, महावीर साहू, उदय प्रसाद, विजय कुमार लाल व पूर्व अध्यक्ष रविंद्र नाथ साहू ने भी अपने विचार प्रकट किये। आम बैठक की सभा को संचालन जिला सचिव संदीप कुमार ने किया। मौके पर मौजूद लोगों में महिला जिला अध्यक्ष खुशबू साहू, युवा अध्यक्ष दीपांकर साहू, महिला सचिव हिना देवी, संरक्षक अनिल कुमार, राजेंद्र प्रसाद, पंचू साहू, मनोज कुमार, पुनीत कुमार लाल, नंदकिशोर प्रसाद, शिवकुमार लाल, आशीष कुमार साहू, रंजीत साहू, विक्की साहू, विशाल कुमार, भुनेश्वर साहू, विजयंत कुमार, सोनिया देवी, मनोज प्रसाद, अर्जुन साहू, कैलाश प्रसाद, गौतम हिंदुस्तान, मनीष साहू, बसंत साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

**मैट्रिक में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले समाज के छात्र-छात्राएं किये गये सम्मानित :** इस मौके पर मैट्रिक की विद्यार्थी स्नेहा श्रुति, धैर्य कुमार, वर्तिका कुमारी, सुरभि कुमारी, संजना साहू, आदित्य साहू, अक्षत रंजन, रिया कुमारी व रितिका कुमारी को भी मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर समाज के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया व उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।



## जेपीएससी में सफलता प्राप्त करने वाले आशीष साहू को किया गया सम्मानित

समाज ने आम बैठक के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। जिसमें जेपीएससी में अपनी लोहा मनवाने वाले सूड़ी समाज के आशीष कुमार साहू को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आशीष ने कहा कि आज जो मेरी उपलब्धि है वह परिवार के साथ-साथ समाज के लोगों का भी सहयोग रहा। फलस्वरूप मैं आज इस मुकाम पर हूं। वहीं मौजूद विद्यार्थियों को भी अपनी सलाह देते हुए आशीष ने कहा कि होनहार विद्यार्थी पर समाज को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का जिम्मा है। आप सपने जरूर देखें, छोटी नहीं बल्कि बड़ी देखें। ताकि उन्हें पूरा करने पर गौरवान्वित महसूस हो।

# 'दुल्हन चाही बिहार के' भोजपुरी फिल्म की नागपुरिया में डबिंग, निदेशक व कलाकारों ने पोस्टर किया रिलीज

**नागपुरिया भाषा व संस्कृति का प्रसार फिल्म का मुख्य उद्देश्य : नवीन केरकेट्टा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** 'दुल्हन चाही बिहार के' भोजपुरी फिल्म की झारखंड की भाषा नागपुरी व छतीसगढ़ में छतीसगढ़ी भाषा में डब कर रिलीज किया जा रहा है। जिसका पोस्टर रविवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में फिल्म के कलाकार व निदेशक ने संयुक्त रूप से जारी किया। इस अवसर पर प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित कर फिल्म के डायरेक्टर नवीन केरकेट्टा ने कहा कि नागपुरी भाषा में 'दुल्हन चाही बिहार के' फिल्म का नाम 'मोर संगी के आई लव यू' रखा गया है। वहीं छत्तीसगढ़ में फिल्म का नाम 'मोर धड़कन' है। उन्होंने कहा कि नागपुरी भाषा व संस्कृति को देश विदेश तक पहुंचाना फिल्म का उद्देश्य है। फिल्म के माध्यम से आदिवासी भाषा और संस्कृति को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। फिल्म का थीम है जाति पाति के बंधन को तोड़ना और आदिवासी संस्कृति को आगे बढ़ाना। फिल्म का मुख्य विषय भाई बहन के प्रेम को दर्शाता है। निदेशक ने बताया कि यह एक पारिवारिक फिल्म है। फिल्म 30 सितंबर को रिलीज होगी और गुमला के नगर भवन में दिखाई जाएगी। फिल्म का बजट लगभग पांच करोड़ रुपए का है। निदेशक नवीन केरकेट्टा ने नागपुरी भाषा में दस फिल्म बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर जगन्नाथ उरांव, राधामोहन साहू, दीपक साहू, अशोक आनंद, फिल्म की कलाकार मनिता राज, अशोक यादव, राजकुमार साहू, विकास श्रीवास्त्व, पुनीत सोनी आदि उपस्थित थे।

## गौ तस्करी के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोर्ट में प्रस्तुत कर भेजा जेल**

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पिछले दिनों गिरफ्तार चार गौ तस्करों के साथ पांचवां फरार तस्कर आखिर पुलिस के हाथ चढ़ गया। बता दें गुमला चैनपुर मार्ग में कुछ दिनों पूर्व रात के अंधेरे में गौ तस्करी के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया था। जबकि एक मौके से भाग निकला था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को फरार तस्कर अजहर खान को गुमला थाना क्षेत्र के कतरी गांव से गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस आरोपी को पूछताछ के लिए चैनपुर ले गई। कोविड-19 जांच के बाद गुमला कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि गौ तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पत्नी को भगा ले जाने की थाने में दर्ज करायी प्राथमिकी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पण्डरानी गांव निवासी विजय प्रसाद साहू ने अपनी पत्नी व दो बच्चों को शादी की नीयत से भगा ले जाने के मामले में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगायी है। आवेदन में कहा गया है कि मेरी पत्नी कुसुम देवी, बेटी ज्योति कुमारी (6) व बेटा प्रभात साहू (4) को गांव के ही विनोद लोहरा शादी की नीयत से 24 अगस्त को भगा ले गया है। इससे पूर्व भी विनोद लोहरा मेरे दोनों बच्चों सहित मेरी पत्नी को 26 जुलाई को भगाकर बिलासपुर ले गया था। जिसका मेरे द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराये जाने पर मेरी पत्नी व बच्चों को खोज कर पुलिस ने मुझे सौंप दिया था। कुछ दिन सब कुछ सामान्य रहा, किन्तु छुप छुप कर विनोद मेरी पत्नी से मिलते रहता था और 24 अगस्त को मेरे दोनों बच्चों सहित पत्नी को बहला फुसला कर भगा ले गया।

## करेंट की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री झुलसा

**बसिया (आजाद सिपाही)।** हाई वोल्टेज बिजली करेंट की चपेट में आने से बसिया थाना के बनतरिया निवासी बिजली मिस्त्री मिथुन गोप (29) पिता कर्मपाल गोप घायल हो गया। घायल मिथुन गोप ने बताया कि वह बनतरिया चापा टोली में सुधाकर से लगभग डेढ़ बजे दोपहर को शटडाउन लेकर तार टेपिंग का कार्य कर रहा था इसी बीच किसी दूसरे बिजली कर्मी के द्वारा लाइन चालू कर दिया गया। जिससे उसको जोरदार बिजली का झटका लगा और शरीर झुलस गया। इसके बाद उसे बसिया रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

## सिसई में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिसई (आजाद सिपाही)।** कुम्हार मोड़ निवासी छोटन उरांव की पुत्री रेखा उरांव (18) ने शनिवार देर रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह सिसई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। इस बाबत मृतका के पिता छोटन उरांव ने बताया कि रेखा उरांव सिसई कॉलेज में बीए पार्ट वन में पढ़ाई कर रही थी। रेखा की कुछ दिनों से दिमागी हालत ठीक नहीं रहने से घर के सदस्यों से बातचीत नहीं करती थी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## लोहरा समाज की समस्याओं व शैक्षणिक कार्य में जाति से संबंधित कठिनाइयों पर की गयी चर्चा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विद्यालय सभागार में रविवार को लोहरा समाज की बैठक जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा की उपस्थिति में हुई। बैठक की अध्यक्षता लोहरा समाज के प्रखंड अध्यक्ष जीतू लोहरा ने की। बैठक में समाज से जुड़ी समस्याओं व बच्चों के शैक्षणिक कार्य में जाति से संबंधित कठिनाइयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि दक्षिणी छोटानागपुर पूर्व में रांची जिला में बसे लोहरा खतियान धारियों के खतियान में लिपिकीय त्रुटि वश लोहार दर्ज किया गया है, जनजाति शोध संस्थान रांची के द्वारा जांचोपरांत लोहार खतियान धारियों को लोहरा जन जाति के रूप में पाया गया है, अर्थात लोहार खतियान धारी लोहरा अनुसूचित जन जाति के अंतर्गत आता है। मंच संचालन संजय राम लोहरा ने किया। इस मौके पर करमचंद लोहरा, खुदी लोहरा, राम सागर लोहरा, चैतमन लोहरा, देवपाल लोहरा, शिवन लोहरा, कलश राम लोहरा, खैन लोहरा, सरस्वती देवी, सहोदरी देवी, देवकी देवी, सरिता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## घाघरा चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल के अलावे समिति के पदाधिकारियों ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में 55 यूनिट रक्तदान किया गया। आपको बतातें चलें कि प्रत्येक वर्ष नवरात्र से पूर्व समिति के सदस्यों के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत समिति के संरक्षकों द्वारा किया गया। मौके पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा पूजा समिति की यह सराहनीय पहल है। वहीं समिति के अध्यक्ष अमित कुमार नाग ने कहा कि स्थानीय लोगों की जरूरत को देखते हुए प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन कर ब्लड बैंक को ब्लड दिया जाता है, ताकि जरूरतमंद लोगों को आसानी से ब्लड मुहैया करायी जा सके। साथ ही अध्यक्ष ने यह भी कहा कि किसी को ब्लड की आवश्यकता हो तो बेहिचक समिति के पदाधिकारियों से संपर्क करें।

## दुर्गा पूजा समिति देवाकी की नयी कमेटी का गठन, दिनेश सिंह चुने गये अध्यक्ष

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा समिति देवाकी की बैठक रविवार को इंद्रदेव साहू की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में हुई। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गयी। कोषाध्यक्ष रामधनी साहू के द्वारा पिछले वर्ष की आय-व्यय बैठक में प्रस्तुत की गई। वहीं पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष दिनेश सिंह, सचिव राजेंद्र साहू (राजू), कोषाध्यक्ष रामधनी साहू, उपाध्यक्ष प्रेम कुमार साहू, धर्मेंद्र मिश्रा, सुदन साहू, सहसचिव रामजीवन साहू, विकास साहू, अनूप मिश्रा को चुना गया। मौके पर मुख्य रूप से इंद्रदेव साहू, प्रदीप प्रसाद, मोतीलाल साहू, रामजीवन साहू, सूरज साहू, कुमार अनिल, सुरेश साहू, रामधनी साहू, व्यासदेव मिश्रा, अनूप मिश्रा, नारायण उरांव, ललन साहू, गौतम साहू, विकाश साहू, राजेश साहू, नरेश साहू, दिनेश साहू, रविंद्र दुबे, सुदन साहू, धर्मेंद्र मिश्रा, बैजू गोप, भागवत मिश्रा, उमेश साहू, सीताराम साहू, अमित कुमार, भूषण कुमार, विपुल कुमार, शिबू गोप सहित कई समिति के लोग मौजूद थे।

## करम पूर्व संध्या कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ नृत्य प्रस्तुत करने वाले खोड़हा दल को किया गया सम्मानित

**बसिया (आजाद सिपाही)।** सरना नवयुवक संघ बसिया के तत्वावधान में करमा पूजा के पूर्व संध्या पर रविवार को बसिया स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सिसई विधायक जिग्गा सुसारण होरो की धर्मपत्नी खिरीस्तीन टोपनो ने कहा कि करमा पर्व भाई बहन के प्यार का प्रतीक है। बहन अपने भाई की लंबी उम्र के लिए इस व्रत को रख कर करमा डाली की पूजा करती है। कर्मा की पूर्व संध्या में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने जिस तरह से एकजुट होकर भाग लिया यह सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में कुल 85 खोड़हा दल ने भाग लेकर नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ नृत्य प्रस्तुत करने वाले नृत्य मंडली को मांदर एवं नगाड़ा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग, सुकरात उरांव, अभिषेक लकड़ा, फा. सुशील केरकेट्टा, संजय कुजूर, सुकरात उरांव, फिरू मिंज, कलीम अहमद, पीसी बड़ाईक, दुर्गा पहान, बिनोद भगत, अमित तिवारी, अमित बघवार, ललित उरांव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## वेस्टकोट स्कूल में पैरेंट्स डे का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** वेस्कोट पब्लिक स्कूल घाघरा में पैरेंट्स रविवार को डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक रवि एंथोनी विक्की, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संजीत साहू, मनोज सिन्हा सहित अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं विद्यालय के भूतपूर्व संस्थापक स्व. टेरेसा एंथोनी के चित्र के समक्ष मोमबत्ती जलाकर व पुष्प अर्पण कर किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया गया। इधर बच्चों ने शिक्षकों को उपहार भेंट किया। इसके पूर्व अतिथियों का विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बैच पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में विद्यालय के शिक्षक अवधेश मिश्रा, प्रमोद उरांव, विशाल सिंह, निशा सिंह, नेहा जयसवाल, प्रियंका सिंह, नीरू मिश्रा, प्रीति मिश्रा, सोनी साहू, रेशमी कुमारी, शिखा गुप्ता, रुचि गुप्ता, जग मुन्नी कुमारी सहित कई शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्रा व अभिभावक उपस्थित थे।

## अवैध बालू उत्खनन मामले में तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई सीओ अरुणिमा एक्का ने रविवार को अवैध बालू उत्खनन करने, भंडारण करने व परिवहन करने के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध नामजद और पांच अज्ञात ट्रैक्टर ट्रॉली मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। आरोपी कुलंकेरी पतरा टोली गांव निवासी सुनिता देवी, मुन्ना सोनी एवं रमेश उरांव को बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि शनिवार को अवैध बालू उत्खनन को लेकर छापामारी की गई। इस दौरान बरगांव कुलंकेरी पतरा टोली से होकर गुजरने वाली कंस नदी से बिना नंबर के पांच ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया गया था। चालक ट्रैक्टर इंजन को लेकर फरार हो गए। छापेमारी में नदी से एक किलोमीटर दूर तीन जगहों पर भारी मात्रा में अवैध बालू का भंडारण पाया गया।

### बैठक : झानद ने 'जागो अभियान' के तहत महिला उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होने का किया आह्वान

# मोदी व हेमंत राज में किसी दृष्टिकोण से महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं : विजय सिंह

**महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की जिला स्तरीय बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर की गयी चर्चा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला की जिला स्तरीय बैठक जेएनडी के केंद्रीय सदस्य सह समिति के प्रभारी पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में हुई। यह बैठक गुमला कचहरी परिसर में अयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि मोदी व हेमंत राज में महिलाओं की इज्जत, जान व हक सुरक्षित नहीं है, जिसका ताजातरीन उदाहरण देश के कोने-कोने में हो रही महिलाओं के साथ जघन्य अपराध तथा दुमका में अंकिता को जलाकर मार डालने व बलात्कार के बाद हत्या कर युवती को पेड़ में टांगने का मामला है। इसी तरह रांची में पूर्व भाजपा नेत्री के द्वारा सुनीता खाखा उत्पीड़न की घटना झारखण्ड को शर्मशार कर रही है। श्री सिंह ने 'जागो अभियान' के तहत महिलाओं से बड़ी संख्या में एकजुट होकर महिला उत्पीड़न पर रोक लगाने, नशाबंदी तथा महिला अधिकारों की लूट के खिलाफ हजारों की संख्या में एकजुट होने की अपील की है। साथ ही 28 सितंबर को गुमला में आयोजित जन सत्याग्रह कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भाग लेने को कहा है।

महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा कि महिला समाज शोषक वर्ग की पहचान करे तभी महिलाओं के शोषण पर रोक लगेगी और महिलाओं का हक मिल सकेगा। श्रीमती उरांव ने यह भी कहा कि महिला मंडल सहयोग संचालन समिति कोरोना महामारी के बाद नशाबंदी, स्पष्ट महिला नीति बनाने, महिला अत्याचार पर रोक लगाने, महिला मंडल को दिया गया लोन माफ करने, प्रत्येक महिला सदस्य को कम से कम 25-25 हजार रुपया अनुदान राशि देने, महिलाओं को सिर्फ ट्रेनिंग नहीं बल्कि रोजगार देने की गारंटी करने जैसे सवालों को लेकर एक बार फिर बड़ी तादात में महिलाओं को इकट्ठा कर महिला समाज को आगे बढ़ाने के लिए खड़ी हो चुकी है। इस कार्य में महिला समाज से झारखंड नवनिर्माण दल व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति को मजबूती देने की अपील श्रीमती उरांव ने की है। बैठक में 28 सितंबर 2022 को जिला मुख्यालय में होनेवाले भ्रष्टाचार के खिलाफ व गुमला को रेल लाइन से जोड़ने तथा जनसमस्याओं को लेकर जन सत्याग्रह कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, गुमला जिला के प्रत्येक प्रखंड में जागो अभियान के तहत महिला सभा आयोजित करने जिसकी शुरुआत 11 सितंबर 2022 को गुमला प्रखंड से होगी और गुमला जिला में महिला मंडल सहयोग संचालन समिति का विस्तार व मजबूती के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने के अलावे महिला हित में कई निर्णय लिए गए हैं।

बैठक में मालती देवी, कुसुमा मिंज, बिलो भगत, विनीता उरांव, सुनीता देवी, अनीता देवी, गीता देवी, तारा उरांव, प्रतिमा उरांव, फगन खेरवार, विमला देवी, जलेश्वरी देवी, पूनम देवी, सीता देवी, बिरजिनिया मिंज, अंजू देवी, मुन्नी देवी, कविता देवी, पूर्णिमा कुमारी के अलावे झारखंड आंदोलनकारी सह जेएनडी के गुमला नगर परिषद प्रभारी अजीत विश्वकर्मा, आदित्य सिंह, धर्मपाल उरांव, श्रवण उरांव, परमेश्वर टाना भगत, शिव साहू, पवन मिंज, कमलेश्वर खेरवार के अलावे काफी संख्या में महिला व पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन

# हमें शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए : मेहता



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर में ह्यशिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डा. एसबीपी मेहता एवं विद्यालय के प्राचार्य डां एके सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। तदोपरांत डां सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण पश्चात केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर निदेशक डा. एसबीपी मेहता ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनायें दी एवं कहा कि शिक्षकों के परिश्रम से हमारा विद्यालय प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है, इसके लिए हमारे शिक्षक बधाई के पात्र हैं। शिक्षकों को अपने कर्त्तव्यों का बोध होना चाहिए। शिक्षक समाज के सेवक हैं। शिक्षित बच्चों से पूरा समाज शिक्षित होता है, इसलिए हमें शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। उन्होनें कहा कि पांचवें वर्ष के पड़ाव पर विद्यालय जिस मुकाम पर पहुंचा है वह काबिले तारीफ है। प्राचार्य डां एके सिंह के नेतृत्व में विद्यालय तेजी से विकास की ओर उन्मुख है। इसके लिए प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उन्होंने धन्यवाद दिया। विद्यालयीन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्राचार्य सहित शिक्षकवृंद कटिबद्ध है। उन्होनें कहा कुछ वर्षों पश्चात इस विद्यालय के छात्र-छात्रायें आइएएस, आइपीएस जैसे प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो, इसके लिए अभी से ही इन छात्रों को प्रेरित करने की जिम्मेवारी शिक्षकों की है। इस अवसर पर छात्राओं के द्वारा मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिक्षक टीएस नायडू के द्वारा वेद मंत्र का उच्चारण, नबेंदु दास द्वारा माउथ ऑर्गन, शिक्षक यूके सिंह, शिक्षिका शिवलि मोहेश एवं आँचल तिवारी के द्वारा अंग्रेजी भाषण, दिलीप कुमार मिश्रा द्वारा हिन्दी भाषण, नबेंदु दास एवं कीर्ति निशा के द्वारा गीत, नबोनिता चक्रवर्ती द्वारा नृत्य, सोनु दास द्वारा मिमिकरी तथा अन्त में शिक्षिकाओं के द्वारा सामूहिक गीत प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन शिवांगी आनन्द एवं मीनू सिंह द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक नबेन्दु दास के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकायें उपस्थित थे।

### शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका-छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाना: एके सिंह

विद्यालय के प्राचार्य डां एके सिंह ने सभी शिक्षकवृंद को शिक्षक दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि शिक्षक की नौकरी उत्तरदायित्व की नौकरी है तथा समाज में शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि है। जो केवल छात्रों के विकास की ही नहीं, अपितु समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में भी सक्षम है। अपने गुणात्मक शिक्षा के द्वारा समाज में परिवर्त्तन लाने में शिक्षकों का सबसे बड़ा योगदान है। शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका-छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाना है। शिक्षकों की छात्र-छाया में ही छात्र पल्लवित और पुष्पित होते हैं। बच्चों के विकास पर शिक्षकों के व्यक्तित्व का बहुत प्रभाव पड़ता है। उन्होनें कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से हम अपने राष्ट्र का भविष्य बेहतर बना सकते हैं। प्रभावी रुप से शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को संचालित करने के लिए विद्यालय के शिक्षकों की बहुत प्रशंसा की। बहु आयामी व्यक्तित्व निर्माण के लिए शिक्षकों को निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से हम अपने राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। उन्होनें विद्यालय के निदेशक के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमें उपयुक्त मंच देकर समाज की सेवा का अवसर दिया गया है और हम यह संकल्प करते हैं कि हम अपने विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित करेंगे।

## केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति का सांगठनिक विस्तार

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के सांगठनिक विस्तार हेतु रविवार को महासमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने की।बैठक में लिए गए निर्णयानुसार स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया को मुख्य संरक्षक बनाया गया। सतबीर सिंह राजा,जीवन सिंह,सोनू नामधारी, अनील साहू,दीपक सिंघानिया,बब्लू गुप्ता,अविनाश देव,अनिल कुमार सिंह,मिथलेश सिंह,बसंत जौहरी,सत्येन्द्र तिवारी व शिव प्रसाद गुप्ता को संरक्षक बनाया गया। जबकि ललन प्रसाद सिन्हा,कल्याण वर्मा, बीएम पांडेय,नवीन तिवारी, हरिशंकर सिंह,अनील दूबे,कमल गुप्ता,महेश तिवारी, उदय शुक्ला,अजीत सिन्हा,सुमित भट्टाचार्य, सुधीर सौंडिक,प्रदीप जायसवाल, प्रभात गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, श्याम चौधरी, राजेंद्र राम, ब्रजेश शुक्ला, रुपा सिंह, रचिता शरण,किरण अग्रवाल को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं मंत्री के रुप में प्रेमशंकर गुप्ता, जितेंद्र सोनी,सतीश तिवारी,अभय वर्मा, सोनू गुप्ता, छोटू सिन्हा, पप्पू गुप्ता, सौरभ तिवारी, अभिषेक सिंह, मनीष कुमार, सुनील गुप्ता, नीरज सिंह, राजमणि प्रजापति, छोटू त्रिपाठी, सुनील ठाकुर, रंजीत कुमार, विकास दूबे, चंदन तिवारी, लीलावती देवी, रेखा गुप्ता, ज्योति अग्रवाल व रुबी सिंह का मनोनयन किया गया। संगठन मंत्री के रुप में संजय पासवान, राजकुमार वर्मन, अमिताभ मिश्रा, शैलेंद्र सिंह,किशन माखड़िया, मनीष भिवानियां, विजय कुमार एवं राहुल सोनी का मनोनयन किया गया। जबकि संजय राज व सोमेश सिंह को मिडिया प्रभारी व धीरज मिश्रा, संजीत तिवारी, गुड्डु वर्मन एवं रंजीत चंद्रवंशी को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया बैठक में नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया।

## वर्कशॉप से फोटोग्राफरों को काफी लाभ होगा : एसपी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू फोटो एसोसिएशन और झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के द्वारा रविवार को जेलहाता स्थित होटल शांति पैलेस में फोटो-वीडियो के वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य है कि पलामू के फोटोग्राफरों को नयी तकनीकों के द्वारा फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी सीखाया जा सके। इस मौके पर मुख्य अतिथि पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा मौजूद थे। साथ ही रांची से आये झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के पदाधिकारी भी शामिल हुए। एसपी चंदन कुमार सिन्हा के फोटोग्राफरों से बात की उन्होंने फोटोग्राफी के टिप्स दिये। उन्होंने कहा आज के दौर में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के नए-नये तरीके बाजार में आ गए हैं जैसे सिनेमैटोग्राफी, शादी के मोंटाज विल्लस, फोटो बुक आदि। इस वर्कशॉप के द्वारा पलामू के फोटोग्राफरों को बहुत ही लाभ मिलेगा। वर्कशॉप में निकोने कंपनी से आए मेंटर जय कुमार के द्वारा पलामू के फोटोग्राफर्स की क्लास ली गई। वर्कशॉप में रांची से मॉडल को भी बुलाया गया जिसमे दूल्हा-दुल्हल शामिल थे।

## समाजसेवी गुरु पांडेय का किया अभिनंदन



**पलामू (आजाद सिपाही)।** शनिवार को देर शाम युवा वाहिनी का एक प्रतिनिधि मंडल श्री पांडेय के ग्राम काराकाट बंदुआ स्थित आवास पर पहुंचा और श्री पांडेय को शॉल ओढाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। बताते चलें की श्री पांडेय के द्वारा पलामू के विभिन्न क्षेत्रों में अभी तक दो दर्जन से ऊपर मंदिरों का गुंबद का निर्माण कराया जा चूका है। वहीं अयोध्या में हो रहे मंदिर निर्माण में (11,00000)ग्यारह लाख रुपये की राशि दानस्वरुप दी गई है। साथ ही साथ जिस समय पूरा देश कोरोना से जूझ रहा था ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं मिल रहे थे तो श्री पांडेय ने अथक प्रयास कर के कोलकाता से (11)ग्यारह आक्सीजन सिलेंडर एवं (11)रेगुलेटर परशुराम सेना के माध्यम से समाज को समर्पित किया था। सदस्यों ने कहा कि श्री पाण्डेय सदैव युवा वाहिनी का मार्गदर्शन करते हैं और युवा वाहिनी के आयोजन में सबसे अहम योगदान दिया करते हैं। युवा वाहिनी के सदस्यों ने युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय के लिए जगह उपलब्ध कराने के लिए श्री पांडेय की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस दौरान श्री पांडेय ने बताया कि राजनीति से परे जाकर भी समाज की सेवा की जा सकती है और मेरा परम लक्ष्य समाज सेवा है। उन्होंने समाजिक कार्य में युवा वाहिनी को सदैव मार्गदर्शित करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधि मंडल में नवीन तिवारी,संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी),विकास दुबे,चंदन तिवारी, संजीत तिवारी, रवि ओझा, गुडडू तिवारी एवं लल्लू पांडेय सहित कई सदस्य शामिल थे।

## शिव के संदेश को औषधि के रूप में तीन सूत्र बना कर हरिंद्रानंद साहब जन जन तक लाभार्थ पहुंचाये : अविनाश देव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शिव शिष्य के संस्थापक करोड़ो शिव शिष्य परिवार के अभीभावक हरिंद्रानंद साहब की मौत आज 04 सितंबर रविवार को भोर में तीन बजे अपने रांची धुर्वा पुराना विधानसभा के पास आवास में हो गया। 31 अक्टूबर 1948 बिहार सिवान में जन्मे बड़े साहब जीवन में आर्थिक तंगी को झेलते सरकार के प्रशानिक सेवा से कैरियर की शुरूआत कर अध्यात्म के दुनियां में शिव को गुरु बनाये और जन जन तक शिव के संदेश को पहुंचायें। जीवन की एक घटना मानव को महामानव बना देता है। साहब जब बीडीओ के रूप में सेवा प्रदान कर रहे थे तो बहुत ही करीब से गरीब, गुरबों,शोषित बंचित के करुण क्रंदन से रु ब रु हुए। जब दिनभर के थके हारे शाम में आवास पर आराम करते तब इन सर्वहारा वंचित वर्ग के मुस्कुराहट के बारे में चिंतन करते तो बार बार शिव की ओर ध्यान जाता तब शिवपुराण का वह बात याद आता जब समंदर से जहर निकला था और धरती के जीव को बचाने के जुगत में देवता त्राहिमाम कर रहे थे तो देवताओं के कहने पर विषपान किये। माता पार्वती के सामने सुहाग का संकट मौत बन कर लहराने लगा तब पार्वती जी के आग्रह पर दूसरा संकट शिव के सामने खड़ा हो गया तब उस जहर को अपने हलख में ही सूखा दिये। इस तरह से दोनों धर्म की बहुत ही सलीके से हिफाजत कर विश्व को बेहतरीन संदेश दिये तब से देवों के देव महादेव हुए। शिव के इसी संदेश को औषधि के रूप में तीन सूत्र बना कर हरिंद्रानन्द साहब जन जन तक लाभार्थ पहुंचाये। आज विश्व के अधिकतम मुल्कों में शिवचर्चा हो रहा है। अकेला हरिन्द्रानंद साहब ने विश्व को शिवमय कर गरीबों के सर्व सुलभ देवता बना दिये। आज हरिंद्रानंद साहब की शवयात्रा निकलेगी। नम आंखों से शिव शिष्य अंतिम विदाई देंगे। माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि आज हम पलामूवासी स्थानीय जोड़ गांव में शिवचर्चा सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर बड़े भ्राता दिवंगत आत्मा हरिन्द्रानंद साहब के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किये। गोकुलानंद तिवारी के अगुआई में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ हर हर भोला के गुरु भजन से डाल्टेनगंज सिविल कोर्ट के एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी ने श्रद्धाजंलि अर्पित किये। इस मौके पर युवा भोजपुरी सम्राट गायक रोहित कुमार,राधेश्याम सोनी,प्रभावती देवी,जयंती पांडेय,सोनम, सविता, प्रतिमा, सुषमा, कौशल्या, आकांक्षा, रौशन कुमार, पंकज पांडेय,सचिन पांडेय सहित सैकड़ों गुरुभाई बहन अपने चहेते शिवशिष्य के मुखिया को गमगीन किंतु संभले स्वर से श्रद्धांजलि अर्पित किये। अब वह आवाज वह खनक वह चर्चा वह वाणी वह मिठास नहीं देख पाएंगे। शायद हजारों साल तक ऐसा सूर्य फिर नहीं उदय हो पाए, एक युग का अंत हो गया। साहब को अभी और रहना चाहिए था। क्योंकि देश व समाज के जो मौजूदा हालात है उसमें कल से भी ज्यादा प्रासंगिक आज हैं।

## पुलिस ने दो मोटर साइकिल चोर को पकड़ा, भेजा जेल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** मोटर साइकिल चोरी के मामले में पीपरा पुलिस ने रविवार को दो चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए पीपरा थाना प्रभारी सूरज चैल ने बताया कि रात्रि क्षेत्र भ्रमण एवं गस्ती के दौरान पोल्दा मोड़ स्थित दो युवक को काला रंग स्प्लेंडर मोटर साइकिल जेएच03एम-1297 को धकेलते हुए जाते हुए देखा गया। वहीं पुलिस को आता देख युवकों ने मोटर साइकिल को छोड़ कर भागने लगे। संदेह होने पर दोनों को दौड़ा कर पकड़ा गया और पूछ-ताछ करने पर पता चला कि 2 सितंबर को हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ढाब से चोरी कर विक्री करने के लिए ले जा रहे थे। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त पीपरा थाना क्षेत्र के दलपतपुर गांव निवासी विक्रम सिंह के 19 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र कुमार पटेल एवं उसी गांव के निवासी प्रमोद राम के 18 वर्षीय पुत्र मनु कुमार राम है।

## शोभा मिश्रा को बिहार सरकार करेगी सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू के हुसैनाबाद की बेटी को बिहार राज्य में राजकीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा जायेगा। यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। बिहार के सिवान प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज पचरुखी की शिक्षिका शोभा मिश्रा को बिहार राज्य में राजकीय शिक्षक सम्मान समारोह 2022 के लिए चयनित किया गया है। यह चयन उनके शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए किया गया है। उन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में अंगवस्त्र, मोमेंटो, नकद राशि व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जायेगा। इस सूचना पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। जानकारी के अनुसार डॉ0 शोभा मिश्रा मूलरूप से हुसैनाबाद प्रखंड के कठौंधा गांव निवासी कृष्ण कुमार पाठक की पुत्री एवं बक्सी उच्च बिद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षक शिवकुमार पाठक की भतीजी है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा हुसैनाबाद कन्या मध्य विद्यालय से हुई है। बिहार में 2009 से पोस्टिंग के बाद से ही शिक्षा के क्षेत्र में लगन व उत्साह के साथ शिक्षण प्रकिया को प्रयोगात्मक तत्थों के साथ वर्ग संचालन की हुनर प्राप्त है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में अबतक कई तरह के प्रशिक्षणों के माध्यम से एक हजार से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित कर चुकी हैं। साथ ही डीडी बिहार पर मेरा दूरदर्शन मेरा विद्यालय के तहत भी विडियो का प्रसारण भी होता है। वही नवाचार के तहत मधुबनी में भी लाइफ स्किल का ट्रेनिंग दे चुकी हूं। उन्होंने बताया की बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के साथ मिलकर अंग्रेजी का इ-कंटेंट भी बनाया हूं। इनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोग व शिक्षक समाज गौरवान्वित होते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालो में मुख्यरूप से कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार सिंह, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कृष्ण कांत दुबे, अभिषेक पाठक, अविनाश कुमार, अजाप्टा के अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, उदय प्रताप सिंह, राजेश प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार, गिरवर राम, प्रेम प्रकाश सिंह, आमोद प्रकाश, संतोष प्रसाद, सतीश सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, अंगद किशोर आदि का नाम शामिल है।

## शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-22

# शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में चार सितंबर रविवार को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2022 के चौथे दिन का विधिवत उद्घाटन मैच रिमझिम क्लब बांसजाड़ी और तूफान क्लब टांगरबसली के बीच खेला गया। इसमें बांसजाड़ी ने टांगरबसली को 1-0 से हराकर अगले राउंड मं प्रवेश किया। इससे पहले सभी अतिथियों ने शहीद एतवा उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उसके बाद मुख्य अतिथि मजदूर नेता ललित ओझा, बंझिला मुखिया पंचायत प्रतिनिधि मुकेश खलखो, माचो सिटी के जुल्फान अंसारी, आनंद केवट, मो. रफीक, मो. रकीब आदि ने खिलाड़ियों से परिचय कर उनका हौसला बढ़ाया। उसके बाद ललित ओझा ने फुटबॉल को किक कर मैच का उद्घाटन किया। अंतिम मैच में माचो सिटी पुंदाग, रांची ने एमएससी कनभीठा को 2-0 गोल से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं एसएस चांदनी चौक और जूनियर डायमंड क्लब धुधरी की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। शनिवार को सुपर किंग लोयो और दी रायल स्टॉर क्लब कानीजाड़ी का मैच अत्यधिक बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया था। यह पांच सितंबर को सुबह नौ बजे से होगा। जीतनेवाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। साथ ही पांच सितंबर को दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच भी होंगे। फाइनल मैच का उद्घाटन दिन के दो बजे होगा व उसके बाद विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इससे पहले रविवार को माचो सिटी पुंदाग की टीम वॉक ओवर में अगले राउंड में प्रवेश की। एमएससी कनभीठा ने आबिद टीम टांगरबसली को 1-0, मांडर कॉलेज, मांडर ने युवा विकास क्लब बुढ़ाखुखरा को 1-0 दूसरे राउंड में प्रवेश किया। वहीं माचो सिटी पुंदाग रांची ने एमएससी कनभीठा को 1-0 और रिमझिम क्लब बांसजाड़ी ने मांडर कॉलेज, मांडर को 1-0 गोल से पराजित कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के सफल संचालन में मो. साकिब, मुन्ना खान, मो. इमरान अंसारी, आयता खलखो, मुकेश खलखो, गयामुद्दीन अंसारी, मो. रशीद, हुसने कुजूर, कुलदीप केवट सहित गांव के कई गणमान्य लोग शामिल हैं।

### इनकी रहेगी मौजूदगी

मौके पर मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक, मांडर विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि बंधु तिर्की, पूर्व मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड प्रदेश कांग्रेस, विशिष्ट अतिथि नौशाद आलम, ग्रामीण एसपी, रांची, अनिमेष नैथानी, आरक्षी उपाधीक्षक,खलारी, विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर मांडर, विशिष्ट अतिथि विनय यादव, मांडर थाना प्रभारी, विशिष्ट अतिथि विवेकानंद दुबे, चान्हो थाना प्रभारी के अलावा क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।
















आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# मुराईडीह कोलडंप के लोडिंग प्वाइंट पर वर्चस्व को लेकर खूनी संघर्ष, जमकर चले लाठी-डंडे व गोलियां, दो घायल








मुराईडीह कोल डंप में संघर्ष के दौरान ईंट-पत्थर व गोलीबारी में घायल विधायक ढुल्लू महतो समर्थक। एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करते दोनों गुट। खूनी संघर्ष में शामिल लोगों को अलग-अलग करने की कोशिश करते पुलिस के जवान। संघर्ष में घायल व्यक्ति।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कतरास।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र का मुराईडीह कोल डंप रविवार को वर्चस्व की लड़ाई को लेकर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। कोयला लोडिंग को लेकर सिंडिकेट समर्थक व विरोधी गुट आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से जमकर मारपीट, पत्थरबाजी, लाठी डंडे चले। कथित रूप से छह चक्र से अधिक गोलियां भी चलीं। जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जबकि अन्य को हल्की चोट लगी है। घटना से कांटा घर के समीप भगदड़ मच गई थी। घटना में विधायक ढुल्लू महतो के समर्थक अजय महतो और दूसरे पक्ष के दीपक चौहान को गंभीर चोट लगी है। वहीं, पत्थरबाजी के दौरान कांटा घर के समीप खड़ा एक ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी सूचना पाकर बरोरा थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाघमारा, मधुबन पुलिस के अलावा सैट के जवान भी मौके पर पहुंच गए। फिलहाल कोल डंप में स्थिति नियंत्रण में है। उधर, मारपीट की घटना के बाद कोलियरी प्रबंधन ने अगले आदेश तक रोड सेल बंद कर दिया है। वहीं, घटना के बाद विरोधी गुट थाना पहुंच विधायक समर्थकों के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग किया। वहीं दोनों पक्षों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। जिसे देख पुलिस सतर्क है।

## जानबूझकर फैलायी अशांति : अजय

घायल सिंडिकेट समर्थक सह विधायक ढुल्लू महतो के करीबी अजय महतो ने आरोप लगाया कि कन्हाई चौहान के नेतृत्व में दर्जनों समाजविरोधी तत्वों ने अचानक हरवे हथियार के साथ कांटा घर के समीप पहुंच कर फायरिंग व पत्थरबाजी करते हुए मजदूरों के साथ मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने को आगे आने पर उनके साथ भी मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया गया। अजय ने कहा कि मजदूरों ने बताया कि सभी डीओ होल्डर आरओएम कोयला का उठाव करें। जबकि डीओ होल्डर कन्हाई चौहान और उसके समर्थक मजदूरों की मांग के विरुद्ध कार्य करते हुए रविवार को कोलियरी का उत्पादन ही बंद कर दिये। उन्होंने पुलिस से असमाजिक तत्वों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## प्रशासन की लापरवाही से घटी घटना : कन्हाई

वहीं, डीओ होल्डर कन्हाई चौहान ने आरोप लगाया कि विधायक ढुल्लू महतो के इशारे पर उनके समर्थकों द्वारा गोलियां चलाई गई। पत्थरबाजी कर कोलियरी को अशांत किया गया। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर भी आरोप लगाया कि दो दिन से उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति की जानकारी होने के बावजूद बरोरा पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बरोरा पुलिस पहले से सतर्कता बरतते हुए कोलडंप पर पुलिस और सीआईएसएफ के जवान तैनात करती तो शायद यह घटना नहीं होती। पुलिस ने एक पक्ष को वार्ता के लिए थाने बुलाया। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों से कांटा घर के समीप गोलीबारी करवा दिया। जिसमें डीओ होल्डर दीपक चौहान की विधायक समर्थकों द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई। समाचार लिखे जाने तक घायलों से पुलिस लिखित शिकायत ले रही थी।

## अस्पताल प्रबंधन ने बुलायी पुलिस

उधर, दोनों पक्ष के घायल लोगों को देखने के लिए उनके समर्थक कतरास के संजीवनी अस्पताल पहुंचे थे। पर वहां भी शांत रहने के बजाय एक दूसरे से अस्पताल परिसर में ही उलठ गए। इससे वहां अफरा-तफरी जैसा माहौल पैदा हो गया। यह देख अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत कतरास पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही कतरास पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को अपने नियंत्रण में किया। हालांकि पुलिस के सामने ही दोनों पक्ष एक-दूसरे को देख लेने की धमकियां देता रहा और पुलिस समझाती रही।

## आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर भाजपाइयों ने झरिया में फूंका कांग्रेस नेता का पुतला



धनबाद (आजाद सिपाही)। दुमका में 16 वर्षीय किशोरी को जिंदा जलाकर हत्या किए जाने के मामले में देशभर में आक्रोश है। वहीं कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मुख्तार खान दारा वाट्सअप ग्रुप में कथित हत्यारे युवक और युवती को लेकर आपत्तिजनक एडिटेड फोटो डालने को लेकर झरिया के भाजपाईयों में आक्रोश है। रविवार को कार्यकर्ताओं ने झरिया के कतरास मोड़ स्थित सूर्यदेव चौक पर मुख्तार खान का पुतला दहन कर विरोध जताया। भाजपा धनबाद महानगर जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव ने घटना की तीव्र निंदा की। कहा कि कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो डाल मृत युवती को बदनाम करने का प्रयास किया है। इससे सामाज आहत हुआ है। वहीं आपसी सद्भाव खराब होने की भी संभावना है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में डाले गए फोटो के एक ग्रुप में झरिया विधायक भी एडमीन है। साथ ही कई और कांग्रेसी नेता भी जुड़े है। पर उनके द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं आना, उनकी सहमती को दर्शाता है। अभी तक उक्त आपत्तिजनक पोस्ट को उन ग्रुपो से नहीं हटाया जाना मुख्तार खान एवं कांग्रेसियों की मंसूबो को समझने के लिये काफी है। कहा की उक्त मामले पर भाजपा जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग करता है। इस मौके पर उमेश यादव, संतोष शर्मा, अभिषेक पांडेय, राजाराम पासवान, दिलीप भारती, अरिंदम बनर्जी, रघु राम, विजय चन्द्रवंशी, राहुल सिंह, छोटू सिंह, राहुल सोनी, पिंकू चौबे, शुभम गुप्ता, रवि आजाद, प्रीतम रवानी, कुंदन साव रोहित विद, प्रेम नोनिया, बबलू भगत आदी थे।

## सीकेडब्ल्यू साइडिंग में संयुक्त मोर्चा की सभा कर नेताओं ने बीसीसीएल प्रबंधन पर लगाया आरोप



झरिया (आजाद सिपाही)। सीकेडब्ल्यू साइडिंग के 246 मजदूरों के रोजगार को लेकर रविवार को कुइयां लोडिंग पॉइंट पर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले एक सभा का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व विधायक सह जेबीसीसीआई सदस्य अरूप चटर्जी, भाजपा नेत्री सह जनता मजदूर संघ की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह, सुरेश गुप्ता, बिंदा पासवान, पहलाद महतो आदि शामिल थे। इस दौरान राहिनी सिंह ने कहा कि संयुक्त मोर्चा के सभी सम्मानित नेताओं द्वारा लगातार दो महीने से मजदूरों की हक की लड़ाई लड़ी जा रही है। बीसीसीएल प्रबंधन से लगातार बैठक की गई। वार्ता में प्रबंधन द्वारा सकारात्मक आश्वासन भी दिया गया लेकिन अब प्रबंधन ने मामले को टाल मटोल करना शुरू कर दिया है। मजदूरों के सामने भूखमरी की स्थिति बन गई है। प्रबंधन द्वारा उनका पूर्व के वेतन का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस तरह के प्रबंधन की मनमानी को अब हम चलने नहीं देंगें। अगर प्रबंधन से हमारी आगे की वार्ता सफल होती है तो ठीक है। अन्यथा आंदोलन होगा। वहीं मासस नेता सह पूर्व निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि सीएमडी के साथ हुई जेबीसीआई की बैठक में वार्ता में दो-तीन दिनों का समय मांगा गया है। यदि शुक्रवार तक प्रबंधन इस पर कोई निर्णय मजदूर हक में नहीं लाता है तो हम अपनी रणनीति के अनुसार एरिया नौ और एरिया 10 का चक्का जाम करेंगे। इस मौके पर सुरेश कुमार गुप्ता, बिंदा पासवान, संजय यादव, राजाराम पासवान, रविकांत पासवान, राजेंद्र पासवान, उमेश यादव, अभिषेक पांडे, शिव कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, रुद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

## सरकारी महकमों की उदासीनता से परेशान जिप सदस्य ने फूंका आंदोलन का बिगुल



महुदा (आजाद सिपाही)। महुदा के लोहापट्टी अंतर्गत जर्जर एनएच 32 के निर्माण को लेकर जिला परिषद सदस्य आशा देवी ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। छह सितंबर को धरणे की घोषणा की है। इसकी जानकारी उन्होंने लोहापट्टी स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि धनबाद एवं बोकारो जिला से लोहापट्टी मोड़ होते दुग्धा-चन्द्रपुरा सड़क बीते कई वर्षों से जर्जर हो चुकी है। तमाम सड़कों के बीच बड़े-बड़े दर्जनों बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके है। ऐसी स्थिती उत्पन्न हो चुकी है कि आये दिन उक्त सड़क पर दुर्घटनाये हो रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जर्जर सड़क की मरम्मति व निर्माण को लेकर ग्रामीण पिछले दो वर्षों से सभी जन प्रतिनिधियों से लेकर सरकारी महकमों को लिखित आवेदन देते रहे पर कहीं से किसी प्रकार की पहल होती नहीं दिखी। निराश होकर ग्रामिणों के साथ आगामी छह सितंबर को लोहापट्टी मोड़ समीप अंदोलन पर बैठने का निर्णय लिया है। उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों व आम लोगों से सहयोग करने की अपील की है।

### शराब पिलाकर कुएं में धकेलने का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

# युवक की संदिग्ध मौत, कुएं से शव बरामद, हत्या की आशंका

**घटनास्थल से कुछ दूर पर मिले गलास व शराब की टूटी बोतल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



मौके पर मौजूद स्थानीय लोग व पुलिस के जवान।

**सिंदरी।** बलियापुर थाना क्षेत्र के बेलगड़िया स्थित जंगल के कुएं से रविवार को एक युवक का तैरता हुआ शव पाया गया। उसकी पहचान सुरूंगा दास टोला निवासी नेपाल दास के बड़े बेटे मिंटू दास (26) के रूप में हुई है। उदर, शव पाए जाने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना तुरंत बलियापुर पुलिस को दी। साथ ही आशंका जताई कि युवक को अधिक मात्रा में शराब पिलाई पिलाने के बाद हत्या कर कुएं में फेंक दिया गया। मृतक के सिर पर चोट के निशान भी मिले हैं। वहीं, कुएं से कुछ दूरी पर प्लास्टिक के गिलास, पानी व शराब की टूटी बोतल भी बरामद हुई है। उधर खबर पाकर बलियापुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लोगों के सहयोग से शव को कुएं से बाहर निकाला। उसका पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। वहीं, मृतक के पिता ने बताया कि शुक्रवार को अपराह्न तीन बजे किसी ने फोन कर मिंटू को शराब पिलाने की बात कही। उसने कहा कि उसके पास बाइक नहीं है, तुम कुसमाटांड़ मोड़ आ जाओ फिर वह कुसमाटांड़ मोड चला गया। उसके बाद वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चला। मिंटू ने अपनी बाइक 24 हजार रुपये में बेच दी था। पूरा पैसा भी उसी के ही पास था। पिता का आरोप है कि बेटे की हत्या की गई है। दोषी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वहीं, एसआई राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## गोमिया सीओ ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गोमिया।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में रविवार को सीओ संदीप अनुराग टोपनो ने जाति प्रमाण पत्र को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, एवं संकुल साधन सेवी समेत झार सेवा युक्त भीएलइयों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से 12 तक अध्ययनरत छात्रों के जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर चल रहें अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयवार अब तक प्राप्त आवेदन विधालय से मैपिंग प्रज्ञा केंद्र व वीएलइ से जाति प्रमाण पत्र प्रतिवेदन की जानकारी संकुल साधन सेवी से प्राप्त की। समीक्षा के क्रम में कुछ विद्यालयों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा. जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित सीआरपी व बीआरपी को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नंदलाल महतो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी स्वपन कुमार दास, आदेशपाल गौरीशंकर प्रजापति, सुभाष कुमार, नरकंडी आशिष कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए मंच का योगदान सराहनीय : दयामय

# संस्कृति ही झारखंड की विरासत : राजेश महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बोकारो।** बृहद झारखंड कला सांस्कृतिक मंच की ओर से डहरे करम बेड़हा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें 1500 टीम करम जावा टीम के साथ 500 मांदर, ढोल, नगाढ़ा के साथ लोग शामिल हुए। रैली में करीब 20 हजार लोग शामिल हुए, जो आईटीआई मोड़ चास से नयामोड़ के बिरसा चौक पहुंच भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ संपन्न हुआ। करम के गीत, मांदर की थाप और नगाड़े की आवाज से पूरा शहर गूंज उठा। मंच के संयोजक जिप सदस्य राजेश महतो ने कहा कि करम परब झारखंड की समृद्धिशाली सांस्कृतिक त्योहार है। इस सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए संरक्षण और संवर्धन के लिए मंच सराहनीय प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर मंच ने झारखंड के मूलवासी आदिवासी ने सांस्कृतिक जीवन में सामूहिक रूप से जीवन शैली का विकास किया है जिसमें सबकी सहभागिता प्रमुख मानी जाती है। इस संस्कृति में आखड़ा की परिपाटी रही है जहां झारखंड के लोग ढोल, नगाड़ों और मांदर की थाप पर थिरककर अपनी मां, माटी, मानुष और मातृभाषा के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं। लेकिन इसबार मंच नें इसे एक नयापन के साथ सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। भाषा आंदोलन की सफलता के बाद सांस्कृतिक के आंदोलन के रूप में यह काफी सफल रहा। आयोजकों ने लोगों का आभार प्रकट किया। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड का सांस्कृतिक पर्व करम जावा भाई-बहन के अटूट प्रेम को दर्शाता है। सावन के महीने में मूसलाधार फुहारों में खेतों में खेती करके लहलहाते फसलों को देखकर खुश होती है और बहनें अपने भाइयों की सलामती, लंबी उम्र की कामना करते हुए करम पर्व मनाती है। बृहद झारखंड कला सांस्कृतिक मंच का यह संकल्प है कि सांस्कृतिक जागरण का मशाल जलाया जो जलती रहेगी । इस कार्यक्रम में पूरे बोकारो में सांस्कृतिक लहर उत्पन्न किया है। इस अवसर पर मुख्य संयोजक राजेश महतो, दयामय महतो, मोतीलाल महतो, भीमसेन महतो, सुबल महतो, सचिन महतो, हरेकिसन हिंदोयार, दीपक पुनोरियार, मनोज महतो, सरोज महतो, भुतेश्वर महतो, पार्वती चरण महतो, देवीलाल महतो, संकेत महतो, निमाई महतो डॉ प्रकाश सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हेमंत सरकार में झारखंड की महिलाएं असुरक्षित : सरयू राय



ललपनिया (आजाद सिपाही)। पांच दिवसीय श्री-श्री गणेश महोत्सव के पावन अवसर पर गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत साड़म संतोषी मंदिर स्थित मैदान में जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरजू राय पहुंचे। वहीं गणेश जी के समक्ष माथा टेक आशीर्वाद लिया। सरयू राय को पूर्व विधायक माधव लाल सिंह ने बुके देकर स्वागत किया। बेरमो एसडीपीओ सतीश चंद्र झा एवं पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार भी वहां मौजूद रहे। इस मौके पर सरयू राय ने सरकार पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि राज्य की वर्तमान महागठबंधन सरकार की नीति और नियति में जो अंतर है अब वह सब उभर कर सामने आ रहा है। हेमंत सरकार में राज्य की महिलाएं सुरक्षित नहीं है। बीते दिनों हुई घटना किसी से छिपी नहीं है। इस मौके पर जिप सदस्य आकाश लाल सिंह, अनंत कुमार, केदार पंडा, संजित कुमार सहाय और सनत आदि उपस्थित थे।

### अरूप चटर्जी ने किया मासस कार्यालय का उद्घाटन




चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। चिरकुंडा तीन नंबर चढ़ाई पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने मासस कार्यालय का उद्घाटन किया। इससे पूर्व मासस कार्यकताओं द्वारा चिरकुंडा शहीद चौक पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी का स्वागत किया। वहीं पूर्व विधायक एवं मासस कार्यकर्ताओं ने शहीद चौक स्थित शहीदों की बेदी पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद मासस कार्यकर्ता अरूप चटर्जी को जुलूस के साथ मासस कार्यालय तक लेकर गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, जिला परिषद सदस्य बादल बाउरी, मासस नेता संतु चटर्जी, बरूण दे, कल्याण राय आदि ने अपने-अपने विचार रखे। पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि बहुत दिनों से यहां के लोगों की यह मांग थी कि यहां एक कार्यालय होना चाहिए। फिलहाल यहां एक अस्थाई कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। बहुत जल्द ही स्थाई कार्यालय भी खोला जाएगा। अरूप चटर्जी ने कहा कि वह सप्ताह में दो दिन इस कार्यालय में समय देंगे। इस दौरान वहां के लोगों की जो भी समस्याएं हैं वह उन समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बादल बाउरी, संतु चटर्जी, बरूण दे, दीनानाथ रविदास, कल्याण राय, इश्तियाक अंसारी, राजू अंसारी, झंटू कांजीलाल, अमरेश चक्रवर्ती, रामजी यादव, रोशन मिश्रा, मो खुर्शीद, मोतीलाल खत्री आदि उपस्थित थे।

### तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ ने समारोह आयोजित कर किया सम्मानित



चास (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय तैलिक-साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ बोकारो की ओर से रविवार को चास में जिला अध्यक्ष कार्तिक गोराई के अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजन किया किया। जिसमें समाज के शिक्षक, नवनिर्वाचित विभिन्न जिला परिषद्, मुखिया, पंचायत समिति, वार्ड सदस्या, विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में सफल प्रतिभागी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि अखिल भारतीय तैलिक-साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू, बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनिता देवी, पिछड़ा वर्ग आयोग झारखंड सरकार के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद , जिप सदस्य महेंद्र प्रसाद, सुनिता कुमारी, धनंजय कुमार, सरिता देवी, पूर्व प्रमुख चंद्रपुरा अनिता गुप्ता उपस्थित थीं। सभी ने एक स्वर में तेली घानी बोर्ड के घटन की मांग की। साथ ही समाज को एक जुट कर समाज के सभी संगठन को एक करने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया। वहीं, राजेंद्र प्रसाद के कहा पिछड़ा वर्ग पूरे समाज का स्तंभ होता है हमकों अपने शक्ति को पहचाने की जरूरत है।

### नगाड़ों के साथ जुलूस निकाल दी भगवान गणेश को विदाई



धनबाद (आजाद सिपाही)। मनईटांड़ बैंक कालोनी स्थित हरि मंदिर में श्रीश्री गणेश पूजा समिति द्वारा आयोजित चार दिवसीय गणपति उत्सव का रविवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन हुआ। भगवान गणेश को 251 केजी लड्डू चढ़ाया गया। समिति के कोषाध्यक्ष रवि सोनी ने बताया कि इस बार गणेश पूजा धूमधाम से आयोजित की गई। इसमें समिति के सदस्यों के अलावा आसपास के लोगों का भरपूर सहयोग रहा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# सम अस्पताल में इराकी मरीज का सफल इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सम अस्पताल में इराक के एक 65 वर्षीय मरीज का सफलता पूर्वक इलाज किया गया। वह सेंट्रल स्कल बेस्ट ऑस्टियो माइलाइटिस से पीड़ित होकर इराक से ओडिशा के सम अस्पताल आया था। सम अल्टीमेट अस्पताल में उनकी सफल सर्जरी के बाद अब वे पूरी तरह से ठीक है। इराक के अब्दुल खालिद इमरान पिछले कुछ महीनों से कान से पानी बहने और सिर दर्द की शिकायत कर रहे थे। हालांकि इस बीमारी की जानकारी इराक में थी, लेकिन इसका इलाज संभव नहीं था। बाद में इसके प्रभाव से उनका चेहरा टेढ़ा हो गया और उन्हें सोने में मुश्किल हो रहा था। बाद में सम अस्पताल में इलाज और सर्जरी की जानकारी होने के बाद अब्दुल अपने परिवार के साथ ओडिशा आ गया। सम अल्टीमेट इएनटी स्कल बेस सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ राधामाधव साहू की देखरेख में नयी तकनीक से ढाई घंटे तक सर्जरी की गयी। ऑपरेशन एडभांस एंडोस्कोपी और माइक्रोस्कोपी द्वारा किया गया था।

हालांकि, 65 साल की उम्र और डायबिटीज के चलते डॉक्टरों के लिए यह एक चुनौती थी। हालांकि मेडिकल टीम ने सफल रही और शनिवार को 6 दिन बाद उन्हें अस्पताल से घर जाने की इजाजत दे दी गयी। अब युग के परिवर्तन के साथ हमारा ओडिशा बदल गया है। यहां तक कि ओडिशा में भी बेहतर गुणवत्तापूर्ण उपचार, नये ज्ञान और तकनीकों का उपयोग कठिन से कठिन बीमारियों और सर्जरी को ठीक करने के लिए किया जा रहा है। डॉक्टर राधामाधव साहू ने कहा कि अब विदेशी मरीज ओडिशा आ रहे हैं और ठीक हो रहे हैं।

# ओड़िशा सीएम नवीन पटनायक को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** राजनीति और समाज सेवा के लिए खुद को समर्पित करने वाले ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को रविवार को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन्ना ने दिल्ली में कैपिटल फाउंडेशन सोसाइटी की ओर से मुख्यमंत्री को इस सम्मान से सम्मानित किया।

हालांकि नवीन पटनायक 25 वर्षों से दृढ़ संकल्प और ईमानदारी के साथ लोगों के लिए काम कर रहे हैं। इस वर्ष नवीन की सार्वजनिक सेवा की रजत जयंती है। पुरस्कार समारोह में हिस्सा लेने के लिए राज्य के मंत्री, विधायक, सांसद समेत युवा और छात्र नेता दिल्ली पहुंचे। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने के बाद, दिल्ली में हजारों प्रवासियों और बीजेडी नेताओं ने उत्सव की तैयारी की है। 6 तारीख को जब मुख्यमंत्री भुवनेश्वर लौटंगे, तो बीजेडी ने उनके भव्य स्वागत की योजना की है। पार्टी ने हजारों कार्यकताओं के साथ पारंपरिक संगीत और नृत्य की प्रस्तुति के साथ मुख्यमंत्री को संबर्धना देने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। नवीन पटनायक दो दशकों के शासन में परिवर्तन के सूत्रधार हैं। नवीन पटनायक को पहले ही दो बार देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशासक और नंबर एक मुख्यमंत्री के रूप में सम्मानित किया जा चुका है।

1997 में नवीन की राजनीतिक यात्रा लोक सेवा के साथ प्रसाद पुरुष बीजू पटनायक की दायद के रूप में शुरू हुई। नवीन पटनायक ने 2000 में ओड़िशा गठन के लिए शासन संभाला। ओड़िशा के विकास में एक नया अध्याय रचा गया। नवीन पटनायक पिछले 25 वर्षों से ओड़िशा के साढ़े चार करोड़ लोगों की सेवा में अथक प्रयास कर रहे हैं। इस वर्ष नवीन की लोक सेवा की रजत जयंती है। चाहे आपदाओं से निपटना हो या साढ़े चार करोड़ ओड़िशा के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, पूरी दुनिया ओड़िशा मॉडल की प्रशंसा कर रही है।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने बच्चों के बीच किराना और खाद्य सामग्री वितरित की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/भुवनेश्वर।** स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने आदिम जाति सेवा मंडल, रांची में आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की, जो कि सितंबर 2022 के महीने में मनाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण माह के अवलोकन के तहत वंचित आदिवासी बच्चों और शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए किया गया।

महिला क्लब वितरण के माध्यम से उचित पोषण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए अपनी सीएसआर पहल के तहत खाद्य पदार्थ (चावल, दाल, वनस्पति तेल, दालें, स्वास्थ्य पेय, फल आदि) वितरित किए। क्लब के प्रत्येक सदस्य की उदारता और स्वेच्छा से योगदान ने इस आयोजन को विशेष और एक भव्य सफलता प्रदान की।

इस अवसर पर महुआ मजूमदार, अध्यक्ष स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने बच्चों के साथ बातचीत करते हुए स्वस्थ और संतुलित जीवन को बनाए रखने के लिए पोषण भोजन के महत्व को साझा किया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बच्चों से जीवन में उनके सपनों और आकांक्षाओं के बारे में पूछताछ की और उन्हें जीवन में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर महिला क्लब की उपाध्यक्ष संचिता कोनार, आदिलक्ष्मी मूर्ति, किरण दुबे एवं स्मिता विल्सन और आदिम जाति सेवा मंडल के पदाधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव एवं विकास कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे।

# प्रो रवींद्र कुमार पंडा जगन्नाथ संस्कृत विवि का नये कुलाधिपति नियुक्त



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा विश्वविद्यालय अधिनियम 1989 की धारा 6 की सेक्शन-7 में दी गयी क्षमता का प्रयोग करते हुए ओडिशा के राज्यपाल प्रो गणेश लाल ने प्रोफेसर रवींद्र कुमार पंडा को जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय का कुलाधिपति नियुक्त किया है। श्री पंडा जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय चार साल के लिए पद पर रहेगा। इसके बाद वह अगले आदेश तक कार्यभार संभालेंगे। प्रोफेसर पंडा वर्तमान में महाराजा सायाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापन का 29 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्होंने 45 किताबें लिखी हैं।

# शिक्षा का स्थान सर्वोपरि है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शिक्षक दिवस का वर्णन करते हुए बताया कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में पूरे भारत में धूमधाम से मनाया जाता है। डॉक्टर भारत रत्न राधाकृष्ण सर्वपल्ली को भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा दूसरे राष्ट्रपति के जन्मदिन के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। शुरू में डॉ राधाकृष्णन शिक्षक थे। श्री सिंह ने कहा कि समाज में शिक्षा का स्थान सर्वोपरि है। अंधकार से प्रकाश में ले जाने वाला गुरु ही है। नोबेल विजेता सत्यार्थी ने कहा है कि शिक्षा से ही उग्रवाद और आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है। भौतिकवादी युग में जिसके पास शिक्षा है, वह ही धनवान, बलवान और महान है। गतिशील समाज की पहचान ही शिक्षा है। गुरु का भगवान से भी ऊपर का स्थान निर्धारित है। संत कबीर दास के शब्दों में - गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पायं। बलिहारी गुरु अपने गोविंद दियो बताये।। तुलसीदास ने भी गुरु के बारे में कहा है कि - गुर बिनु भव निध तरइ न कोई। जौं बिरंचि संकर सम होई॥ संसय सर्प ग्रसेउ मोहि ताता। दुखद लहरि कुतर्क बहु ब्राता॥ अर्थात गुरु को दक्षिणा के रूप में अहंकार का त्याग घृणा क्रोध आदि बुराइयों का परित्याग कर अपने जीवन में अच्छाइयों का स्वागत ही सबसे बड़ी दक्षिणा है।



























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**